RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 148 | ग्वालियर बुधवार 8 जनवरी 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

# दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र का मध्यप्रदेश गौरव अवार्ड 2025 सम्मान समारोह कार्यक्रम गरिमामय पूर्ण तरीके से हुआ संपन्न

## जिस संस्थान के नाम में ही केसरिया हिंदुस्तान हो तो भाव मे क्या होगा आप समझ सकते हैं : आशीष अग्रवाल


















## पत्रकार हितों की लड़ाई अंतिम सांस तक लड़ता रहूंगा : रविंद्र सिंह पवैया

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**भोपाल**-/- दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र के द्वारा मध्य प्रदेश गौरव अवार्ड 2025 सम्मान समारोह कार्यक्रम राज भवन संग्रहालय श्यामला हिल्स में भव्य पूर्ण तरीके से आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आशीष अग्रवाल प्रदेश मीडिया प्रभारी भाजपा एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुरेंद्र गोस्वामी भागवताचार्य रामबरन शास्त्री परम पूज्य पूजनीय गुरुदेव रमाकांत दुबे सत्येंद्र भदोरिया मंच पर आसीन रहे कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रजलन के साथ शुभारंभ किया गया साथ ही अतिथियों के स्वागत बंधन किया गया कार्यक्रम के मध्य में पत्रकार हितों को लेकर विशेष मुद्दों पर चर्चा भी की गई और पत्रकारों को होने वाली समस्याओं से कैसे निपटा जाए इसके बारे में विचार विमर्श किया गया मंच से प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल के द्वारा कहा गया आज मैं देने की केसरिया हिंदुस्तान



समाचार पत्र के मध्य प्रदेश गौरव अवॉर्ड समारोह में सम्मिलित हो रहा हूं यह मेरे लिए ही बहुत ही विशेष विशेष हर्ष का विषय है क्योंकि जिस संस्थान का नाम ही केसरिया हिंदुस्तान नाम मे ही जुड़ा हो उनका भाव क्या होगा आप समझ स्कते हैं उसकी बात ही कुछ अलग होगी भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश आगे बढ़ रहे हैं विश्व पटेल पर भारत का नाम रोशन हो रहा है भारत के लोकतांत्रिक क्रम में देश का चौथा स्तंभ पत्रकार है पत्रकार साथियों के लिए हम हमेशा एक होकर कार्य करेंगे और करते रहेंगे पत्रकार एक ऐसी शख्सियत है जो बिना रुके बिना थके 24 घंटे कार्य करता रहता है उन्होंने अपने द्वारा आश्वासन भी दिलाया गया कि पत्रकारों की जो भी समस्याएं होंगी बह मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन सिंह यादव के समक्ष रखकर उनको जल्द से जल्द निराकरण करेंगे

निश्चित तौर पर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान के समूह संपादक रविंद्र सिंह पवैया के नेतृत्व में जो सम्मान समारोह आयोजन किया जा रहा है वह बहुत ही सराहनीय एवं गौरवान्वित करने वाला क्षण है।

इसी बीच दैनिक केसरीया हिंदुस्तान समाचार पत्र के समूह संपादक रविंद्र सिंह पवैया के द्वारा मंच से सभी पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा आज हमारा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र एक ऐसा समाचार पत्र उभर के सामने आया है जो खबरों के मामले में सही और सटीक जानकारी प्रकाशित करता है उसकी संस्थान के सदस्यों के द्वारा अपनी खबरों के माध्यम से न्याय दिलवाने का कार्य निरंतर जारी हैं क्षऔर हमेशा करता रहेगा जहां भी किसी कोई पत्रकार भाई को समस्या उत्पन्न होगी मैं आप सभी को भरोसा दिलाता हूं कि मैं अपने अंतिम सांस तक आप सभी पत्रकार भाइयों के साथ खड़ा रहूंगा यह मैं आपको पूर्ण रूप से विश्वास दिलाता हूं कि आपको कहीं भी कोई दिक्कत आएगी तो एक-एक सदस्य आपके द्वार पर खड़ा पाया जाएगा कार्यक्रम में बाहरसे पधारे हुए पत्रकार साथियों का सम्मान किया गया सम्मान के दौरान पत्रकारता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर जब यह सम्मान अतिथियों के द्वारा दिया गया तब वह उनके चेहरों की मुस्कान देखते ही बन रही थी कार्यक्रम का आभार प्रदेश अध्यक्ष राजू मेहरा के द्वारा कहा गया

# दिल्ली विधानसभा चुनाव- सिंगल फेज में 5 फरवरी को वोटिंग, नतीजे 8 फरवरी को

**नई दिल्ली।** दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर सिंगल फेज में 5 फरवरी को वोटिंग होगी। रिजल्ट 8 फरवरी को आएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त (ष्टश्वष्ट) राजीव कुमार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। तारीखों की घोषणा के दिन से रिजल्ट तक दिल्ली चुनाव की प्रक्रिया 33 दिन में पूरी हो जाएगी। 2015 और 2020 के मुकाबले इस बार चुनाव और रिजल्ट की घोषणा एक हफ्ते पहले हो रही है।

डेढ़ घंटे की प्रेस कॉन्फ्रेंस में ष्टश्वष्ट राजीव कुमार सिर्फ 10 मिनट दिल्ली चुनाव पर बोले। एक घंटे से ज्यादा वक्त तक उन्होंने श्वङ्करू वोटर लिस्ट में गड़बड़ी और खास वर्ग के वोटर्स का नाम हटाने जैसे विपक्ष के आरोपों का जवाब दिया।

उन्होंने कहा कि चुनाव में चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाना गलत ट्रेंड है। इससे युवा वोटर्स पर असर पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट भी श्वङ्करू पर सवाल उठाने वालों को



खारिज कर चुका है।

**दिल्ली में 1.55 करोड़ वोटर्स 33 हजार से ज्यादा पोलिंग स्टेशन पर वोट डालेंगे:** राजीव कुमार ने कहा, %आरोपों को सुनकर दुख होता है। उन्होंने बताया, %हर साल 1 जनवरी को सर्वे किया जाता है, जो अक्टूबर में शुरू होता है। ड्राफ्ट रोल की फ्री कॉपी 2-2 दी जाती है। कहा जाता है कि नए वोटर्स बनेंगे, हटेंगे। हर जानकारी आपको देंगे। हर गांव में ड्राफ्ट रोल और ऑब्जेक्शन की कॉपी दी जाती है।%

डिलीशन पर्सनल हियरिंग के बगैर नहीं हो सकता है। 2 फीसदी से ज्यादा पोलिंग बूथ पर हुआ तो अफसर खुद जाकर चेक करेंगे। जहां एक-एक वोट की लड़ाई होती है। वहां ऐसे नाम कटे तो क्या स्थिति होगी। इलेक्शन के टाइम ही ऐसे मुद्दे आते हैं। बीएलओ द्वारा एक दो नाम इधर उधर हो गए तो करेक्शन का मौका रहता है।

# मैराथन में भाग लेने के लिए ग्वालियर का हर वर्ग उत्साहित, लोगों को सहभागिता करने के लिए कर रहा प्रोत्साहित

## विभिन्न संगठनों की इस आयोजन को लेकर बैठक संपन्न

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**ग्वालियर।** आगामी रविवार 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद की 162 वी जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं संस्थाओं द्वारा व्यसन मुक्त ग्वालियर अभियान के निमित्त विशाल मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। यह मैराथन नशा मुक्त ग्वालियर अभियान की पहली कोशिश है। इस मैराथन के माध्यम से ग्वालियर के अनेक सामाजिक संगठन ग्वालियर को नशा मुक्त बनाने के लिए जन जागरण करने वाले है। मैराथन के माध्यम से युवाओं को व्यसन मुक्त दिशा देने का प्रयास कर रहे है। नशा मुक्त अभियान की मैराथन के लिए ग्वालियर जिलाधीश रुचिका चौहान, पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह यादव, राज्य सूचना आयुक्त डॉ.उमाशंकर पचौरी, पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर अरविंद सक्सैना, निगम आयुक्त ग्वालियर अमन वैष्णव, एमिटी विवि के कुलगुरू आरएस तोमर एवं जीएसटी राज्य उपायुक्त प्रणेश गुप्ता ने भी अपने संदेश के माध्यम से महानगर के आमजनों से इस मैराथन में भाग लेने की अपील की है।

मंगलवार को विवेकानंद सभागार नई सड़क में सामाजिक संगठनों, युवा संगठनों, खेल संगठनों, मातृशक्ति एवं नगर के गणमान्य नागरिकों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में दी गई जानकारी के अनुसार 5 किलो लंबी मैराथन दौड़ 12 जनवरी को प्रातः 8.30 बजे से ग्वालियर के जे.सी.मिल स्कूल मैदान से प्रारंभ होकर हजीरा, किला गेट, सेवानगर, फूलबाग होते हुए रानी लक्ष्मीबाई समाधि पर सम्पन्न होगी। इस मैराथन को लेकर समाज के सभी वर्गों में भारी उत्साह है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मैराथन में




भाग लेने के लिए अब तक 3 हजार के करीब रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। इस मैराथन के बाद भी नशा मुक्त ग्वालियर अभियान के संगोष्ठी, प्रबोधन, शिविर, नुक्कड़ नाटक आदि कार्यक्रम चलते रहेंगे। तब साल भर बाद ग्वालियर में हम सुखद परिणाम देखने को मिलेगा। कोई भी जन अभियान तभी प्रभावी होता है जब उसमें समाज की सहभागिता होती है और इस अभियान को लेकर समाज भारी उत्साहित है। हमें नशे के खिलाफ चरण बद्ध तरीके से आगे बढना है। सबसे पहले खुद को व्यसन मुक्त, फिर परिवार को व्यसन मुक्त, फिर मोहल्ला को व्यसन मुक्त और फिर ग्वालियर को व्यसन मुक्त बनाना है। जिससे ग्वालियर का व्यसन मुक्त अभियान अंतरराष्ट्रीय मॉडल के रूप में उभरे और ग्वालियर नशे की गिरफ्त से बाहर निकले। इसलिए अब समाज को नशे के खिलाफ जंग छेड़नी होगी।

### महाविद्यालयीन छात्रों में मैराथन को लेकर भारी उत्साहः-

डॉ. भागवत सहाय शासकीय महाविद्यालय ग्वालियर के प्रबंधन ने मंगलवार को अपने महाविद्यालय में नशा मुक्त ग्वालियर अभियान के द्वारा आयोजित मैराथन में छात्रों में जनजागरण के लिए बैनर लगवाए। महाविद्यालयीन छात्रों में इसको लेकर भारी उत्साह हैं।

### दिव्यांग फुटबॉल खिलाड़ी ने भी अपना रजिस्ट्रेशन मैराथन के लिए कराया :-

दिव्यांग राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी प्रमोद धनेले ने आज नशा मुक्त ग्वालियर अभियान द्वारा आयोजित मैराथन में अपना नाम रजिस्टर्ड करवाया। प्रमोद धनेले ने दिव्यांग सशक्तिकरण खेलों यात्रा के लिए 14 अप्रैल, 2023 से 3 मई, 2023 तक कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4320 किलोमीटर लंबी दिव्यांग बाइक राइडिंग अभियान को सफलतापूर्वक पूरा किया था। उन्होंने पैरा एम्पयूटी फुटबॉल में 27 फरवरी 2024 चकरी दादरी हरियाणा में नेशनल सिल्वर मेडल जीता था।

# जैन तीर्थ क्षेत्र सिहोनियां जी में पंचकल्याण महोत्सव 5 से 10 फरवरी तक

## जन्म कल्याणक के दिन हेलीकॉप्टर से होगी पुष्प वर्षा

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन

**मुरैना ।** ग्यारहवीं शताब्दी का अति प्राचीन दिगंबर जैन तीर्थ अतिशय क्षेत्र सिहोनियाँ जी में श्री मज्जिनेंद्र जिनबिम्ब पंचकल्याणक महोत्सव एवम विश्व शांति महायज्ञ 05 फरवरी से 10 फरवरी तक विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ होने जा रहा है । जैन समाज अम्बाह के अध्यक्ष एवम अतिशय क्षेत्र सिहोनिया के परम संरक्षक जिनेश जैन द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार दिगंबर जैन समाज के ख्याति प्राप्त संत अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री वसुनंदी जी महाराज ससंघ के पावन सान्निध्य में होने जा रहे श्री मज्जिनेंद्र पंचकल्याणक महोत्सव में कमल मंदिर, पंच मानस्तंभ, श्री चंद्रप्रभु जिनालय सहित 31 फुट की उतंग भगवान शांतिनाथ की प्राण प्रतिष्ठा होगी इस महोत्सव को संपन्न कराने हेतु पूज्य आचार्यश्री वसुनंदी जी महाराज का अपने 26 शिष्यों के



साथ जैन तीर्थ सिहोनिया जी में आगमन होगा । संभावना व्यक्त की जा रही है कि पूज्य गुरुदेव का 02 या 03 फरवरी को क्षेत्र पर भव्य मंगल आगमन हो सकता है । इस आयोजन की विशालता एवम भव्यता को देखते हुए अलग से आयोजन समिति का गठन किया गया है । जिसमें मुख्य संयोजक धन्नालाल जैन निर्माण विहार दिल्ली, अध्यक्ष रूपेश जैन मेघा फरूट्स दिल्ली, महामंत्री सुनील जैन मोना जनरेटर दिल्ली एवम कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश जैन दिल्ली को बनाया गया है । अन्य सभी व्यवस्थाओं के लिए संयोजक मनोनीत किए गए हैं ।श्री मज्जिनेंद्र जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में तीर्थंकरों के पांच कल्याणकों गर्भ, जन्म, ज्ञान, तप एवम मोक्ष कल्याणक के संस्कार किए जाते हैं । अंतिम दिन पूज्य दिगम्बराचार्यो द्वारा पाषाण एवम अष्टधातु की जिन प्रतिमाओं को सूर्य मंत्र देकर प्राण प्रतिष्ठा की जाती है । महोत्सव की सभी क्रियाएं प्रतिष्ठाचार्य मनोज जैन शास्त्री अहारजी के आचार्यत्व में संपन्न होंगी । मुख्य प्रतिष्ठाचार्य के साथ 11 अन्य विद्वानों की टीम भी सहयोगी के रूप में उपस्थित रहेगी । संगीतकार के रूप में ऋषभ जैन सरस दिल्ली अपनी सेवाए प्रदान करेंगे । छः दिवसीय आयोजन में 05 फरवरी को ध्वजारोहण के साथ गर्भ कल्याणक पूर्व रूप, 06 फरवरी को गर्भ कल्याणक उत्तर क्रिया, 07 फरवरी को जन्म कल्याणक, 08 फरवरी को तप कल्याणक, 09 फरवरी को ज्ञान कल्याणक, 10 फरवरी को मोक्ष कल्याणक के संस्कार किए जायेगें । ज्ञातव्य हो कि जिला मुख्यालय मुरैना से 33 किलोमीटर की दूरी पर (अम्बाह की ओर) एक विशाल एवम भव्य जैन मंदिर स्थापित है जिसमें ग्यारहवीं शताब्दी की जैन तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ प्रभु की 16 फुट उतंग खड़गासन प्रतिमा एवम उनके आजूबाजू में भगवान कुंथनाथ प्रभु और भगवान अरहनाथ प्रभु की प्रतिमाएं विराजमान हैं । इस तीर्थ की विशेषता यह है कि ये तीनों प्रतिमाएं पाषाण की एक ही शिला पर बनी हुई हैं । साथ ही उक्त मूर्तियां उसी स्थान पर विराजमान हैं, जहासे ये खुदाई में प्राप्त हुई थी । सिहोनिया जी कमेटी के संरक्षक आशीष जैन सोनू ने बताया कि इस आयोजन में संपूर्ण भारतवर्ष से हजारों की संख्या में जैन धर्मावलंबियों की आने की संभावना को देखते हुए कमेटी ने तैयारियां प्रारंभ करदी हैं आने वाले सभी बंधुओं के आवास एवम भोजनादि की समुचित व्यवस्था क्षेत्र पर की जा रही है । श्री अतिशय क्षेत्र सिहोनिया कमेटी, जैन युवा क्लब, सोनू मित्र मंडल ने सभी साधर्मी बंधुओं से कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की है ।

# जैनेश्वरी दीक्षा लेकर बा.ब्र. अनीता एवम ललिता बनेंगी जैन साध्वी

## 20 जनवरी को बड़ागांव में होगा दीक्षा समारोह

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन

**मुरैना ।** ज्ञानतीर्थ परिवार की बाल ब्रह्मचारिणी बहिन अनीता दीदी एवम ललिता दीदी की भव्य जैनेश्वरी आर्यिका दीक्षा अतिशय क्षेत्र बड़ागांव (बागपत) में 20 जनवरी को होने जा रही है आचार्य शांतिसागर जी छाणी परम्परा के षष्टम पट्टाचार्य परम पूज्य शाकाहार प्रवर्धक, नव चेतना प्रदायक, ज्ञानतीर्थ प्रणेता सराकोद्धारक समाधिस्थ गुरूवर आचार्य रत्न श्री 108 ज्ञान सागर जी महाराज के प्रति समर्पित, उत्कृष्ट साधिका, वात्सल्य मूर्ति, बाल ब्रह्मचारिणी अनीता दीदी सागर एवं मुरैना निवासी बाल ब्रह्मचारिणी ललिता दीदी की भव्याति भव्य जैनेश्वरी आर्यिका दीक्षा निष्प्रह तपस्वी, सप्तम पट्टाचार्य, चर्या शिरोमणि आचार्यश्री 108 ज्ञेय सागर जी महाराज के कर कमलो से संपन्न होगी । दीक्षार्थी अनीता दीदी का जन्म 19 फरवरी 1965 को गुलाबचंद जैन के परिवार में माता श्रीमती सुशीला देवी की कोख से सागर में हुआ था । आप तीन भाई और तीन बहिनें थी । आपने लौकिक शिक्षा हाई स्कूल तक प्राप्त की है साथ ही आपने धार्मिक क्षेत्र में न्याय, व्याकरण, सिद्धांत ग्रंथों का अध्ययन किया है। आपने 19 मई 1977 को दमोह में



त्रिलोकतीर्थ प्रणेता आचार्य विद्याभूषण संमतिसागर जी महाराज से अजीवन ब्रह्मचर्य व्रत ग्रहण किया तब। लगभग 40 वर्ष से अधिक समय से आप सराकोद्धारक आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में धर्म ध्यान करते हुए संयम की साधना कर रही थी । आपने अभी तक चार बार कैशलोच भी किए हैं । मुरैना में गोपीनाथ की पुलिया निवासी बाल ब्रह्मचारिणी ललिता दीदी का जन्म 15 जून 1985 को श्रावक श्रेष्ठी पुरनचंद पवन जैन (विचपुरी वाले) के परिवार में माता श्रीमती सुनीता जैन की कोख से मुरैना में हुआ था । आपने बी., कॉम तक लौकिक शिक्षा प्राप्त की है । आप एक भाई और तीन बहिनें हैं आपने अभी तक तीनवार कैशलौच भी किए हैं । आपने बमोरी पंचकल्याणक के अवसर पर सराकोद्धारक आचार्य श्रीं ज्ञानसागर जी महाराज से अजीवन ब्रह्मचर्य व्रत ग्रहण किया था । जबलपुर चातुर्मास से आप आचार्य ज्ञानसागर के ससंघ सान्निध्य में रहकर संयम की साधना कर रही हैं । मुरैना में जन्में सरकोद्धारक आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज की शिष्या अनीता एवम ललिता दीदी काफी समय से पुज्यश्री के ससंघ सान्निध्य में साधनारत रहीं । आचार्य ज्ञानसागर के समाधिस्थ होने के पश्चात उनके उत्तराधिकारी आचार्य श्री ज्ञेयसागर जी महाराज के सान्निध्य में साधनारत हैं । वर्तमान में दोनों दीदियां मुरैना ज्ञानतीर्थ जैन मंदिर में ज्ञान ध्यान तप एवम स्वाध्याय आदि में लीन रहती हैं । श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र बड़ागांव में सोमवार 20 जनवरी को होने जा रहे दीक्षा समारोह में मुरैना से सैकड़ों की संख्या में जैन धर्मावलंबी सम्मिलित होगें ।

### गल्ला मंडी परिसर में बजरंग दल अम्बाह के गौ सेवको द्वारा भीषण सर्दी में बचाव के लिए



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन

**अम्बाह।** नगरपालिका द्वारा शहर की गायों के लिए कोई व्यवस्था ना करने पर आज बजरंग दल अम्बाह के गौ सेवकों द्वारा गायों को इस भीषण सर्दी से बचाव के लिए गल्ला मंडी में अस्थाई गौ शाला का निर्माण बाँस और तिरपाल लगाकर स्वयं के परिश्रम से किया गया है। इस गौ शाला में शाम होते ही अलाव जलाई जाएगी। एवं खाने के लिए भूसा भी डाला जायेगा। पीने के लिए गुनगुना पानी की व्यवस्था भी की जायेगी जिससे इस सर्दी में गायें रात्रि में इस गौ शाला में शरण ले सकेंगी। अम्बाह । नगरपालिका द्वारा शहर की गायों के लिए कोई व्यवस्था ना करने पर आज बजरंग दल अम्बाह के गौ सेवकों द्वारा गायों को इस भीषण सर्दी से बचाव के लिए गल्ला मंडी में अस्थाई गौ शाला का निर्माण बाँस और तिरपाल लगाकर स्वयं के परिश्रम से किया गया है। इस गौ शाला में शाम होते ही अलाव जलाई जाएगी। एवं खाने के लिए भूसा भी डाला जायेगा। पीने के लिए गुनगुना पानी की व्यवस्था भी की जायेगी जिससे इस सर्दी में गायें रात्रि में इस गौ शाला में शरण ले सकेंगी।

# एसडीएम कार्यालय के सामने ही तड़प तड़प कर सर्दी से मर रही गाय, नहीं किये जा रहे कोई इंतजाम

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

**लहार।** न्यायालय परिसर में सर्दी से बीमार हुई गाय बीच रास्ते में डली डली तड़पती रही है और तडप तडप कर उसकी मौत हो गई प्रशासन के जिम्मेदार बगल से मुंह मोड़कर निकलते रहे न्यायालय परिसर में ही लहार एसडीएम का कार्यालय है रोज मस्ती तड़पती गायों को देखकर प्रशासन के जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए हैं,गोवंशों की प्रशासनिक स्तर पर व्यवस्था करने में नाकाम लहार




नगर पालिका के आगे वरिष्ठ अधिकारी और नेता घुटने टेकते नजर आ रहे हैं वरिष्ठ अधिकारी में साहस नहीं है कि लहार नगरपालिका पर कार्रवाई कर सके,जवकी विशव हिंदू परिषद एवं गौ रक्षकों द्वारा लहार एसडीएम को विगत दिनों इस विषय पर आवेदन भी दिया जा चुका है लेकिन फिर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा जव एसडीएम कार्यालय के सामने ही आये दिन सर्दी और भुख से विमार होकर जमीन पर डली डली गाय दम तोड देती है तो लहार नगर की गौ दुर्दशा की ओर देखता कौन है,सुत्रो की मानी जाये तो लगभग एक दर्जन गौवंशौ की प्रतिदिन मौत हो जाती है लेकिन लहार नगर पालिका द्वारा इनके सर्दी से बचाव और रखरखा चारे पानी के इंतजाम नहीं किया जा रहे हैं।

# धर्म के पथ पर चलने वाले मनुष्य का कभी भी विनाश नहीं होता है : घनश्याम शास्त्री जी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**ग्वालियर।** शिंदे की छावनी पारदी मोहल्ला बालाजी दरबार शिंदे की छावनी में चल रही नो दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा के सातवें दिन सुप्रसिद्ध कथा वाचक पं.घनश्याम शास्त्री महाराज ने बताया कि देवी भागवत महापुराण श्रवण करना मानव जीवन के दुखों को समाप्त करने और परिवार में सुख-शांति लाने का सर्वोत्तम साधन है। यह ग्रंथ



न केवल आध्यात्मिक उत्थान का मार्ग दिखाता है, बल्कि सांसारिक जीवन में भी संतुलन और सकारात्मकता का संचार करता है। महाराज श्री ने बताया कि सदाचार, जो जीवन की नैतिकता और आचरण को परिभाषित करता है, बच्चों को बचपन से ही सिखाना चाहिए। यह किसी स्कूल या कॉलेज में सिखाई जाने वाली शिक्षा नहीं है, बल्कि इसे हमारे धार्मिक ग्रंथों और पारिवारिक संस्कारों के माध्यम से ही ग्रहण किया जा सकता है। धर्म को जानना और समझना हमारे जीवन के लिए अनिवार्य है। धर्म का ज्ञान हमें केवल अपने लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी उनके धर्म और परंपराओं से परिचित कराने के लिए आवश्यक है। धर्म के मार्ग पर चलने वाला मनुष्य कभी भी विनाश का शिकार नहीं होता, जबकि अधर्म के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति विकास से वंचित रह जाता है इस अवसर पर महंत पप्पी महाराज कथा आयोजक सरिता विष्णु मिश्रा,हरिओम शर्मा ने आरती की।

### लहार सब्जी मंडी में दर्जनों की संख्या में विचरण करते गोवंश खरीददार और सब्जी विक्रेता परेशान

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिहं चौहान

**लहार।** नगर में सब्जी मंडी परिसर में दर्जनों वेसहरा भूखे गौवंश विचरण करते रहते हैं जो नजर हटते ही दुकानदारों की सब्जी को खा जाते हैं कुछ दुकानदार गुस्से में आकर गायों पर डंडे भी बरसते हैं,गायों के कष्ट दायक हालत एवं गोवंशों के झुंडों से सब्जी मंडी में आने वाले खरीददार और सब्जी विक्रेता दुकानदार अत्यधिक परेशान है कुछ नदी साडं तो आक्रामक भी हैं जो महिलाओं बच्चों बुजुर्गों को आए दिन ठोकर मार कर घायल करते रहते हैं सब्जी मंडी के सब्जी विक्रेता इस्माइल खान ,ने प्रशासन के लोगों से विनम्र निवेदन करते हुए कहा कि सब्जी मंडी पर परिसर में विचारण करते इन गोवंशों को किसी एक जगह रखवा दिया जाए तो हम सभी सब्जी विक्रेता अपनी स्वेच्छा से बची हुई हरी सब्जी इनको खाने के लिए डाल दिया करेंगे और नगर के लोगों से भी इनके चारेपानी की वयवस्था के लिए सहयोग मांगेंगे,अब देखते हैं कि प्रशासन के जिम्मेदार सब्जी विक्रेताओं की इस मागं पर ध्यान देते हैं या फिर इसे नजरअंदाज करते हैं।

# पोरसा अस्पताल में आग पर काबू पाने के लिए मॉक ड्रिल आयोजित



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से पुष्पेन्द्र तोमर

**पोरसा।** पोरसा अस्पताल ने अपनी सुरक्षा और आपातकालीन तैयारी को बेहतर बनाने के उद्देश्य से एक मॉक फायर ड्रिल का आयोजन किया। यह अभ्यास अस्पताल के मुख्य भवन में आग लगने की स्थिति का सामना करने के लिए कर्मचारियों और मरीजों की प्रतिक्रिया को परखने के लिए किया गया था। इस दौरान आग से निपटने के प्रोटोकॉल, अस्पताल स्टाफ और स्थानीय अग्निशमन सेवाओं के बीच समन्वय, और मरीजों की सुरक्षित निकासी की प्रक्रिया का परीक्षण किया गया। इस मॉक ड्रिल का आयोजन पोरसा अस्पताल की सुरक्षा विभाग और पोरसा अग्निशमन विभाग की साझेदारी में किया गया था। बीएमओ पोरसा शैलेंद्र सिंह तोमर ने कहा, हमारे लिए मरीजों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है, और इस मॉक ड्रिल के जरिए हम अपनी आपातकालीन प्रतिक्रिया को और बेहतर बनाने की कोशिश कर रहे हैं। यह अभ्यास कर्मचारियों को आपातकालीन स्थितियों में अपनी भूमिका को समझने और उसका सही तरीके से पालन करने का अवसर प्रदान करता है। यह मॉक ड्रिल पोरसा क्षेत्र में आपातकालीन तैयारियों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।। इस मौके पर बी ई ई भूपेंद्र धाकड़, रंजीत कुशवाह, ब्रजमोहन तोमर, मनोज सेन ,अंतरा फाउंडेशन से दीपेश राजपूत, आदित्य शिष्टा, राजकुमार, पूरन, अनिल आदि ने मौक ड्रिल में भग लिया।

# एसडीएम व तहसीलदार के आश्वासन पर किसानों ने खत्म किया धरना प्रदर्शन

## एसडीएम बोले शीघ्र करूंगा सभी समस्याओं का निराकरण

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता, राकेश लोधी पिछोर

**पिछोर।** अनुविभागिय कार्यालय राजस्व पिछोर के सामने राजस्व विभाग समेत अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं को लेकर 23 दिसंबर से धरने पर बैठे किसानों ने मंगलवार दोपहर एसडीएम शिवदयाल धाकड़ तथा तहसीलदार शिव शंकर सिंह गुर्जर के अंततः शिकायत निराकरण के आश्वासन पर अपना धरना प्रदर्शन खत्म कर दिया जानकारी के अनुसार समस्याओं के निराकरण हेतु सोमवार शाम एसडीएम धाकड़ किसानों के टेंट में पहुंचे और विस्तार पूर्वक समस्याग्रस्त किसानो की समस्याओं को सुना तथा नोट भी किया इसके बाद उन समस्याओं पर निराकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी वहीं मंगलवार किसानों को शीघ्र निराकरण का आश्वासन देने



के बाद किसानों ने अपना धरना प्रदर्शन खत्म कर दिया एसडीएम ने बताया कि जिन गांवों के किसानों को राजस्व के अलावा जिन-जिन विभागों से समस्याएं हैं वही उसी ग्राम में शिविर अलग-अलग तिथियां में आयोजित किए जाएंगे शिविर में सभी विभागों के अधिकारी पहुंचेंगे बगैर किसी औपचारिकता के समस्याओं के निराकरण पर ही काम किया जाएगा यथासंभव समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा वही जिन मामलों के निपटारों में वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा जाना होगा तो उन मामलों को संबंधित विभाग या वरिष्ठ अधिकारियों को निराकरण हेतु तत्काल भेजा जाएगा जिससे उनकी भी समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जा सके! धरने पर बैठे जिला पंचायत सदस्य मनीराम लोधी ने तमाम किसानों से परामर्श कर बताया कि शीघ्र ही सभी पंचायत में जहां गौशाला बनी हुई है उनके विधिवत संचालन की दिशा में कार्य प्रारंभ किया जाए,ताकि गोवंश की रक्षा और किसानो की खेती की रक्षा हो सके! इसके अलावा राजस्व के प्रकरणों का समाधान लगभग दो महीने के अंदर प्रशासन पूरा करें मनीराम ने कहा हमने प्रशासन को अपनी समस्याएं बता दी हैं वहीं प्रशासन को भी निराकरण हेतु समय दिये जाना उचित है!

# नकली चांदी बदलकर सोने के आभूषण लेने वाले आरोपियो को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार




**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के कुशल निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव व उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती गायत्री तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय के नेतृत्व मे कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी कर जेवरात लेने वाले आरोपियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही नगर निरीक्षक ने बताया कि 6 जनवरी 25 को फरियादी बसंतलाल अवधिया पिता लल्लूलाल अवधिया उम्र 40 वर्ष निवासी पुराना बस स्टैण्ड के सामने वार्ड क्रमांक 18 सीधी थाना उपस्थित आकर जुवानी रिपोर्ट लेख कराया कि आज दोपहर करीब 12 बजे मैं अपनी आभूषण की दुकान नीरज 'वेलर्स सराफा बाजार रोड सीधी मे दुकानदारी का काम कर रहा था तभी दो लोग एक महिला एक पुरूष मेरी दुकान में चांदी का एक करधन और एक जोड़ी दो नग हांथ के कड़े लेकर आये और बदलकर दूसरा सोने का सामान 'वेलरी पेंडल लाकेट लेने की बात बोले जब मैने चांदी के सामान को तेजाब डालकर सुनारों की पुरानी विधि के अनुसार चेक किया तो एक नग करधन और एक जोड़ी दो नग कड़े गिलट नकली चांदी पाई गई। जब मैने दोनो महिला पुरूष को चांदी नकली होने की बात कही तो वे अपने साथ लाये हुये करधन एक नग व एक जोड़े दो नग कड़े को साथ में लेकर दुकान से भाग गयें। जिनको मेरे साथी सराफा बाजार में रोक कर रखे है रिपोर्ट करता हूँ कार्यवाही की जाय। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया जाकर एक पुरुष एवं एक महिला को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर उनका नाम पता पूछा गया जो अपना नाम अरूण सोनी पिता दुर्गेश सोनी उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम रानीपुरा तहसील फौरी थाना पोहरी जिला शिवपुरी मप्र एवं महिला अपना नाम सुषमा सोनी पति प्रवेश सोनी उम्र ×7 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 02 कान्हा खेड़ा ग्राम सांची उचेर जिला रायसेन म.प्र. बताई। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान अपना जुर्म कबूल करते हुए अपने पास से नकली चांदी के एक नग करधन व एक जोड़े दो नग कड़े को जप्त कराये जिनको जप्त कर कब्जे पुलिस लिया जाकर मामले की विवेचना की जा रही है।


## वर्ष की पहली जनसुनवाई आयोजित - पुलिस अधीक्षक ने पीड़ितो की सुनी वेदना



**सीधी।** आम जनता की शिकायतों एंव समस्याओ के त्वरित निराकरण हेतु मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ रविन्द्र वर्मा द्वारा जन सुनवाई की गयी। जन सुनवाई मे शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के शिकायतकर्ता पुलिस कार्यालय में आये थे, अधिकांश शिकायतें घरेलू एवं जमीन सम्बंधी विवाद से सम्बंधित थी। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त शिकायतकर्ताओं को संबंधित थाना प्रभारियों से वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के माध्यम रूबरू कराकर शीघ्र शिकायतों पर वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु आश्वस्त किया गया तथा जन सुनवाई में प्राप्त समस्त शिकायतों का त्वरित निराकरण समय सीमा मे करने हेतु सम्बंधित थाना प्रभारियों राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती गायत्री तिवारी, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय, थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक रीता त्रिपाठी, थाना प्रभारी मझौली उनि दीपक बघेल, थाना प्रभारी कमर्जी उनि पवन सिंह, परिविक्षाधीन सहायक लोक अभियोजक एवं कार्यालयीन स्टॉफ पुलिस सभागार में तथा अन्य राजपत्रित अधिकारी एवं थाना चौकी प्रभारी वीडियो कॉल के माध्यम से उपस्थित रहे।

### सांसद ने रेलवे कार्यों का किया निरीक्षण

# ब्रिज का 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण, इसी वर्ष रेल का सपना होगा साकार - डॉ.राजेश मिश्रा





**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने मंगलवार को ललितपुर सिंगरौली रेल परियोजना के अंतर्गत बघवार, रामपुर, चुरहट व अन्य प्रस्तावित रेलवे स्टेशनों का और रेलवे के कार्यों का सघन निरीक्षण करते हुए कार्यों का जायजा लिया। रेल्वे के कार्यो का जायजा लेने के पश्चात लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि सीधी जिले वासियो का सपना सीधी में रेल हो का इसी वर्ष पूर्ण हो, ऐसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं हमारी सरकार की मंशा है। सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि आज रेलवे के इंजन का ट्रायल सीधी की सीमा में सफ्लतापूर्वक किया जा चुका है। पटरी बिछाने का कार्य चुरहट तक लगभग पूर्ण हो चुका है। बड़े ओवर ब्रिज एवं पूलों का निर्माण तीव्र गति से हो रहा है। सोन नदी के ब्रिज का 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इसी प्रकार से रेलवे स्टेशनों के भी कार्य लगभग पूर्ण हो गए हैं या पूर्णता की ओर हैं। सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि मेरी यह कोशिश है कि इसी वर्ष रेल सीधी में पहुंचे और निश्चित रूप से रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी इस कार्य को पूर्ण करने के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा कर रहे हैं। इस दौरान रेलवे के डिप्टी सी ई राजेश खरे, जिला पंचायत सीओ अंशुमान राज, संजय पाठक, अमन सेठ, गिरधर मीना, कुलदीप शर्मा, डॉ देवेंद्र त्रिपाठी, एसडीम एवं अन्य प्रशासनिक अमला उपस्थित रहा।

### सचिव सामान्य प्रशासन विभाग श्री अनिल सुचारी ने किया छात्रावासों का आकस्मिक निरीक्षण

**सीधी।** रीवा संभाग के छात्रावासों के रा'य स्तरीय निरीक्षण कर्ता अधिकारी अनिल सुचारी सचिव सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अनु जनजाति सामान्य सीनियर बालक छात्रावास सीधी का निरीक्षण किया गया। श्री सुचारी द्वारा छात्रों का भोजनालय, शयन कक्ष, शौचालय, छात्रावास अधीक्षक कक्ष, स्टोर रूम, छात्रावास का भौतिक वातावरण, छात्रावास के अभिलेख आदि का निरीक्षण किया गया। उन्होंने छात्रावास की पुताई, छात्रावास की प्रबंध व्यवस्था, छात्रावास का सुस'जित वातावरण, अभिलेखों का संधारण आदि देख कर प्रसन्नता व्यक्त की तथा सहायक आयुक्त को निर्देशित किया कि इसी तरह की व्यवस्था सभी छात्रावासों में होनी चाहिए।

# जीवन में सत्य और समर्पण आवश्यक है : पं बाला व्यंकटेश



**सीधी।** रामकथा के व्यासपीठ पर विराजमान कथा प्रवक्ता पं बालाव्यंकटेश महराज वृन्दावनोपासक का श्रीकृष्ण रसामृत समिति पूजापार्क सीधी के संरक्षक सुरेन्द्र सिंह बोरा, अध्यक्ष श्रीमती कुमुदिनी सिंह पार्षद, सचिव डॉ श्रीनिवास शुक्ल सरस साहित्यकार आदि ने माल्यार्पण से स्वागत अभिनन्दन किया। आचार्यजनों ने विधवत मंत्रों'चारण के साथ व्यासपीठ का पूजा अर्चन कराया तथा मंचासीन संगीतज्ञों ने भजनों से आयोजन को रोचक बनाया। मंगलवार के प्रसंग में महराज ने चौपाई सुनाई कि राम देत नहि बनत गोंसाई। विश्वामित्र महराज से दशरथ ने कहा कि और कुछ मॉग लीजिए लेकिन रामदेते नही बनता है। दशरथ जी ने यह नही कहा कि मैं राम को न दूँगा वल्कि निवेदित भाषा में कहा कि राम देते नही बनते। आखिर दशरथजी ने क्यों ऐसा कहा। इसका मूल कारण महराज जी ने सुस्पष्ट किया कि रघुवंशी एक बार जिसका दान कर देते हैं वे दुवारा उसका दान नही करते। भाव यह कि जब रथ की कील निकल गई थी उस समय जटाऊ ने पीठ लगा दिया था और उसी समय दशरथ जी ने राम का दान कर दिया था। इस रोचक प्रसंग को और अधिक प्रामाणिक बनाते हुए एक भजन सुनाया कि राघव को मैं न दूँगा मुनिराज मरते . मरते। जब गुरु वशिष्ठ ने दशरथ जी को समझाया और वे यह कहकर स्वीकार कर लिए कि गुरु आज्ञा गरीयसी। एक दर्शनीय वारात भी बाजे गाजे के साथ चलकर पूजा पार्क में आई जिससे कथा स्थल साक्षात जनकपुर बन गया। कथा प्रसंग के अनुसार भजन.कीर्तन भी होते रहे और भक्तगण आनन्दित होते रहे। कथा में दैनिक श्रोताओ के साथ साथ एस पी शुक्ल सेनि इंजीनियर, चिन्तामणि तिवारी, वुद्धिमान सिंह, लालमणि सिंह बरिष्ठ अधिवक्ता श्रीमती पूनम सोनी, नीलम सिंह की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही।

# शिवराजपुर में नव वर्ष मिलन समारोह संपन्न



**सीधी।** मंगलवार को शिवराजपुर साड़ा में नव वर्ष मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। चुरहट विधायक एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने सभी क्षेत्रवासियों, कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए सभी के उ'जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में भारत के दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अजय सिंह राहुल ने कहा कि आज भारत के संविधान की रक्षा करने के लिए हमारे नेता राहुल गांधी संघर्ष कर रहे हैं। इसलिए सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बनती है की जो जहां है पोलिंग स्तर पर अपने आस पास सामाजिक न्याय की दिशा में काम करें। प्रत्येक पीड़ित, गरीब, दुखी परिवार के सुख.दुख में भागीदार बने, उन्हें न्याय दिलाए उनके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करें। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेंद्र भदौरिया, भारत सिंह, डॉ महेंद्र तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता सोमेश्वर सिंह, अखिलेश पांडे, ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री, विष्णु बहादुर सिंह, केडी सिंह सहित अन्य पदाधिकारी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में चुरहट विधानसभा क्षेत्र के हजारों कार्यकर्ताओं में पहुंचकर नववर्ष के उपलक्ष में राहुल भैया से भेंट की।

NATIONAL HOSPITAL
नेशनल हॉस्पिटल, रीवा
3 वर्षों से लगातार
आयुष्मान में
निःशुल्क
• कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी
• पथरी का दूरबीन के द्वारा ऑपरेशन
• प्रोस्टेट, हार्निया, हाइड्रोसील
+91 7566831551, 18008890620, 8608600604
पताः नेशनल हॉस्पिटल, समान तिराहा, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)

## संक्षिप्त समाचार

### सुरक्षा के मद्देनजर मैहर पुलिस ने बैंक एवं एटीएम का किया निरीक्षण



प्रवीण गौतम दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**मैहर।** बैंकिंग फ्रॉड एवं लूट की घटना को देखते हुए। मैहर पुलिस द्वारा शहर के सभी बैंक और एटीएम में जाकर चेकिंग की गई आस पास खड़े संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गई एवं बैंक कार्य से आए अकेले महिला एवं वृद्ध लोगों को समझाइश देते हुए ओटीपी शेयर ना करने,एवं फोन के माध्यम से बैंक से संबंधित जानकारी देने से बचे, एवं किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के सुझाव एवं सहायता लेने से बचने जैसी जानकारी लोगो को दी

### आर्यिका रत्न 105 श्री सुनयमती माताजी ससंघ का आज हुवा मंगल विहार



आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सनावद।** संतों की सेवा अग्रणी त्यागियों की नगरी सनावद में आचार्य श्री 108 सुंदर सागरजी महाराज की आज्ञानुवर्ती शिष्या आर्यिका 105 सुनयमति माताजी ससंघ मंगल विहार आज दोपहर 2 बजे खंडवा की ओर हुवा।सन्मति काका ने बताया की आप इंदौर में चातुर्मास के पश्चात आर्यिका माताजी श्री सिद्धक्षेत्र सिद्धवरकूट के यात्रा कर नगर में पधारी थी जहा आप ने निरंतर 21 दिनों तक धर्म की गंगा में प्रवाहित कर सभी नगरवासियों को अमृतपान करवाया। आप के द्वारा निरंतर प्रतिदिन प्रात: अभिषेक प्रवचन एवं शाम को गुरु भक्ति आरती एवं प्रश्नमंच आयोजित किए जा रहे थे। विहार में सारथी के रूप में मुकेश जैन, प्रशांत जैन, राकेश जैन,हर्षित जैन,रेखा जैन, वंदना जैन, सम्मिलित हुवे।

### प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ को देखते हुए डीआरएम कमल कुमार तलरेजा मैहर पहुंच कर रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण



प्रवीण गौतम, दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**मैहर।** जबलपुर रेल मंडल के डीआरएम कमल तलरेजा आज मैहर स्टेशन पर पहुंचकर निरीक्षण किया,प्रयागराज कुम्भ स्नान से लौटकर मैहर माँ शारदा दर्शन करने आये यात्रियों के साथ चोरी लूट जैसे घटनाये ना हो स्टेशन स्वच्छ रहे ईस पर रेलवे स्टॉफ से चर्चा की,अमृत भारत योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्य में गति देने के निर्देश दिए। साथ ही यात्रियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किया।

### 2025 में मोहन यादव कैबिनेट की पहली बैठक..

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कैबिनेट की साल 2025 में आज (मंगलवार) पहली बैठक हो रही है। इस बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में 26 दिसंबर को हुए मंथन पर चर्चा होगी। मंथन के दौरान सीएम यादव ने मंत्रियों से कहा था कि युवा, गरीब, किसान और महिलाओं से संबंधित अपने विभागों की योजनाएं पता कराएं और उसके क्रियान्वयन की रिपोर्ट लेकर इन चारों वर्गों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ देने का काम कराएं। इसके लिए सीएम ने मंत्रियों को विभागीय स्तर पर समीक्षा बैठकें करने के लिए कहा गया था। आज हो रही कैबिनेट बैठक में सीएम यादव इस मामले में मंत्रियों से विभागवार और योजना के आधार पर अपडेट ले सकते हैं। इसके साथ ही केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं पर भी कैबिनेट में चर्चा होगी। कैबिनेट बैठक में गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर भी चर्चा होना तय है। जिसमें मंत्री मुख्य अतिथि होंगे।

---

समर्थ सदगुरू अपने शिष्यों का जीवन परिष्कृत करते हैं और उनको सृजनशील बनाते हैं

# यज्ञ पुरुषार्थ और जनकल्याण की भावना से सबके हित के लिए किया जाता है भूखे को भोजन, बेसहारा को सहयोग करना यज्ञ की महत्वपूर्ण शिक्षा है

आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सनावद।** मनुष्य के जीवन में सद्गुरु की प्राप्ति हो जाए तो सत्य प्रवृत्तियों का विस्तार होता है जिसके माध्यम से श्रेष्ठ परिवार व श्रेष्ठ समाज का सृजन होता है। समर्थ सद्गुरु अपने शिष्य को तीन बल प्रमुख रूप से प्रदान करते हैं। शरीर बल, बुद्धि बल तथा धन बल। समर्थ सद्गुरु के श्रद्धावन शिष्यों का समाज में सम्मान होता है और उनका जीवन निखरता हुआ चला जाता है। उन्हें दैवी अनुग्रह प्राप्त होते हैं, उन्हें लोक सम्मान के साथ-साथ आत्म संतोष मिलता है। सच्चे शिष्य को श्रद्धा, समर्पण व निष्ठा अपने सद्गुरु के प्रति बना करके रखनी चाहिए।उक्त संदेश अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में समीपस्थ ग्राम भोमवाड़ा में पांच दिवसीय प्रज्ञा पुराण कथा के विराम दिवस 24 कुंण्डीय गायत्री महायज्ञ के माध्यम से लगभग 400 से अधिक परिजनों को गायत्री महामंत्र की गुरु दीक्षा देते हुए कथा वाचक पंडित राजेंद्र द्विवेदी ने नवीन दीक्षित शिष्यों एवं उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए दिया। उन्होंने कहा जब शिष्य के जीवन में सद्गुरु की कृपा हो जाए तो शिष्य का जीवन बदलता हुआ चला जाता है और वह अपने जीवन को धन्य बनाता है।

कथाचार्य पूजनीय पंडित राजेंद्र द्विवेदी का मंगल तिलक व पुष्पवृष्टि कर उन्हें जन्म दिवस के अवसर पर समिति के सदस्यों, क्षेत्र के विधायक सचिन बिरला, उद्योगपति शिवनारायण परवाल, प्राचार्य कमलेश डोंगरे, पूर्व सरपंच महेंद्र सिंह पंवार कोटल्याखेड़ी ने सम्मानित किया तथा मंगल कामना करते हुए उनके दीर्घायु जीवन के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।यज्ञशाला, भोजन शाला एवं अनेक



क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सेवा देने के लिए राकेश भोमाडे, जयपाल जी, कोमल सोनगरे, हीरूपाल, मुकेश सामेडिया, दुर्गा जीजी, मुरली पाल, कन्हैयालाल जी, नींबू जीजी, जय श्री बिरला, ज्योति बिरला, नारायण बिरला इंदौर, हुकुम भाई निपानी, नितेश टोकलाय, महेंद्र सिंह चौहान, साउंड, टेंट, सीधा प्रसारण करने वाली टीम, कुलदीप, जगदीश यादव मथेला, भगवान दास बिरला सनावद तथा उनकी टीम भोमवाड़ा के सरपंच चिंताराम जी, आत्माराम यादव, भोजन समिति, पार्किंग व्यवस्था एवं समस्त समिति के सदस्यों का कथा वाचक पंडित राजेंद्र द्विवेदी ने मंगल तिलक कर सम्मान किया।

मीडिया प्रभारी महेंद्र सिंह पंवार ने बताया कि गायत्री साहित्य पटल के संचालक पंडित रविंद्र दुबे के मार्गदर्शन से भोमवाड़ा ग्राम के रामलाल यादव एवं उनकी पत्नी रानू बाई ने अपने परिवार की सहमति से गायत्री परिवार की सृजनात्मक गतिविधियों के सुसंचालन हेतु लगभग सवा करोड़ मूल्य की 8 एकड़ भूमि दान में दी। साथ ही लगभग एक एकड़ में बना हुआ आश्रम भी गायत्री परिवार को दान किया। कथावाचक पंडित राजेंद्र द्विवेदी ने रामलाल एवं उनकी धर्म पत्नी रानू बाई यादव का मंगल तिलक कर पुष्पवर्षा से सम्मान किया। लगभग 5000 से अधिक परिजनों ने उनके दीर्घायु जीवन की कामना कर ताली बजाते सम्मान किया। गुरु दीक्षा के पावन अवसर पर कथावाचक पंडित राजेंद्र द्विवेदी ने नव दीक्षित परिजनों से कहा नियमित स्वाध्याय कर गायत्री उपासना के बाद सूर्य को जल अर्घ्य करना, बुजुर्गों की सेवा, सम्मान करना, श्रेष्ठ कार्यों के पुण्य प्रसार के लिए अपना समय दान तथा अंशदान करना, अपने जीवन विकास के लिए सत्साहित्य नियमित रूप से पढ़ना, जनमानस के परिष्कार हेतु चलने वाली गतिविधियों में भाग लेना आदि का आवाहन किया। कथा विराम दिवस को लगभग 5000 से अधिक श्रोताओं ने कथा का श्रवण किया एवं अपने आप को धन्य समझा। कथा की शुरुआत में देव पूजन मुरली यादव तथा सर्वतोभद्र पूजन ताराचंद पटेल ने सपत्नीक किया। संचालन गायत्री शक्तिपीठ सनावद के मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी जगदीश शाह ने किया।

# सिरोंज में चारों और अवैध कॉलोनीयों का जाल

**सुनहरे सपने दिखाते हे कॉलोनाइजर ..**

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/आसिम दाद खान

सिरोंज कभी हरी भरी घाटियों की नगरी कही जाने वाला शहर सिरोंज में अवैध कलोनियों के बीच खतम सा होता जा रहा हे।विदिशा जिला कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के निर्देश पर जिले भर में अवैध कॉलोनीयों पर कार्रवाई की गई जिनमें सिरोंज में सबसे ज्यादा 56 अवैध कॉलोनियों अवैध बताई गई ।प्रशासन ने नागरिकों के साथ धोखाधड़ी न हो इसी का ध्यान में रखते हुए उप पंजीयन कार्यालय के पास अवैध कालोनी , और कॉलोनाइजर का नाम साहित सूची चस्पा कि गई हे।सिरोंज में अनगिनत कालोनियां ऐसी हैं जिनमें कोई ऐसी सुविधा नहीं जिसके द्वारा कालोनियों को वेध किया जाए

**कृषि भूमि पर सबसे ज्यादा कटी गई कालोनी.. :-**





न जीएसटी पंजीयन न रेरा पंजीयन न आवष्यक 14 विभागों की एनओसी जमीन को एग्रीमेंट पर लिखवाकर चूना डालकर प्लाट बेचने शिरू किया गया नगर में कृषि भूमियों पर अवैध कालोनी काटने का धंधा इन दिनों धडल्ले से चल रहा है बेखौफ होकर प्लाट काट रहे है नगरीय क्षेत्र में अनेको कालोनिया कटी जा चुकी हें ओर कई कट रही है जिम्मेदार अधिकारी बड़े सख्ती से इन पर कार्रवाई भी करते हें फिर प्रशासन द्वारा जिन कालोनियों को अवैध बताया जाता है उन्ही कॉलोनीयों पर प्रशासन कार्रवाई करना बंद कर देते हे चंद रोज़ में ये केंसे होना संभव हे। ऐसा कई मर्तबा सिरोंज एवं आसपास में हो चुका है वही कई कॉलोनीयों में नेताओं के का शेयर होना भी बताया जाता है ज्यादा तर कालोनियों में यह पार्टनर हे और कई अधिकारी भी इन कालोनाइजरों के साथ पार्टनर हे जिससे इनकी पकड़ मजबूत मानी जाती हे कॉलोनी में कॉलोनाइजर को सड़क, बिजली, पानी, स्ट्रीट लाइन, सीवेज, ड्रेनेज सिस्टम सहित सुरक्षा के इंतजाम करना होते हैं। इन सभी की पूर्ति होने के बाद नगरपालिका कॉलोनाइजर को अनुमति देती है। जिसे बोलचाल की भाषा में वैद्य कॉलोनी कहा जाता है। वहीं इन सभी की पूर्ति न करने वाली कॉलोनियों को अवैध कॉलोनी कहा जाता है।।क्या यह सारी सुविधाएं सिरोंज की कॉलोनी में उपलब्ध हें। कार्रवाई रुकवाने में इनकी भी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है नेताओं के गुर्गे भी कही ना कही इसमें हिस्से दार हैं कालोनी काटने का यह कारोबार नगर के हर इलाके में चल रहा है।

इसमें नहर के पास कुरवाई रोड आरोन रोड बासौदा रोड तहसील रोड भोपाल रोड इमलानी रोड और रिंग रोड बट्टैया के बाओली आदि जगह कालोनी कट रही है कालोनाइजर नगर मे किसी जगह को नही छोड रहे वहीं ये भी अजीब बात हे जिन कागज़तों से रजिस्ट्री हो जाती है उन्ही कागजों से नामांतरण नहीं होता ओर फिर लोग परेशान होते देखे जाते हे दलालों के माध्यम से काफी पैसा खर्च करने पर बाकी के काम हो पाते हे।

# न्यूनतम वेतन और स्थायीकरण की मांग को लेकर सैकड़ों कर्मचारियों ने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

**चतुर्थ श्रेणी पद पर स्थायीकरण की मांग**

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान शिबू विश्वकर्मा

**बैतूल।** ग्राम पंचायतों, स्कूलों, और छात्रावासों में काम करने वाले चौकीदार, पंप ऑपरेटर, भृत्य और सफाईकर्मियों ने न्यूनतम वेतन और स्थायीकरण की मांग को लेकर मंगलवार 7 जनवरी को जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर कार्यालय तक रैली निकाली। आउटसोर्स, अस्थाई, और अंशकालीन कर्मचारी संयुक्त मोर्चा, मध्य प्रदेश के नेतृत्व में ये कर्मचारी मुख्यमंत्री और श्रम मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने पहुंचे। प्रदेश की 23 हजार ग्राम पंचायतों में लाखों की संख्या में चौकीदार, भृत्य, पंप ऑपरेटर, और सफाईकर्मी वर्षों से काम कर रहे हैं। इनमें से कई कर्मचारी पिछले 10 से 20 सालों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इन कर्मचारियों का कहना है कि पंचायत भवनों की सुरक्षा, साफ-सफाई, नल-जल योजना का संचालन, और हितग्राहियों की व्यवस्थाएं इन्हीं के भरोसे चलती हैं, लेकिन इन्हें मात्र 2 हजार से 3 हजार रुपये तक वेतन मिलता है। श्रम विभाग के आदेश के बावजूद इन कर्मचारियों



को न्यूनतम वेतन, पीएफ, और सामाजिक सुरक्षा जैसी सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं। ये कर्मचारी सरपंच और सचिव की मनमानी के शिकार हैं। कई पंचायतों से शिकायतें आई हैं कि इनसे व्यक्तिगत काम जैसे जानवर चराने और घर की सफाई कराई जाती है। संगठन ने मांग की है कि इन सभी कर्मचारियों को पंचायत विभाग के चतुर्थ श्रेणी पद पर स्थायी किया जाए। इन्हें शासन द्वारा तय न्यूनतम वेतन दिलाया जाए, जिससे ये अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। साथ ही, कर्मचारियों को ड्रेस उपलब्ध कराने और सेवानिवृत्ति पर 5 लाख रुपये देने की मांग भी रखी गई। गौरतलब है कि 7 जनवरी को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर रैली निकाली गई, जिसमें हजारों कर्मचारी शामिल हुए। रैली के दौरान जोरदार नारेबाजी करते हुए कर्मचारियों ने अपनी आवाज बुलंद की। ज्ञापन में श्रमायुक्त, मध्य प्रदेश द्वारा 12 दिसंबर को जारी पत्र का भी उल्लेख किया गया, जिसमें इन कर्मचारियों के अधिकार सुनिश्चित करने की बात कही गई है। संयुक्त मोर्चा ने चेतावनी दी है कि अगर कर्मचारियों की मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन को और बड़ा किया जाएगा। संगठन ने सभी कर्मचारियों से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखने की अपील की है।

# धानी ने राष्ट्रीय पुरस्कार जीत कर बढ़ाया समाज का गौरव

दैनिक केसरिया श्रीराम सेन

**सिलवानी।** नगर के सामाजिक संगठन अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की इकाई सिलवानी द्वारा रविवार को नव निर्मित श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया । जिसमें कु. धानी को महासभा के पदाधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। ग्रामीण अंचल सांईखेड़ा निवासी एडवोकेट आलोक श्रीवास्तव की होनहार बिटिया *कु.धानी श्रीवास्तव* जो सागर पब्लिक स्कूल भोपाल में कक्षा 5 की छात्रा है। धानी ने इंदौर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय रोल बॉल स्केटिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अर्जित किया साथ ही राष्ट्रीय स्तर



पर महाराष्ट्र (सतारा) में संपन्न हुई प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार प्राप्त कर कायस्थ समाज के साथ साथ ग्राम सांईखेड़ा का गौरव बढ़ाया साथ ही बिटिया धानी ने छोटी सी आयु में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। ग्रामीण अंचल की होनहार बिटिया धानी की उत्कृष्ट उपलब्धि पर महासभा के प्रदेश पदाधिकारी भूपेन्द्र श्रीवास्तव सहित ग्राम वासियों ने एड. आलोक श्रीवास्तव एवं परिवार को ढेर सारी बधाई दी एवं बिटिया के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### अजय गोटिया प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त



**भोपाल।** अखिल भारतीय पंचायत परिषद दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अशोक जादौन की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह सेंगर द्वारा दिनांक 06.01.2025 को परिषद के प्रदेश कार्यालय भोपाल में नियुक्ति पत्र प्रदान कर जिला पंचायत सदस्य कटनी अजय गौटिया को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया इस अवसर पर परिषद के राष्ट्रीय सचिव महेंद्र सिंह बुंदेला, प्रदेश महासचिव पुष्पेंद्र देशमुख, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद त्रिपाठी, प्रदेश महासचिव शरद पाराशर, प्रदेश महासचिव बद्री दास बैरागी, हेमराज सिंह चौहान, राजेंद्र खरे उपस्थित रहे।

# नदीम अली बने हज कमेटी के जिला अध्यक्ष, डॉक्टर वसीम ने दी बधाई

आसिम दाद खान/दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

मध्य प्रदेश हज कमेटी के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त रफत वारसी ने बासौदा के मिलन सार हंसमुख, सबको साथ लेकर चलने वाले सैय्यद नदीम अली को विदिशा जिले का हज कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया हे नदीम अली के जिला अध्यक्ष बनने पर संपूर्ण विदिशा जिले में उनके चाहने वालो में खुशी का माहौल हो गया हे जामा मस्जिद प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर वसीम ने बताया कि नव नियुक्त जिला हज कमेटी के



अध्यक्ष नदीम अली एक मेहनती, लगनशील व्यक्ति हे समाज के कामों में आगे रहकर सेवा भाव का काम करते रहते हे उम्मीद हे जिले के हाजियों के लिए भी यह शासन, प्रशासन, की मदद से पूरा सहयोग करेंगे आने वाले दिनों में जिले से भी हज के सफर पर लोग जाने की तैयारी कर रहे हे उनके कार्ड, वैक्सीनेशन, का कार्य भी आसानी के साथ कराएंगे ऐसी उम्मीद नव नियुक्त जिला अध्यक्ष नदीम अली से हज पर जाने वालो को हे सैयद नदीम अली को जिला हज कमेटी का अध्यक्ष बनाए जाने पर जामा मस्जिद प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर वसीम, शमीम कुरैशी, एडवोकेट मुस्ताक गोरी,आसिम दाद खान, भाजपा नेता नईम गोरी, पार्षद फहीम, पार्षद अजमल शेर खान, निजाम खान, पार्षद इमरान, आदि लोगों ने बधाई दी हे।

# दादा गुरु की नर्मदा परिक्रमा यात्रा का नगर मंडलेश्वर में आगमन पर हुआ स्वागत

विकास यादव दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

**खरगोन।** निप्र नगर मंडलेश्वर में दादा गुरु का आगमन हुआ जो 1500 दिनों से अखण्ड निराहार महाव्रत साधना अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादा गुरुजी की मां नर्मदा सेवा परिक्रमा जिसके तहत वे सिर्फ मां नर्मदा का जल ग्रहण करते हैं। कोई भी आहार ग्रहण नहीं करते। संतश्री हर दिन 15-20 किमी की पैदल यात्रा करते हैं। जो यात्रा आज दोपहर लगभग 12 बजे मंडलेश्वर नर्मदा तट स्थित मां नर्मदा आश्रय स्थल पहुंची जिनका स्वागत पुष्पों द्वारा किया गया । उक्त जानकारी देते हुए नगर परिषद मंडलेश्वर के अध्यक्ष नर्मदा भक्त विश्वदीप मोयदे ने बताया कि दादा गुरु के साथ 8 राज्यों के लगभग 800 नर्मदा परिक्रमा वासी भी पहुंचेंगे।दादा गुरु मंडलेश्वर में मां नर्मदा जी का पूजन कर के परिक्रमा वासी भोजन प्रसादी ग्रहण कर के ।दादा गुरु मंडलेश्वर आशीष प्रवचन दिए उन्होंने बताया कि नर्मदा परिक्रमा एक ऐसी साधना है कि जो माटी संस्कृतित प्राकृतिक के समीप लाती है बताया नर्मदा परिक्रमा करने को साधना बताया और



उन्होंने कहा कि भारत शक्तियों का देश है और फिर आगे की ओर यात्रा शुरू करी घंटाघर चौक से होते हुए मुख्य मार्ग से होते हुए धरगाव की ओर यात्रा शुरू करी दादा गुरु ग्राम नांद्रा में रात्रि विश्राम करेंगे ।

**व्यापारी संघ ने किया स्वागत :-**

व्यापारी संघ अध्यक्ष भरत राठौड राजेश पवार संयम जैन समीर जैन अनिल पाटीदार ओमप्रकाश दादा अग्रवाल ब्रह्मदत चौहान महेंद्र जैन दादा वीरेन पाटीदार व समस्त व्यापारी संघ के द्वारा बस स्टेड पुलिस थाना के सामने स्वागत किया गया नगर परिषद अध्यक्ष विश्व दिप मोयद समस्त नगर परिषद ने स्वागत फुलो से किया गया समस्त स्टाप उपस्थित था नगर मण्डलेश्वर जगह जगह स्वागत हुआ नगर पत्रकार संघ अध्यक्ष कमलेश चौहान दुर्गेश राजदीप श्याम मेवाडे नितीन जोशी समस्त नगर पत्रकार संघ मण्डलेश्वर ने पुष्प फुल माला से नगर मे पधारे दादा गुरु का स्वागत किया गया पुलिस थाना प्रभारी दिपक यादव के नेत्वृ मे गांधी नगर से पुलिस स्टाप के साथ नगर मण्डलेश्वर व नर्मदा घाट पर भी पुलिस स्टाप का सहयोग रहा

## संक्षिप्त समाचार

### सरदारपुर हिस्पिटल मे गर्म कंबल वितरित किए गए



धार से संवाददाता मैना मारू

**सरदारपुर।** सरकारी सिविल हॉस्पिटल में ठंड के चलते मरीज को मेंनफाइड फार्मा द्वारा गुरुवार सरकारी हास्पिटल में मरीज को डॉक्टर एम एल जैन द्वारा कंबल मेंनफाइड विन्ड फार्मा द्वारा 100 कंबल मरीज को शीतलहर से बचने के लिए वितरण किए गए इसी बीच डॉक्टर जैन द्वारा बताया गया की अस्पताल में मरीजों को ठंड से बचने के लिए घर से इतनी व्यवस्था नहीं कर पाते हैं और कुछ मरीज ऐसे हैं जो घर से कमजोर है आज इस शीतलहर से बचने के लिए एक मानव सेवा का लाभ मिला।

### प्रदेश में अवैध हथियारों पर कंट्रोल के लिए बनाई कमेटी

**भोपाल।** हरदा में अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट के 11 माह बाद राज्य सरकार ने अवैध हथियारों और गोला बारूद पर कंट्रोल के लिए प्लानिंग शुरू की है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस तरह के कारोबार के जरिए अशांति के हालात बनाने के मद्देनजर राज्य शासन से इस मामले में रिपोर्ट मांगी गई है। एमपी में पिछले साल हरदा में अवैध पटाखा फैक्ट्री विवाद की वजह बनी थी। इसी के चलते प्रदेश में अवैध हथियार और गोला बारूद तैयार कर बेचने और उसे एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने जैसे गंभीर मामलों में कंट्रोल के लिए राज्य सरकार ने एक कमेटी बनाई है। यह कमेटी ढाई माह में राज्य सरकार को रिपोर्ट देगी। इसके बाद सरकार इस तरह के मामलों में रोक को लेकर निर्देश जारी करेगी। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस कमेटी के गठन को लेकर आदेश जारी किए जा चुके हैं। इसमें कहा गया है कि अवैध हथियारों और गोला-बारूद के निर्माण, विक्रय, परिवहन एवं उसके उपयोग को नियंत्रित करने के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जा रहा है।

### बाथरूम में पसरी गंदगी, सेनेटरी नैपकिन तक नहीं

**भोपाल।** महिलाओं के लिए 10 साल पहले शहर में 8 शी लाउंज बनाने की योजना अमल में लाने का निर्णय हुआ था, लेकिन 4 साल में केवल तीन ही शी लाउंज बनाए। इनकी स्थिति बेहद खराब है। यहां जरुरी सुविधाओं जैसे सैनिटरी नैपकिन, वाई-फाई, एसी और एफएम रेडियो जैसी सुविधाएं देने जैसे वादे पूरे नहीं किए गए। खुले तीनों शी लाउंज में ऐसी कोई सुविधा नहीं हैं। इनमें से आईएसबीटी का शी लाउंज अपेक्षाकृत साफ है, लेकिन बाकी दो लाउंज में सफाई और सुरक्षा की कमी है। आसपास की दुकानों में महिलाओं की जरूरत के सामान के बदले स्टेशनरी, चाय-नाश्ता जैसी चीजें बेची जा रही हैं। पॉलिटेक्निक चौराहा- यहां सफाई नहीं है, न सैनिटरी नैपकिन की सुविधा है और न कोई महिला स्टाफ। वॉशरूम की छत टूट चुकी है। महिलाओं की जरूरत के सामान के बजाय स्टेशनरी बेची जा रही है। 10 नंबर मार्केट - 10 नंबर मार्केट में स्थित शी लाउंज में वॉशरूम गंदे हैं।

### सीएम ने पूछा-हेल्थ में एमपी देश में किस नंबर पर



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य विभाग की देश में क्या रैंकिंग है? सीएम ने जब मंच से ये सवाल पूछा तो प्रमुख सचिव हेल्थ संदीप यादव और एमडी नेशनल हेल्थ मिशन डॉ. सलोनी सिडाना उन्हें संतुष्टि पूर्ण जवाब नहीं दे पाए। फिर डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल ने मामला संभाला। दरअसल, सीएम डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को प्रदेश के 21 जिलों के 87 आदिवासी ब्लॉक में स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए 66 मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद उन्होंने सीएम हाउस के समत्व भवन में हुए कार्यक्रम को संबोधित किया। पीएस हेल्थ- डिपार्टमेंट वाइज नहीं होती। अलग-अलग सेक्टर और अलग-अलग प्रोग्राम हैं जैसे सिकल सेल है, टीबी है। मामले को संभालते हुए बीच में डिप्टी सीएम शुक्ला बोले- आईएमआर (शिशु मृत्यु दर) और एमएमआर (मातृ मृत्यु दर) को छोड़ दें तो बाकी चीजों में हम अच्छी स्थिति में है।

# बीईओ कार्यालय में 1 करोड़ के घोटाले के 26 आरोपियों पर केस दर्ज

दैनिक केसरिया श्रीराम सेन

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में धोखाधड़ी का मामला, 22 लोगों के खातों में ट्रांसफर हुई थी एक करोड़ 3 लाख 75 हजार 344 रुपए की राशि एफआईआर दर्ज होने के डर से 64 लाख रुपए कर दिए थे जमा सिलवानी के विकासखंड शिक्षा कार्यालय में हुए एक करोड़ 3 लाख 75 हजार 344 की राशि के घोटाले के मामले में सिलवानी पुलिस ने सोमवार को 26 आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया। आरोपियों में पांच प्राचार्य, एक एलडीसी, सात अतिथि शिक्षिक, दो सेवानिवृत कर्मचारी, एक आउटसोर्स कर्मचारी सहित 11 अन्य शामिल हैं।

गबन का मास्टरमाइंड सिलवानी विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ एलडीसी चंदन अहिरवार है, जिसने अपने रिश्तेदारों और अतिथि शिक्षकों के खातों में 2018 से 2022 के बीच यह राशि ट्रांसफर कराई थी। यह फर्जीवाड़ा जिला कोषालय द्वारा अपडेट किए ट्रेजरी कोड जनरेट के दौरान उजागर हुआ था। गबन सामने




आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक के निर्देश पर सिलवानी बीईओ ने अगस्त 2024 में एफआईआर दर्ज करने के लिए सिलवानी थाने में पत्र सौंपा था। इसके बाद डीईओ ने भी एफआईआर दर्ज कराने के पांच महीने में तीन पत्र लिखे थे।

**इन पर दर्ज हुआ प्रकरण :-** सिलवानी के सियाबाई अहिरवार, गायत्री सूर्यवंशी, शिवदास, भोजराज अहिरवार, शंभुदयाल अहिरवार, सुनीता बाई, पुष्पेद्र सिंह ठाकुर, भैरव सिंह सूर्यवंशी नाथूराम अहिरवार शंभुदयाल अहिरवार सरकारी कर्मचारी नहीं थे, फिर भी उनके खाते में लाखों रुपए की राशि डाली गई। इसी तरह लिपिक चंदन अहिरवार, अतिथि शिक्षक सलीम खान, चांद खान, चांद खान पुत्र खलील खान सलमान खान, शाहरुख खान, देवेंद्र श्रीवास्तव, रामलोचन रघुवंशी को भी गलत तरीके से भुगतान किया गया था। इन सभी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने के लिए थाने में पत्र दिया गया था। इसके आधार पर पुलिस ने इन सभी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

**इन प्राचार्यों के हस्ताक्षर से खातों में डाली गई थी राशि :-** सिलवानी के विकास खंड शिक्षा अधिकारी को आहरण का अधिकार नहीं होने की स्थिति में उस समय के तत्कालीन आहरण अधिकारी घनश्याम मेहरा प्राचार्य कन्या उमा विद्यालय बाड़ी, सुनील रजक प्राचार्य कन्या हायर सेकंडरी स्कूल गैरतगंज और सेवानिवृत हो चुके 3 प्राचार्य केसी विश्वकर्मा सियरमऊ, पीपी गुप्ता बम्होरी और दर्शन चौधरी बम्होरी के हस्ताक्षर से उक्त राशि संबंधित लोगों के खातों में डाली थी। यह फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद इन प्राचार्यों की जांच विभागीय तौर पर शुरू की गई है। इन पांचों प्राचार्य के खिलाफ भी थाने में प्रकरण दर्ज किया गया है। इस संबंध में जेपी त्रिपाठी, थाना प्रभारी, सिलवानी ने बताया कि सिलवानी विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में हुए गबन के मामले में लिपिक सहित 26 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया है।

# अवैध शराब की तस्करी में लिप्त 3 तस्करों से दो चार पहिया वाहन एवं 10 पेटी अवैध देशी शराब जप्त

संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा

**तेंदूखेड़ा।** जिले में जुआ सट्टा अवैध मादक पदार्थ के ब्यापार अबैध शराब के कारोबार पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाने गुण्डे बदमाशों की धरपकड अपराध तथा अपराधियों पर पूर्णत: नियंत्रण हेतु नरसिंहपुर पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है।जिले के विभिन्न थानों में लगातार धरपकड की कार्यवाही की जा रही है।इसी सिलसिले में तेन्दूखेडा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये एन एच 45 पर ग्राम गुटोरी प्रतीक्षायल के पास पुलिस टीम द्वारा मारूती इको कार क्रमांक एम पी 20 जेड पी 2024 को रोकने का प्रयास करने पर कार चालक भागने का



प्रयास करने लगा पुलिस टीम द्वारा कार का पीछा कर उसे रोका गया पूछताछ पर कार चालक ने अपना नाम नाम नरेश पिता इन्दर सिंह ठाकुर उम्र 30 साल निवासी ग्राम हथनी एवं बगल में बैठा व्यक्ति ने अपना नाम सतीश पिता रोहित ठाकुर उम्र 23 साल निवासी ग्राम गंगई थाना तेन्दूखेडा का बताया कार की तलाशी लेने पर कार में रखी 10 पेटी देशी शराब पायी गयी। उक्त दोनों आरोपियों से 10 पेटी अवैध देशी शराब एवं कार जप्त की गयी है। अवैध शराब की तस्करी में लिप्त आरोपियों को गिरफ्त में लेकर गहनता सू पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि राकेश सिंह उर्फ राहुल सिंह पिता रूपसिंह ठाकुर, उम्र 31 साल निवासी ग्राम खमरिया थाना तारादेही जिला दमोह हाल ग्राम सारसडोल थाना सुआतला जिला नरसिंहपुर द्वारा अपनी सेन्ट्रो कार क्रमांक एम पी 20 सी ए 2152 में लाकर देना बताया आरोपियों से प्राप्त जानकारी पर राकेश सिंह कार सहित गिरफ्तार किया गया। अवैध शराब की तस्करी में लिप्त उक्त तीनों आरोपियों के विरूद्ध थाना तेन्दूखेडा में अपराध क्रमांक 12/25 धारा 34 (2) 41 42 आबकारी अधिनियम का कायम किया गया है।उक्त कार्यवाही में नगर निरीक्षक बलवीर सिंह चौधरी उपनिरीक्षक संजय सूर्यवंशी आरक्षक कर्मवीर सिंह संजय ठाकुर नारायण मरावी अवधेश कुमार लोधी की मुख्य भूमिका रही है।



# नव वर्ष पर सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज का देश के सभी अधिकारी, कर्मचारियों के लिए विशेष संदेश

उज्जैन आप जितने भी अधिकारी, कर्मचारी हो, आप प्रारब्ध (भाग्य) पर भरोसा करो। प्रारब्ध कर्मों से बनता है, कर्म गंदे मत करो। आपकी कलम ऐसी जगह नहीं चलनी चाहिए कि जो नियम और कानून के खिलाफ हो। कैसा भी दबाव आपके ऊपर हो, चाहे राजनीतिक दबाव हो, चाहे आर्थिक दबाव हो, चाहे सामाजिक दबाव हो, आप अपने उसूल के पक्के रहो। बहुत से अधिकारी ऐसे हैं जो उसूल के पक्के हैं, कोई कुछ भी कहे? हमको नियम के अनुसार काम करना है। तो नियम के अनुसार अगर काम करोगे तो सबके लिए यही प्रणाली लागू हो जाएगी। आप जो अधिकारी हो, आपके जो मातहत लोग हैं, वह भी उसी को सीखेंगे। फिर टेबल के नीचे ऐसे हाथ करने में उनको डर लगेगा कि हमारे साथ ईमानदार आदमी है, केवल तनख्वाह पर भरोसा करते हैं, कई दिन तक केवल एक शर्ट में ही आते हैं, दिन भर में तीन टाइम कपड़ा नहीं बदलते हैं, तो वे भी ऐसे हो जाएंगे। पूजा व सम्मान अगर होता है तो त्यागियों का होता है, भोगियों का नहीं। जो ऋषि, मुनि, महात्मा हुए, जिन्होंने त्याग किया, लंगोटी लगाया उन्हीं का नाम हुआ, उन्हीं की मूर्ति बनी, उन्हीं का नाम ले रहे हैं, उन्हीं की माला लोग जप रहे हैं। उन्हीं की लोग पूजा कर रहे हैं, राजा, भोगी लोगों की नहीं हुई।

कुछ विभाग ऐसे हैं जिनमें काम करने वाले लड़कों से लोग अपनी लड़कियों की शादी नहीं करते थे। बाबाजी ने कहा, आप ये समझो! तनख्वाह कोई देखता है शादी करने के लिए जाता है तब नहीं देखता है। यही देखता है कि कहां से कितनी आमदनी आ रही है। देखो! हम विभाग का नाम नहीं लेना चाहते हैं लेकिन कुछ विभाग ऐसे हैं कि जिस विभाग में लड़का नौकरी करने लग जाता था, पहले उस विभाग के लड़कों के साथ लोग अपनी लड़कियों की शादी नहीं करते थे। इसलिए कि इसके पास हराम का आता है, या ये दिल दुखा करके लाता है या मरवा करके, कटवा करके लाता है, सजा दे कर के वसूल करके लाता है। यह पैसा फलेगा नहीं, हमारे बच्चे, नाती-पोता होंगे उनका विकास नहीं होगा, तो कोई शादी नहीं करता था और अब उसी के साथ शादी कर देते हैं।

# बहुत दिनों से फूट रहे थे मोटरसाइकिल से पटाखे वा मार्केट में करते हैं रेसिंग अब लगा विराम

## भैरूंदा पुलिस द्वारा मॉडिफाइड साइलेंसर लगी स्पोर्ट बाइक को किया गया जप्त

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान, दिनेश चौरसिया

पुलिस अधीक्षक सीहोर श्री दीपक कुमार शुक्ला द्वारा लगातार वाहन चैकिंग करने एवं नियम विरुद्ध चलाए जा रहे वाहनों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया हैं। अति पुलिस अधीक्षक श्री गीतेश गर्ग एवं एसडीओपी श्री दीपक कपूर के मार्गदर्शन में एसएचओ जीएस दांगी द्वारा अपनी टीम के साथ दिनांक 06.01.25 को वाहन चैकिंग के दौरान एक स्पोर्ट बाइक क्र15 स्व04 ड्रुस्र 7276 को चालक मोंटी धुर्वे निवासी तलाई मोहल्ला भैरुंदा सहित पकड़ा गया एवं मोटर व्हीकल एक्ट अंतर्गत करीब आधा दर्जन धाराओं में मोडिफाइड साइलेंसर स्पोर्ट बाइक को जप्त किया गया एवं मोडिफाइड साइलेंसर निकलवाया गया। उक्त जप्तशुदा स्पोर्ट बाइक की पिछले कई दिनों से भैरूंदा




कस्बे में मोडिफाइड साइलेंसर से ध्वनि प्रदूषण करना एवं तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने की शिकायत प्राप्त हो रही थीं।

**जनता से अपील :-**

1.वाहन चालक अपने वाहनों को नियमानुसार चलाए एवं यातायात नियमों का पालन करें।

2.मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग न करें।

3.सीट बेल्ट एवं हेलमेट आवश्यक रुप से पहने।

### गायत्री परिवार की गोष्ठी 9 जनवरी को..

संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में वंदनीय माता भगवती देवी के जन्मशताब्दी वर्ष के तहत सम्पूर्ण विश्व में जारी वृहद जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है।इसी तारतम्य में विगत वर्ष मप्र के प्रत्येक जिले में सद्गुरु सत्ता के सूक्ष्म संरक्षण में जन जाग्रति रथ यात्राएं निकाली गई थीं। जिसमें सभी श्रद्धालुओं का भावभरा सहयोग तहसील क्षेत्र की रथयात्राओं में प्राप्त हुआ था।आगामी फरवरी माह में जनशताब्दी ज्योति कलश यात्राओं का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। इसके तहत प्रदेश के प्रत्येक ग्राम में यह ज्योति कलश यात्रा पहुंचाने का लक्ष्य शांतिकुंज हरिद्वार के नेतृत्व में किया गया है। इस बार लक्ष्य बड़ा है और गुरुसत्ता की अपेक्षाएं भी सभी शिष्यों से महती हैं। जिसे लेकर तेंदूखेड़ा तहसील क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण बैठक गोष्ठी 09 जनवरी गुरुवार को तेंदूखेड़ा में आयोजित है। सभी परिजन आवश्यक रूप से अपनी सहभागिता प्रदान करें। इस गोष्ठी में जिला संयोजक अविनाश बेलाकर जबलपुर उपजोन समिति सदस्य वरिष्ठ परिजन वृंदावन पटैल विषेश रूप से उपस्थित रहेंगे बैठक में गहन विचार विमर्श कर आगामी जनशताब्दी ज्योति कलश यात्रा की तेंदूखेड़ा तहसील क्षेत्र में आयोजन की रुपरेखा निर्धारित की जाएगी ।

# अभिभाषक संघ नागदा की क्रिकेट टीम का गठन

निलेश मेहता दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



अभिभाषक संघ नागदा के अभिभाषाकगण जो क्रिकेट में रुचि रखते है ने क्रिकेट टीम का गठन कर अभ्यास चालू कर क्रिकेट टीम का गठन किया है जिसमे-अफरोज खाँन,अक्षत तिवारी,लक्ष्मण सुंदरा,विष्णुलाल चौहान(संघ सहसचिव),मोहित प्रजापत,अजय पाटीदार, आदित्यसिंह तँवर(पूर्व सहसचिव),शिव कुमार भाटी,पुष्पेन्द्रसिंह गौतम,संजय परमार, जयेश जोशी(संघ कोषाध्यक्ष)फरीद खाँन पठान(पूर्व उपाध्यक्ष)शकेब कुरेशी(पूर्व उपाध्यक्ष)प्रेमचंद चावला, अरुण चौहान एडवोकेट को टीम में सम्मिलित किया गया,टीम ने सर्वानुमति से शकेब कुरेशी एडवोकेट को क्रिकेट टीम का कप्तान घोषित किया,ज्ञात रहे अभिभाषक संघ नागदा का गठन वर्ष 1995 में हुआ था वर्तमान में संघ में 200 के लगभग सदस्य है,बीते 30 वर्षो में कभी भी क्रिकेट में रुचि रखने वाले अभिभाषक संघ के सदस्यों की क्रिकेट टीम की घोषणा अभिभाषक संघ के द्वारा नही की गई इस संबंध वर्तमान अध्यक्ष विजय वर्मा को क्रिकेट में रुचि रखने वाले अभिभाषको ने आवेदन देकर संघ की क्रिकेट टीम का गठन कर उन्हें आवश्यक क्रिकेट सामग्री उपलब्ध कराए जाने का निवेदन किया,इस पर संघ अध्यक्ष वर्मा ने अभिभाषकों के हित में निर्णय लेते हुए क्रिकेट सामग्री उपलब्ध करवाई और उन्हें प्रोत्साहित करते हुए समयानुसार अन्य सामग्री भी उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया जानकारी जैना श्रीमाल एडवोकेट ने दी

## कमलनाथ नाराज, बोले-मुझसे कुछ पूछा नहीं जाता

# मीटिंग की भी सूचना नहीं देते; दिग्विजय ने कहा- मैं कमलनाथ की बात से सहमत

**भोपाल।** पूर्व सीएम कमलनाथ ने प्रदेश कांग्रेस संगठन से नाराजगी जताई है। उन्होंने भरी मीटिंग में कहा कि मुझसे कुछ पूछा नहीं जाता। मीटिंग की सूचना भी नहीं दी जाती। कमलाथ की इस बात का पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह और पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन ने भी समर्थन किया। दरअसल, कांग्रेस 26 जनवरी को महू में जय भीम, जय बापू, जय संविधान रैली का आयोजन करने जा रही है। इसी की तैयारियों को लेकर सोमवार शाम मध्यप्रदेश कांग्रेस की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की वर्चुअल मीटिंग हुई। जिसमें पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व सीएम कमलनाथ,




दिग्विजय सिंह समेत कमेटी के तमाम सदस्य जुड़े थे। वर्चुअल मीटिंग में पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा- आजकल ऐसा चल रहा है कि नियुक्तियों में मुझसे पूछा तक नहीं जाता। भले किसी के कहने से किसी की नियुक्ति हो न हो, लेकिन सीनियर्स से चर्चा करनी चाहिए। बैठकों की मुझे कोई सूचना नहीं दी जाती। अखबारों से पता चलता है कि कांग्रेस की बैठक थी।

कमलनाथ की बात पर दिग्विजय सिंह ने भी कहा कि मैं भी कमलनाथ जी की बात से सहमत हूं। बिना एजेंडे के बैठकें बुला ली जाती हैं। वॉट्सऐप पर भेजे एजेंडा पर उन्होंने कहा कि अध्यक्ष जी 6 बजकर 31 मिनट पर एजेंडा मिला है। अब मैं मोबाइल से मीटिंग में जुड़ा हूं तो एजेंडा कैसे देखूं। मीनाक्षी नटराजन ने भी कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की बात का समर्थन किया। सीनियर नेताओं की बात पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि सबकी राय से ही फैसले लिए जा रहे हैं। कमलनाथ जी से मैं खुद अलग से बात कर लूंगा।

प्रवक्ताओं की नियुक्तियों का गलत पत्र जारी हो गया था, उसे तुरंत निरस्त भी कर दिया था।

बैठक में कमलनाथ समेत कुछ अन्य नेताओं ने कहा कि 26 जनवरी को सब जगह आयोजन होते हैं। ऐसे में सभी लोगों अपने-अपने क्षेत्रों के कार्यक्रमों में भी व्यस्त रहते हैं। कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी 26 जनवरी को आने में दिक्कत होगी। हालांकि, बैठक में ये कहा गया कि तारीख एआईसीसी से तय की गई है। ऐसे में बदलाव को लेकर निर्णय राष्ट्रीय स्तर से ही हो सकता है।

# सागर जिल की दुर्भाग्यपूर्ण घटना

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान दीपेंद्र पटेल



**हटा।** सागर जिले में हाल ही में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने मेरे मन को गहराई से झकझोर दिया है। इस तरह की घटनाएं न केवल हमारे समाज को तोड़ती हैं, बल्कि गांधी जी के अहिंसा और सत्य के सिद्धांतों के भी विपरीत हैं। मैं, राजा पटैरया, आप सभी से विनम्र अपील करता हूं कि हिंसा का मार्ग त्यागें। यह समय एक-दूसरे के खिलाफ खड़े होने का नहीं, बल्कि एक साथ मिलकर अपने समाज और देश को मजबूत करने का है। गांधी जी ने हमें सिखाया है कि हिंसा किसी समस्या का समाधान नहीं है; यह केवल समाज को कमजोर बनाती है। कांग्रेस पार्टी और मैं हमेशा से उन लोगों के साथ खड़े रहे हैं, जो पीड़ा और अन्याय झेल रहे हैं। मैं आपसे वादा करता हूं कि आपकी समस्याओं को हल करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। आइए, हम सब गांधीवादी विचारधारा को अपनाएं और अपने समाज में शांति और भाईचारे की स्थापना करें। सागर जैसी घटनाएं हमारे समाज के लिए एक सबक हैं कि हमें और अधिक सतर्क रहकर ऐसी परिस्थिति से बचने के प्रयास करने चाहिए। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि अपनी बात शांतिपूर्ण तरीके से रखें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कांग्रेस के साथ जुड़ें। यह देश हमारा है, और इसे बेहतर बनाने की जिम्मेदारी भी हमारी है।

## केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 08 तथा 09 जनवरी को विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल



**शिवपुरी**/ संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 08 तथा 09 जनवरी को शिवपुरी भ्रमण पर आएंगे और शिवपुरी में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 08 जनवरी को रात 9 बजे शिवपुरी पहुंचेंगे और गौतम बिहार, श्रीराम कॉलोनी, पोहरी बायपास , पुलिस कंट्रोल रूम के पास, खेड़ापति हनुमान मंदिर झांसी रोड पर आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसी प्रकार 09 जनवरी को प्रातः 10 बजे से माधव राष्ट्रीय उद्यान में जॉर्ज कैसल एवं टाइगर सफारी वाहन का उद्घाटन करेंगे। दोपहर 11.15 बजे नक्षत्र गार्डन में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद थीम रोड बडोदी, शिवपुरी का भ्रमण उपरांत दोपहर 2 बजे बुडाडोंगर, बदरवास पहुंचेंगे। दोपहर 3.30 बजे बांसखेड़ा पहुंचेंगे। शाम 4.15 बजे खरेह, कोलारस पहुंचकर क्रिकेट मैच समापन कार्यक्रम में भाग लेंगे। शाम 6 बजे से पिछोर छत्रसाल स्टेडियम में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके उपरांत चंदेरी के लिए प्रस्थान करेंगे।



## पुलिस परेड ग्राउंड में जनरल परेड कराई

शिवपुरी। पुलिस महानिदेशक द्वारा सभी जिलों को मंगलवार, शुक्रवार को जनरल परेड कराने हेतु निर्देशित किया गया है जिसके तहत आज मंगलवार को शिवपुरी पुलिस द्वारा पुलिस परेड ग्राउण्ड मे परेड का आयोजन किया गया। परेड मे थानों एवं पुलिस लाइन से अधिकारी कर्मचारियों ने भाग लिया, परेड की सलामी अति. पुलिस अधीक्षक संजीव मुले द्वारा ली गई । अति. पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड का निरीक्षण किया, परेड मे अच्छा प्रदर्शन करने व अच्छी वेशभूषा धारण करने बाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को उचित पुरस्कार दिया गया।

## खेल सिर्फ देश के खिलाड़ियों को नहीं बल्कि देश के हर व्यक्ति को खेलना चाहिए : सक्षम जैन



**शिवपुरी**। युवा नेता का भाजपा जिला कोषाध्यक्ष सक्षम जैन ने आज ग्राम पंचायत बघरवारा में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस दौरान खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खेल का जीवन में बहुत बड़ा महत्व होता है। खेल के जरिए आप न सिर्फ अपना और देश का नाम रौशन कर सकते हैं, बल्कि खेल आपके निजी जीवन के लिए भी फायदेमंद होता है। खेल सिर्फ देश के खिलाड़ियों को नहीं बल्कि देश के हर व्यक्ति को खेलना चाहिए। क्योंकि इसके जरिए ही आप अपने स्वास्थ्य को ठीक रख सकते हैं।

युवा नेता सक्षम जैन ने कहा कि शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके साथ खेल आपके तनाव को भी दूर करता है। खेलकूद का हमारे जीवन में बड़ा महत्व है। खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से न केवल शारीरिक व मानसिक विकास होता है बल्कि सामाजिक विकास में भी खेल काफी सहायक हैं। खेलों में हिस्सा लेने से आत्मविश्वास तो बढ़ता ही है साथ ही टीम भावना व प्रतियोगिता की भावना का भी विकास होता है। टूर्नामेंट शुभारंभ से पहले युवा नेता सक्षम जैन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया व आयोजकों को इस आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

## समस्त शैक्षणिक संस्थाओं का संचालन प्रातः 10 बजे से पूर्व न करने के निर्देश



**शिवपुरी**/बढ़ती ठंड के कारण स्कूल जाने वाले बच्चों को समस्या ना हो, इसे ध्यान में रखते हुए स्कूलों के संचालन के समय को लेकर कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी द्वारा आदेश जारी किया गया है। जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त, सीबीएसई, नवोदय, केन्द्रीय शैक्षणिक संस्थाओं का संचालन आगामी आदेश तक प्रातः 10 बजे से पूर्व नहीं किया जाएगा। जिले के समस्त स्कूल शैक्षणिक संस्थाओं के लिए यह निर्देश जारी कर दिए गए हैं। परीक्षाओं का संचालन यथावत रहेगा।

# बदरवास में शुरू हुआ दौड और बनारस एक्सप्रेस का स्टॉपेज

### दौंड एक्सप्रेस के बदरवास स्टेशन पहुंचने पर रेलवे सुविधा संघर्ष समिति ने ट्रेन स्टाफ का किया स्वागत




**बदरवास**- लंबे इंतजार के बाद बदरवास रेलवे स्टेशन पर ग्वालियरङ्कदौंड एक्सप्रेस एवं उधनाङ्कबनारस एक्सप्रेस ट्रेन के स्वीकृत स्टॉपेज शुरू करने की मांग पूरी हो गई है।अब ये दोनों ट्रेनें बदरवास रेलवे स्टेशन पर रुकना शुरू हो गई हैं।गत दिवस ग्वालियरङ्कदौंड एक्सप्रेस के प्रथम बार बदरवास स्टेशन रुकने के अवसर पर रेलवे सुविधा संघर्ष समिति ने ट्रेन के लोको पायलट सहित स्टाफ का पुष्पमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया।तथा इस सुविधा के लिए केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है।

गौरतलब है कि रेलवे सुविधा संघर्ष समिति द्वारा बदरवास स्टेशन पर लंबी दूरी की विभिन्न ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग लगातार की जाती रही है। मार्च 2024 में रेलवे सुविधा संघर्ष समिति की मांग पर केंद्रीय संचार मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों से रेल मंत्रालय द्वारा बदरवास स्टेशन पर ग्वालियरङ्कदौंड एक्सप्रेस एवं उधनाङ्कबनारस एक्सप्रेस का स्टॉपेज स्वीकृत किया गया था। इन दोनों ट्रेनों के स्वीकृत स्टॉपेज को शुरू करने के लिए रेलवे सुविधा संघर्ष समिति द्वारा कई पत्र लिखे गए। फलस्वरूप नए वर्ष में इन दोनों ट्रेनों का स्टॉपेज बदरवास स्टेशन पर शुरू हो गया है। गत दिवस रात्रि में बदरवास स्टेशन पर पहली बार ठहराव पर ग्वालियरङ्कदौंड एक्सप्रेस के लोको पायलट, परिचालक,गार्ड और स्टेशन प्रबंधक विनोद शर्मा सहित स्टेशन स्टाफ का रेलवे सुविधा संघर्ष समिति के सदस्यों ने माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर रेलवे सुविधा संघर्ष समिति के गोविन्द अवस्थी,मनीष बैरागी,संजीव जाट,कपिल परिहार,राजीव शर्मा भुल्ले,अंशुल राठौर सहित कई लोग उपस्थित रहे।

**बड़े शहरों के आवागमन में होगी सुविधा :** रेलवे सुविधा संघर्ष समिति की मांग पर केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों से रेल मंत्रालय द्वारा बदरवास स्टेशन पर 22193ङ्क94 दौंड एक्सप्रेस एवं 20961ङ्क62 बनारस एक्सप्रेस के स्टॉपेज शुरू होने से बदरवास क्षेत्र के लोगों को अब वाराणसी,प्रयागराज, कानपुर,पुणे,मुंबई,बड़ोदरा,सूरत,उज्जैन ,रतलाम आदि दूरस्थ नगरों तक आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।

**उज्जैनी और बांद्रा एक्सप्रेस के हो स्टॉपेज :** क्षेत्रीय यात्रियों के सुविधार्थ रेलवे सुविधा संघर्ष समिति द्वारा कई वर्षों से बदरवास स्टेशन पर उज्जैनी एक्सप्रेस,झांसीङ्कबांद्रा एक्सप्रेस, लक्ष्मीबाई नगरङ्कऋषिकेश एक्सप्रेस,अमृतसर एक्सप्रेस के स्टॉपेज सहित स्टेशन पर सुविधाएं बढ़ाने की मांग की जा रही है।इसके लिए विभिन्न जनप्रतिनिधियों,रेलवे के आलाधिकारियों के समक्ष इन मांगों को समिति लगातार रखती आ रही है।




## राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में जीते 6 स्वर्ण पदक

शिवपुरी/ मध्य प्रदेश जूडो एसोसिएशन के तत्वाधान में जिला इंदौर जूडो एसोसिएशन के द्वारा 2 जनवरी से 5 जनवरी तक सब जूनियर और क्रेडिट बालक बालिका राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन नेहरू स्टेडियम इंदौर में किया गया जिसमें शिवपुरी जिले से 17 बालक बालिका जूडो खिलाड़ियों ने भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी के के खरे ने जानकारी देते हुए बताया कि जूडो प्रशिक्षक शिशुपाल सिंह रघुवंशी के प्रशिक्षण में इन खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में बहुत ही शानदार खेल दिखाते हुए 6 स्वर्ण पदक एक रजत पदक और 4 कांस्य पदक अपने नाम किए।

**पदक प्राप्त खिलाड़ी :** स्वर्ण पदक विजेता 28किग्रा.वर्ग में शिवानी बिल्ला,44 किग्रा सुनैना शर्मा, 48किग्रा अमृता लोधी, 52 कि.ग्रा. नित्या रघुवंशी, 40केजी लक्ष्य चौहान,45 किग्रा वर्ग में लोकेंद्र गुर्जर ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। रजत पदक -73केजी प्रियांश रघुवंशी , कांस्य पदक विजेता 30 किग्रा सुमित लोधी, 73किग्रा रामराजा ,44 किग्रा हंसिका भार्गव, 57 किग्रा वर्ग में काम्या कोली ने पदक प्राप्त किया।

इस राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता की खास बात रही कि 6 स्वर्ण पदक के साथ सब जूनियर में शिवपुरी जिला चैंपियन रहा। इस प्रतियोगिता की बेस्ट जूडो खिलाड़ी अमृता लोधी शिवपुरी की ही रही। खेल अधिकारी डॉ के के खरे ने बताया कि जूडो में खिलाड़ियों द्वारा यह प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ है। नए खिलाड़ी भी आकर जूडो सीख सकते हैं।

## शिक्षा भारती में अतिथि शिक्षकों को 50 प्रतिशत आरक्षण निरस्त हो



शिवपुरी। डीएड और बीएड छात्रों द्वारा मंगलवार को कलेक्टर शिवपुरी को मप्र शासन के शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। आगामी शिक्षा भर्ती में अतिथि शिक्षकों को 50त्न आरक्षण संबंधी राजपत्र दिनांक 27/12/2024 निरस्त करने हेतु ज्ञापन दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शांतनु सिंह कुशवाह, छात्र रूपेंद्र शर्मा, गजेंद्र कुशवाह, विवेक धाकड़, रूपेंद्र भदौरिया, राहुल तिवारी, अमोल सिंह लोधी, प्रवीण शर्मा, प्रदीप पाराशर, शिवसिंह कुशवाह, आदि सैकड़ों छात्र उपस्थिति रहे। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शांतनु सिंह कुशवाह एवं छात्रों द्वारा 3 दिन का भी अल्टीमेटम भी दिया गया है अगर राजपत्र तुरंत प्रभाव से निरस्त नहीं होता है तो जिलाव्यापि आंदोलन किया जाएगा।

## कुशवाहा समाज के युवाओं ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**शिवपुरी**। मंगलवार का दिन भी कड़ाके की ठंड की आगोश में रहा उत्तर भारत में लगातार जारी बर्फबारी से शिवपुरी मे शीतलहर जारी है।ऐसे में सबसे ज्यादा उन लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिनके पास सर छिपाने के लिए कोई छत नहीं है।ऐसे में पोहरी रोड बस स्टैंड के पास रहने वाले केशरिया कुशवाहा आरामशीन वालों के बेटों और उनके साथियों ने गरीबों को ठंड से बचाने का एक प्रयास किया है जिसमें सभी युवाओं ने एक दूसरे से कंबल खरीदने राशि एकत्रित कर 100 कंबल खरीदे और शहर के अलग-अलग मंदिरों पर पहुंचकर ठंड से परेशान लोगों को कंबल भेंट किए जिसमें हनूमान मंदिर माधव चौक पर पचास लोगों को कंबल भेंट किए।

उसके बाद मंशापूर्ण मंदिर पर 20 कंबल भेंट किए और बांकडे हनूमान मंदिर पर पहुंचकर गरीबों को 30 कंबल भेंट किए। इन युवाओं का कहना है कि अभी और कंबल बांटने की भी तैयारी चल रही है जिससे ठंड से गरीबों को कुछ हद तक राहत मिल सके। कंबल भेंट करने वाले युवाओं में डैनी कुशवाहा, सोनू कुशवाहा, पवन कुशवाहा, वीरेन्द्र कुशवाहा, धर्मेन्द्र कुशवाहा, आकाश कुशवाहा एवं नरेन्द्र राठौर की भूमिका रही।

# शिक्षा और संस्कार से ही होगा समाज का सर्वांगीण विकास: प्रदीप झा

### प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर ओझा समाज युवक मंडल शिवपुरी मध्य प्रदेश द्वारा बैठक का हुआ आयोजन




शिवपुरी - ओझा समाज युवक मंडल शिवपुरी मध्य प्रदेश द्वारा आज प्रदेश कार्यालय पर *卐प्रतिभा सम्मान समारोह卐* कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजन किया गया जिसमें समाज के सभी बंधुगण,वरिष्ठ समाजसेवी और संगठन के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक सभा की *अध्यक्षता* वरिष्ठ समाजसेवी जयप्रकाश ओझा (सेवा-निवृत्ति प्राचार्य व् उपसंचालक शिक्षाविभाग) द्वारा की गई ।

बैठक में ओझा समाज युवक मंडल के *संरक्षक* प्रदीप जी झा (प्राचार्य) द्वारा समाज के आर्थिक रूप से असमर्थ व् असक्षम परिवार के विद्यार्थियों के लिए *निशुल्क शिक्षा* की व्यवस्था करना और ग्रामीण क्षेत्रों में निवास कर रहे विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा अर्जित करने की व्यवस्था करना और समाज के सभी शिक्षक वर्ग द्वारा इसमें अपना अपना सहयोग प्रदान करना जिससे शिक्षा के माध्यम से सामाजिक विकास को नई दिशा व् गति मिल सके। बैठक में उपस्थित *वरिष्ठ समाजसेवी* आर.डी.ओझा ने आई.टी.आई शिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षार्थियों के लिए निशुल्क आईटीआई प्रशिक्षण व अप्रेंटिस शिक्षण की व्यवस्था करने पर अपनी सहमति प्रदान कर इसकी व्यवस्था कराने में सहयोग प्रदान की बात कही जिससे इन छात्रों को अपने कार्य में निपुणता और गुणवत्ता प्राप्त हो सके द्य

तत्पश्चात् ओझा समाज युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन के कार्यक्रम को लेकर सभी समाज बंधुगणों ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किए गए जिन पर सभी बंधुगणों द्वारा विस्तृतरूप से विचार विमर्श किया गया।

**प्रतिभा सम्मान समारोह** कार्यक्रम के लिए आगामी दिनांक 16 फरवरी 2025 का दिन तय किया गया है जिसमें कक्षा 10वीं , 12वीं तथा सरकारी नौकरी में पदस्थ समाज के प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं के विवरण एकत्रीकरण के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की गई।

बैठक सभा में वरिष्ठ समाज बंधुगण आर. डी. झा, महेश झा, एडवोकेट मंगल सिंह ओझा , कन्हैया लाल ओझा, शिक्षक दिनेश कुमार ओझा , रमेशचंद्र ओझा , शिक्षक रामगोपाल ओझा, शिवलाल ओझा(सेवा निवृत्त शिक्षक), एडवोकेट कृष्णकांत झा, सुखदीप ओझा, मनोज ओझा, कपिल ओझा (मुंडेरी), राज ओझा (प्रदेश अध्यक्ष),मनोज कुमार ओझा (प्रदेश उपाध्यक्ष), नंदकिशोर ओझा (प्रदेश कोषाध्यक्ष), मुनेश कुमार झा (प्रदेश प्रचार मंत्री) आदि सदस्यगण उपस्थित रहे।

## जानकी सेना का तीर्थ क्षेत्र सुंदरकांड वृंदावन में हुआ संपन्न



**शिवपुरी।** अखिल भारतीय जानकी सेना संगठन का भव्य 589 वा विश्व कल्याण हेतु तीर्थ क्षेत्र सुंदरकांड विगत दिवस शनिवार को वृंदावन धाम में संपन्न हुआ। इस दौरान कई नए सदस्यों ने भी सदस्यता ली। अखिल भारतीय जानकी सेना संगठन के तत्वाधान में शनिवार को श्री धाम वृंदावन में विश्व शांति हेतु वेद वैदिक सेवाश्रम गुरुकुलम में 589 वा सुंदरकांड आयोजन संपन्न हुआ। जहां संगठन के वृंदावन प्रभारी आचार्य वेद बिहारी,और स्थानीय सदस्य एवं गुरुकुलम के विद्यार्थी शामिल हुए और संगीतमय सुंदरकांड का आनंद लिया। संगठन सदस्यों ने वर्ष के प्रथम मास में चल रहे मात-पिता गुरु पूजन के अंतर्गत आचार्य वेद बिहारी जी का चरण पूजन किया। आपको बता दे कि वेद वैदिक मानव सेवाश्रम में आयोजित हुए। वेद बिहारी महाराज के सानिध्य में किया गया था। श्री वेद बिहारी मथुरा वृंदावन के जेएसएस प्रभारी होकर जानकी सेना में संगठन विस्तार का भी कार्य करते हैं।

## पूर्व बीआरसीसी.की 105 वर्षीय माताजी का निधन



शिवपुरी। पूर्व वीआरसीसी रामस्नेही गुप्ता की 105 वर्षीय मां रामकली देवी गुप्ता धर्मपत्तिनी भैयालालजी गुप्ता निवासी-बामोरकला (खनियांधाना) का आकस्मिक देवलोक गमन हो गया है। वह अपने परिवार मे 154 लगभग सदस्यों का भरा पूरा परिवार छोड़ कर ब्रह्मलीन हो गई है। उनके आत्म शान्ति हेतु ? शान्ति । शोक संतृप्त परिवार के धैर्य साहस हेतु ईश्वरीय कृपा सदैव बनी रहे।

# विवेकानंद युवा शक्ति मिशन को कैबिनेट बैठक में मिली मंजूरी, युवा दिवस से होगी शुरुआत

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में स्वामी विवेकानन्द युवा शक्ति मिशन शुरू करने की सैद्धांतिक मंजूरी दी गई। यह मिशन प्रदेश के युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए तैयार किया गया है, जो उनकी सामाजिक और आर्थिक उन्नति में मदद करेगा। मिशन का शुभारंभ 12 यानी युवा दिवस पर होगा। कैबिनेट के निर्णय की जानकारी देते हुए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि मिशन का मकसद युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, उन्हें प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना और उनकी उत्पादकता बढ़ाना है। इसके लिए तीन मुख्य बिंदु तय किए गए हैं। हर युवा की आय न्यूनतम कुशल श्रेणी के श्रमिक की आय के बराबर हो। हर युवा कक्षा 12वीं तक की पढ़ाई पूरी करे। 10वीं तक यह लक्ष्य 2028 और 12वीं तक 2030 तक हासिल होगा। हर युवा को समाजहित में किसी न किसी पहल का हिस्सा बनाना है। उन्होंने बताया कि मिशन के तहत संवाद, सामर्थ्य (योग्यता) और समृद्धि जैसे विषयों पर काम किया जाएगा। 2030 तक 70 प्रतिशत युवाओं को इन लक्ष्यों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।



इसके अलावा कैबिनेट ने प्रदेश में दुग्ध उत्पादकों की आय दोगुनी करने के लिए सहकार्यता अनुबंध को मंजूरी दी। यह अनुबंध राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) और एम.पी. स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड के बीच किया जाएगा। इससे निम्न उद्देश्य को प्राप्त करने काम होगा।

ग्राम पंचायतों में कलेक्शन सेंटर- दूध खरीद और सही कीमत सुनिश्चित करने के लिए हर ग्राम पंचायत में कलेक्शन सेंटर खोले जाएंगे।

प्रसंस्करण क्षमता में वृद्धि- दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता बढ़ाई जाएगी।

निवेश- अगले पांच वर्षों में लगभग 1500 करोड़ रुपये का निवेश होगा।

दुग्ध समितियां- दुग्ध समितियों की संख्या 6000 से बढ़ाकर 9000 की जाएगी।

दूध संकलन- प्रतिदिन 10.50 लाख किलोग्राम से बढ़ाकर 20 लाख किलोग्राम दूध संकलन का लक्ष्य रखा गया है।

सांची ब्रांड को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत पहचान दिलाने के लिए इसका प्रचार-प्रसार किया जाएगा। दुग्ध उत्पादकों की वार्षिक आय 1700 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 3500 करोड़ रुपये करने का लक्ष्य रखा गया है।

# इंदौर में ठंड का असर बढ़ा, तापमान गिरा, तेज हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन

**इंदौर।** इंदौर में सर्द हवाओं के चलते ठंड ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है। जम्मू-कश्मीर और हिमालयी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी से तापमान में गिरावट जारी है, जिससे आने वाले दिनों में ठंड और तेज होने की संभावना है। इंदौर में सर्द हवाओं के कारण ठंड ने जोरदार वापसी की है। पिछले 24 घंटों में दिन का तापमान 6 डिग्री की गिरावट के साथ 24एष्ट तक पहुंच गया, जबकि रात का तापमान 3 डिग्री की कमी के साथ 9.3एष्ट दर्ज किया गया। जनवरी के पहले सप्ताह में यह दूसरी बार है



जब रात का तापमान 10 डिग्री से नीचे गिरा है। मंगलवार सुबह हल्का कोहरा छाया रहा और ठंड का असर लगातार बना हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट के आसार हैं, जिससे ठंड और बढ़ने की संभावना है। सोमवार दोपहर तक हल्की हवाएं चल रही थीं, लेकिन बाद में 16 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं ने ठंड का प्रभाव बढ़ा दिया। शाम तक ठंड और अधिक महसूस हुई, और रात में लोगों को अलाव और हीटर का सहारा लेना पड़ा। हिमालयी क्षेत्रों जैसे जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और लद्दाख में हो रही बर्फबारी का असर मध्य प्रदेश पर साफ दिखाई दे रहा है। तेज सर्द हवाओं के कारण ठंड का प्रकोप बढ़ गया है।

सोमवार को 12.6 किलोमीटर की ऊंचाई पर 204 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से जेट स्ट्रीम बहने की वजह से तापमान में और गिरावट दर्ज की गई। आने वाले दिनों में बर्फ पिघलने से सर्द हवाएं और तेज होंगी, जिससे प्रदेश में ठंड का प्रभाव बढ़ेगा। मौसम विभाग ने 10 जनवरी को उत्तर-पश्चिम भारत में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना जताई है। इसके चलते 12 जनवरी से हल्की बूंदाबांदी की संभावना है, जो ठंड को और अधिक बढ़ाएगी।

# भोपाल को यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क में सिटी ऑफ लिटरेचर बनाने की तैयारी, मिलेगी अंतरराष्ट्रीय पहचान

**भोपाल।** भोपाल में साहित्यिक गतिविधियों की समृद्ध परंपरा है। विश्व पुस्तक मेले, साहित्य उत्सव, कवि सम्मेलनों और चर्चित साहित्यिक मंचों की मेज़बानी करते हुए, यह शहर साहित्यिक उन्नति का केंद्र बना है। स्थानीय लेखकों, कवियों और साहित्यप्रेमियों की सक्रिय भागीदारी इसे सिटी ऑफ लिटरेचर के लिए एक मजबूत दावेदार बनाती है। भोपाल अपनी समृद्ध साहित्यिक परंपरा, सांस्कृतिक विविधता और साहित्यिक कार्यक्रमों के लिए विख्यात है। इसके मद्देनजर, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड इस वर्ष 2025 में भोपाल को यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क (यूसीसीएन) में सिटी ऑफ लिटरेचर के रूप में शामिल कराने के लिए आवेदन तैयार कर रहा है। बता दें कि वैश्विक पहचान का मंच यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क (यूसीसीएन) की स्थापना 2004 में उन शहरों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए की गई थी, जिन्होंने अपने विकास में रचनात्मकता को प्राथमिकता दी है। वर्तमान में 350




शहर इस नेटवर्क का हिस्सा हैं और यह सात रचनात्मक क्षेत्रों में कार्य करते हैं। इनमें शिल्प और लोक कला, डिजाइन, फिल्म, गैस्ट्रोनॉमी, साहित्य, मीडिया कला और संगीत शामिल है। भोपाल में साहित्यिक गतिविधियों की समृद्ध परंपरा है। विश्व पुस्तक मेले, साहित्य उत्सव, कवि सम्मेलनों और चर्चित साहित्यिक मंचों की मेज़बानी करते हुए, यह शहर साहित्यिक उन्नति का केंद्र बना है। स्थानीय लेखकों, कवियों और साहित्यप्रेमियों की सक्रिय भागीदारी इसे सिटी ऑफ लिटरेचर के लिए एक मजबूत दावेदार बनाती है।

2023 में मध्यप्रदेश के ग्वालियर को यूनेस्को क्रिएटिव सिटी ऑफ म्यूजिक के रूप में मान्यता मिल चुकी है। इसके बाद भोपाल को सिटी ऑफ लिटरेचर के रूप में शामिल करने राज्य सरकार और पर्यटन प्रयास कर रहे है।मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड भोपाल के साहित्यिक और सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करने के लिए विस्तृत आवेदन तैयार कर रहा है। इसमें शहर की साहित्यिक गतिविधियों, ऐतिहासिक योगदान और भविष्य की योजनाओं का उल्लेख किया जाएगा।

## सीएम ने पूछा-हेल्थ में एमपी देश में किस नंबर पर

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य विभाग की देश में क्या रैंकिंग है? सीएम ने जब मंच से ये सवाल पूछा तो प्रमुख सचिव हेल्थ संदीप यादव और एमडी नेशनल हेल्थ मिशन डॉ. सलोनी सिडाना उन्हें संतुष्टि पूर्ण जवाब नहीं दे पाए। फिर डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल ने मामला संभाला। दरअसल, सीएम डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को प्रदेश के 21 जिलों के 87 आदिवासी ब्लॉक में स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए 66 मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद उन्होंने सीएम हाउस के समत्व भवन में हुए कार्यक्रम को संबोधित किया। पीएस हेल्थ- डिपार्टमेंट वाइज नहीं होती। अलग-अलग सेक्टर और अलग-अलग प्रोग्राम हैं जैसे सिकल सेल है, टीबी है।

# भोपाल के बिल्डर अपहरणकांड का आरोपी बोला-नितेश ने झूठा फंसाया

## करोड़ों रुपए हड़पने का आरोप लगाया, परिवार सहित सुसाइड की धमकी दी

**भोपाल।** श्रीमान मैं निर्दोष हूं...बिल्डर नीतेश ठाकुर ने हम पर झूठी एफआईआर दर्ज कराई है। होशंगाबाद रोड पर एक कीमती जमीन का सौदा किया था। नीतेश हमारा पार्टनर है। इस सौदे में हमने 30 करोड़ रुपए प्रॉफिट कमाया। नीतेश की नीयत इस रकम को हड़पने की है। एडवांस के जो दस करोड़ रुपए मिले थे, वो नीतेश ने हमें फंसाने पर खर्च कर दिए। वल्लभ भवन में पदस्थ एक आईजी के नाम से नीतेश धमकाता है। हमारे घर पुलिस टीम के साथ पहुंचता है। पुलिस के नाम से धमकाता है। नीतेश स्वयं एक अपराधी है, जिसके खिलाफ कोलार, कोहेफिजा और सीहोर में कई आपराधिक केस दर्ज हैं। हमारी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। केस की



सीआईडी जांच कराई जाना चाहिए। सब दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। मैं निर्दोष जेल नहीं जाउंगा, ऐसी नौबत आई तो मैं परिवार सहित वल्लभ भवन के सामने सुसाइड कर लूंगा। बता दें कि पंकज सहित मामले के फरार सभी पांच आरोपियों पर हाल ही में तीस हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। केस की जांच एसीपी अंजली रघुवंशी के सुपरविजन में एसआईटी कर रही है। मामले में 18 नवंबर को एफआईआर दर्ज की गई थी। 43 दिन बाद भी पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर सकी है। इधर, बिल्डर नितेश ठाकुर ने आरोपियों द्वारा लगातार धमकाने के आरोप लगाए हैं। नितेश सिंह ठाकुर ने बताया कि वह दानिश हिल्स कोलार में रहते हैं। भोपाल में रियल एस्टेट का काम हैं। हाल ही में मिसरोद में 32 करोड़ रुपए की एक जमीन बेची है। इसकी जानकारी उनके पूर्व परिचित संजय राजावत निवासी न्यू द्वारकापुरी पुरानी छावनी ग्वालियर, पंकज परिहार पिपरोली गढ़िया, जिला इटावा उत्तर प्रदेश, भोपाल ट्रैफिक पुलिस के आरक्षक रहा हेमंत चौहान, ओम राजावत निवासी पुरानी छावनी ग्वालियर और आकाश राजावत निवासी ग्वालियर को थी।

## प्रदेश में अवैध हथियारों पर कंट्रोल के लिए बनाई कमेटी

**भोपाल।** हरदा में अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट के 11 माह बाद राज्य सरकार ने अवैध हथियारों और गोला बारूद पर कंट्रोल के लिए प्लानिंग शुरू की है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस तरह के कारोबार के जरिए अशांति के हालात बनाने के मद्देनजर राज्य शासन से इस मामले में रिपोर्ट मांगी गई है। एमपी में पिछले साल हरदा में अवैध पटाखा फैक्ट्री विवाद की वजह बनी थी। इसी के चलते प्रदेश में अवैध हथियार और गोला बारूद तैयार कर बेचने और उसे एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने जैसे गंभीर मामलों में कंट्रोल के लिए राज्य सरकार ने एक कमेटी बनाई है। यह कमेटी ढाई माह में राज्य सरकार को रिपोर्ट देगी। इसके बाद सरकार इस तरह के मामलों में रोक को लेकर निर्देश जारी करेगी। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस कमेटी के गठन को लेकर आदेश जारी किए जा चुके हैं। इसमें कहा गया है कि अवैध हथियारों और गोला-बारूद के निर्माण, विक्रय, परिवहन एवं उसके उपयोग को नियंत्रित करने के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जा रहा है।

### कमलनाथ नाराज, बोले-मुझसे कुछ पूछा नहीं जाता

# मीटिंग की भी सूचना नहीं देते; दिग्विजय ने कहा- मैं कमलनाथ की बात से सहमत

**भोपाल।** पूर्व सीएम कमलनाथ ने प्रदेश कांग्रेस संगठन से नाराजगी जताई है। उन्होंने भरी मीटिंग में कहा कि मुझसे कुछ पूछा नहीं जाता। मीटिंग की सूचना भी नहीं दी जाती। कमलाथ की इस बात का पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह और पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन ने भी समर्थन किया। दरअसल, कांग्रेस 26 जनवरी को महू में जय भीम, जय बापू, जय संविधान रैली का आयोजन करने जा रही है। इसी की तैयारियों को लेकर सोमवार शाम मध्यप्रदेश कांग्रेस की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की वर्चुअल मीटिंग हुई। जिसमें पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व सीएम कमलनाथ, दिग्विजय सिंह समेत कमेटी के तमाम सदस्य जुड़े थे। वर्चुअल मीटिंग में पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा- आजकल ऐसा चल रहा है कि नियुक्तियों में मुझसे पूछा तक नहीं जाता। भले किसी



के कहने से किसी की नियुक्ति हो न हो, लेकिन सीनियर्स से चर्चा करनी चाहिए। बैठकों की मुझे कोई सूचना नहीं दी जाती। अखबारों से पता चलता है कि कांग्रेस की बैठक थी।

कमलनाथ की बात पर दिग्विजय सिंह ने भी कहा कि मैं भी कमलनाथ जी की बात से सहमत हूं। बिना एजेंडे के बैठकें बुला ली जाती हैं। वॉट्सऐप पर भेजे एजेंडा पर उन्होंने कहा कि अध्यक्ष जी 6 बजकर 31 मिनट पर एजेंडा मिला है। अब मैं मोबाइल से मीटिंग में जुड़ा हूं तो एजेंडा कैसे देखूं। मीनाक्षी नटराजन ने भी कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की बात का समर्थन किया। सीनियर नेताओं की बात पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि सबकी राय से ही फैसले लिए जा रहे हैं। कमलनाथ जी से मैं खुद अलग से बात कर लूंगा।

# दतिया विधायक ने पूर्व गृहमंत्री पर लगाए गंभीर आरोप, बोले- मिश्रा ने राज्य के संसाधनों का किया दुरुपयोग

**भोपाल।** कांग्रेस नेता एवं दतिया विधायक राजेंद्र भारती ने सोमवार को पीसीसी में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा नेता और पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा पर गंभीर आरोप लगाए है। भारती ने मिश्रा पर भ्रष्टाचार, आपराधिक गतिविधियों और अनैतिता के आरोप लगाते हुए कहा कि उनके खिलाफ विस्तृत जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मिश्रा ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए कई मामलों में राज्य के संसाधनों का दुरुपयोग कर जनता को धोखा दिया है। भारती ने हाल ही में चर्चा में आए परिवहन विभाग के भ्रष्ट आरक्षक सौरभ शर्मा का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया, ष्सौरभ शर्मा को अनुकंपा नियुक्ति दिलाने और उसके बाद दतिया की चूरूला बेरियर पर पोस्टिंग कराने में नरोत्तम मिश्रा की प्रत्यक्ष भूमिका रही है। यही से मिश्रा ने शर्मा के द्वारा करोड़ो रूपये की बसूली एवं लूट



शुरू कराई। यह मामला केवल एक उदाहरण है, मिश्रा के ऐसे दर्जनों भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों से संबंध हैं।ष् भारती ने इस मामले को प्रदेश में बढ़ते राजनीतिक संरक्षण के एक उदाहरण के रूप में पेश किया। उन्होंने कहा, की जब भ्रष्ट मामूली आरक्षक के पास इतना पैसा और संपत्ति है। तो सोचिए इनकी पोस्टिंग और संरक्षण देने वाले नरोत्तम मिश्रा के पास कितनी काली कमाई होगी, इसकी जांच होनी चाहिए।

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि नरोत्तम मिश्रा के तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए दतिया सहित प्रदेशभर में स्वास्थ्य विभाग में फर्जी भर्तियां और ट्रांसफर किये गए तथा उन में से अधिकांश फर्जी कर्मचारियों का वेतन यूनिक कोड से कराया गया। भारती ने इसी प्रकार, भ्रष्टाचार और ई-टेंडर घोटाले में नरोत्तम मिश्रा की कथित संलिप्तता का आरोप लगाया। भारती ने कहा, व्यापम घोटाले, जिसने प्रदेश की छवि को धूमिल किया, उसमें भी नरोत्तम मिश्रा की अहम भूमिका रही है। मिश्रा ने इन घोटालों के माध्यम से न केवल धन अर्जित किया बल्कि प्रदेश के युवाओं के सपनों के साथ खिलवाड़ किया। इससे पहले आयकर विभाग की टीम ने मुकेश शर्मा के छापा लगा जिसमें बरामद दस्तावेजों से पता लगा कि दो अलग-अलग कंपनियों से नरोत्तम मिश्रा ने 27 करोड़ रुपये के लगभग रिश्वत ली। और उस पैसे से भोपाल में जमीन खरीदी। और उस पैसे का ट्रांजेक्शन डबरा, भितरवार से फर्जी किसानों के नाम से डाला गया था। जो रिपोर्ट में उजागर है। भारती ने कहा कि नरोत्तम मिश्रा के छोटे पुत्र अंशुमान मिश्रा की कंपनी डाबर अल्कोब्रू प्राइवेट लिमिटेड, गैलेक्टिक इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड, संसाई प्रोप्राइटर्स एंड होटल प्राइवेट लिमिटेड के नाम से तीनों कंपनी में काली कमाई को सफेद किया जा रहा है।

## 2025 में मोहन यादव कैबिनेट की पहली बैठक..

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कैबिनेट की साल 2025 में आज (मंगलवार) पहली बैठक हो रही है। इस बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में 26 दिसंबर को हुए मंथन पर चर्चा होगी। मंथन के दौरान सीएम यादव ने मंत्रियों से कहा था कि युवा, गरीब, किसान और महिलाओं से संबंधित अपने विभागों की योजनाएं पता कराएं और उसके क्रियान्वयन की रिपोर्ट लेकर इन चारों वर्गों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ देने का काम कराएं। इसके लिए सीएम ने मंत्रियों को विभागीय स्तर पर समीक्षा बैठकें करने के लिए कहा गया था। आज हो रही कैबिनेट बैठक में सीएम यादव इस मामले में मंत्रियों से विभागवार और योजना के आधार पर अपडेट ले सकते हैं।

# नीट पीजी काउंसलिंग के दूसरे चरण के सीट आवंटन परिणाम पर रोक

**जबलपुर।** याचिका में कहा गया था कि चार जनवरी को पारित संशोधित आदेश के बाद वे काउंसलिंग में शामिल होने के पात्र हैं। रजिस्ट्रेशन पोर्टल 3 जनवरी को बंद कर दिया गया है, जिसके कारण वे आवेदन करने से वंचित हो रहे हैं। मध्य प्रदेश जबलपुर हाईकोर्ट ने नीट पीजी काउंसलिंग के दूसरे चरण के सीट आवंटन परिणाम घोषित करने पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट जस्टिस सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी और जस्टिस अनुराधा शुक्ला की युगलपीठ ने याचिकाकर्ता सेवारत डॉक्टरों के लिए रजिस्ट्रेशन का पोर्टल खोलने के आदेश जारी करते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका पर अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद निर्धारित की गई है। याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी डॉ. आयुष श्रीवास्तव सहित 14 अन्य चिकित्सकों की तरफ से दायर की गई याचिका में कहा गया था कि नीट पीजी काउंसलिंग 2024 में सम्मिलित होने के लिए क्वालीफाई पर्सेंटाइल 4 जनवरी 2025 को



घटा दिए गए हैं। जिसके बाद सामान्य और ईडब्ल्यूएस श्रेणी के उम्मीदवार, जिनका नीट पर्सेंटाइल 15 से अधिक है और आरक्षित श्रेणी के वे उम्मीदवार जिनका नीट पर्सेंटाइल 10 से अधिक है, वे काउंसलिंग में सम्मिलित होने के लिए पात्र हैं। मध्यप्रदेश में नीट पीजी की दूसरे राउंड की काउंसलिंग 1 जनवरी 2025 से प्रारंभ हुई थी। जिसमें च्वाइस फिलिंग होने के बाद 7 जनवरी को सीटों का आवंटन परिणाम घोषित किए जाना था।

याचिका में कहा गया था कि चार जनवरी को पारित संशोधित आदेश के बाद वे काउंसलिंग में शामिल होने के पात्र हैं। रजिस्ट्रेशन पोर्टल 3 जनवरी को बंद कर दिया गया है, जिसके कारण वे पात्र होने के बावजूद आवेदन करने से वंचित हो रहे हैं। याचिका में राहत मांगी गई थी कि उन्हें दूसरे राउंड में शामिल किया जाए। याचिकाकर्ताओं की तरफ से अधिवक्ता आलोक बागरेचा एवं अधिवक्ता विशाल बघेल ने पैरवी करते हुए तर्क दिया कि याचिकाकर्ताओं को काउंसलिंग से वंचित किया जाना उनके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है।

## बाथरूम में पसरी गंदगी, सेनेटरी नैपकिन तक नहीं

**भोपाल।** महिलाओं के लिए 10 साल पहले शहर में 8 शी लाउंज बनाने की योजना अमल में लाने का निर्णय हुआ था, लेकिन 4 साल में केवल तीन ही शी लाउंज बनाए। इनकी स्थिति बेहद खराब है। यहां जरुरी सुविधाओं जैसे सैनिटरी नैपकिन, वाई-फाई, एसी और एफएम रेडियो जैसी सुविधाएं देने जैसे वादे पूरे नहीं किए गए। खुले तीनों शी लाउंज में ऐसी कोई सुविधा नहीं हैं। इनमें से आईएसबीटी का शी लाउंज अपेक्षाकृत साफ है, लेकिन बाकी दो लाउंज में सफाई और सुरक्षा की कमी है। आसपास की दुकानों में महिलाओं की जरूरत के सामान के बदले स्टेशनरी, चाय-नाश्ता जैसी चीजें बेची जा रही हैं। पॉलिटेक्निक चौराहा- यहां सफाई नहीं है, न सैनिटरी नैपकिन की सुविधा है और न कोई महिला स्टाफ। वॉशरूम की छत टूट चुकी है। महिलाओं की जरूरत के सामान के बजाय स्टेशनरी बेची जा रही है। 10 नंबर मार्केट - 10 नंबर मार्केट में स्थित शी लाउंज में वॉशरूम गंदे हैं। सैनिरी नैपकिन की व्यवस्था नहीं है। आसपास जो दुकानें बनी हैं, वहां कपड़े और खाने-पीने की चीजें बेची जा रही हैं।

# कलेक्टर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई



**शहडोल।** कलेक्टर शहडोल डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने शहडोल जिले के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में राजस्व से संबंधति, पीएम किसान, पीएम आवास, सीएम किसान, आर्थिक सहायता, खाद्य, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, जनजातीय विभाग सहित शासन द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से संबंधित शिकायतों के आवेदन प्राप्त हुए जिनका निराकरण हेतु कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर भागीरथी लहरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस द्वारा आदतन अपराधी सबदर खान के विरूद्ध जिला बदर प्रस्तावित

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा आदतन अपराधी सबदर खान पिता नजीर खान उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम करकटी, थाना खैरहा, शहडोल का जिला बदर प्रस्तावित किया गया है। उक्त आरोपी लम्बे समय से जुआ खेलने / खिलाने की विभिन्न अवैध गतिविधियों में संलिप्त था। पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा उक्त व्यक्ति की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं लोक परिशांति कायम रखने के उद्देश्य से जिला बदर प्रकरण तैयार कर प्रतिवेदन जिला दण्डाधिकारी शहडोल की ओर प्रेषित किया गया है।

# साकार होगी विकसित शहडोल की परिकल्पना

## विकसित शहडोल 2047 के संबंध में कॉन्क्लेव का किया गया आयोजन

**शहडोल।** विकसित शहडोल 2047 पर कॉन्क्लेव का आयोजन संभागीय मुख्यायल शहडोल के पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय शहडोल में किया गया। कॉन्क्लेव में विधायक मनीषा सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि निश्चित ही विजन डॉक्यूमेंट शहडोल के विकसित होने की परिकल्पना में सहायक होगा। कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने विजन डॉक्यूमेंट विकसित शहडोल 2047 को समर्पित किया। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कहा कि विकसित शहडोल 2047 के रिसर्च में जो



आर्थिक व्यय आएगा उसे प्रशासन उठाएगा। आवश्कता अविष्कार की जननी होती है, आवश्कता का पता चल गया है अब संसाधन की आवश्कता है, जिसे जुटाकर पूरा करना है। सबसे जरूरी चीज इच्छा शक्ति है तो सब कुछ हो सकता है। कार्यक्रम में कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता, कुलगुरु प्रो रामशंकर, कुलसचिव प्रो. आशीष तिवारी, विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राओं ने कॉन्क्लेव में सहभागिता निभाई।

## पुलिस के द्वारा अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही




शहडोल। थाना खैरहा क्षेत्रांतर्गत सोमवार को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम चौराडीह की तरफ कुछ व्यक्ति रेत का अवैध परिवहन कर रहे हैं। सूचना पर खैरहा पुलिस द्वारा सूचना स्थान पर दबिश देने पर एक ट्रेक्टर मय रेत लोड आते दिखा जिसे रोका गया, पूंछताछ करने पर चालक ने अपना नाम धनीराम कोल एवं वाहन पर सवार अन्य व्यक्ति ने अपना नाम राकेश गुप्ता दोनो निवासी ग्राम लालपुर, थाना बुढ़ार बताया गया। उक्त वाहन की तलाशी लेने पर अवैध रेत लोड होना पाया गया, परिवहन के संबंध में वैध दस्तावेज न होना पाया गया। जिससे खैरहा पुलिस द्वारा वाहन को मय रेत लोड जप्त कर चालक एवं वाहन मालिक विरूद्ध बी.एन.एस एवं खनिज अधिनियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

# कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता की उपस्थिति में मंगलवार को कमिश्नर कार्यालय शहडोल के अमरकंटक सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में राजस्व से संबंधति, पीएम किसान, पीएम आवास, सीएम किसान, आर्थिक




सहायता, खाद्य, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, जनजातीय विभाग सहित शासन द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से संबंधित शिकायतों के आवेदन प्राप्त हुए जिनका निराकरण हेतु कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

# विजन 2047 के संबंध में विधायक ने ली बैठक

**शहडोल।** विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने जिला पंचायत के सभागार में विजन 2047 के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी पात्र हितग्राहियों को पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ दिलाए और जनहित में काम करें। बैठक में राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, कृषि, उद्यानकी, पशु चिकित्सा, शिक्षा, के साथ लोक स्वास्थ्य, यांत्रिकी विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारियों योजनाओं का प्रारूप



प्रस्तुत किया गया। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, श्रीमती प्रगति वर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, सीईओ जनपद अशोक मरावी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थें।

## आयुष्मान भारत योजना के तहत नजनुनिषा का हुआ निःशुल्क उपचार

**शहडोल।** आयुष्मान भारत योजना के तहत शहडोल जिले के सोहागपुर निवासी नजनुनिषा का शासन द्वारा चिन्हित संभागीय मुख्यालय शहडोल के आदित्य हॉस्पिटल में हाथ का आपरेशन निःशुल्क किया गया, जिससे उनके हाथ की समस्या का समाधान हुआ और उन्हें राहत मिली। उनका इलाज विभिन्न चिकित्सकों से कराया गया था, लेकिन आर्थिक स्थिति की वजह से उन्हें उचित उपचार नहीं मिल पा रहा था। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से नजनुनिषा को न केवल उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवा प्राप्त हुई, बल्कि उनका इलाज पूरी तरह से निःशुल्क हुआ। नजनुनिषा ने आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क उपचार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव,



कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा सहित स्वास्थ्य अमले को तहे दिल से धन्ययाद देते हुए कहा कि इस योजना ने मेरे जैसे बुजुर्गों को उपचार की नई उम्मीद दी है।

# डूमर गांव के जैन मंदिर में चोरी, सोने की मूर्ति, चांदी के छत्र और नकदी ले गए चोर

**दमोह।** जिले के नोहटा थाना अंतर्गत ग्राम डूमर में स्थित सैकड़ो वर्ष प्राचीन नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में सोमवार की रात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर सोने की मूर्ति के साथ चांदी के छत्र और दान पेटी चोरी कर ले गए और एक प्रतिमा को खंडित भी कर गए। घटना के बाद जैन समाज के लोगों में आक्रोश है। मंगलवार सुबह चोरी की जानकारी लगने पर पुलिस को अवगत कराया। एफएसएल और फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ ने पहुंचकर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में सोमवार रात चोरों ने मंदिर में रखी 200 ग्राम वजनी भगवान पारसनाथ की सोने



की मूर्ति, दो किलो चांदी के छत्र और दान पेटी में रखे 20 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए हैं। इतना ही नहीं चोर पारसनाथ भगवान की मूर्ति भी खंडित कर गए हैं।सुबह समाज के लोगों को जानकारी लगी और पुलिस को बुलाया गया। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वाड की मदद से पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है। घटना के बाद जैन समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त है और पुलिस से जल्दी से जल्दी अज्ञात चोरों को पकड़ने की मांग की जा रही है। संजय जैन ने बताया अज्ञात चोरों सोने की मूर्ति चुराई और चांदी के क्षत्र व दान पेटी से नगदी चुरा ले गए। भगवान की एक प्रतिमा भी खंडित की गई है। इस घटना के बाद समाज के लोगों में काफी आक्रोश है और जल्द ही आरोपियों को खोजने की मांग की है। नोहटा थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया चोरों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पुलिस द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी तत्काल गिरफ्तार

**शहडोल।** थाना जैतपुर क्षेत्रांतर्गत रविवार को 17 वर्षीय नाबालिग बालिका के परिजनों द्वारा थाना उपस्थित होकर बालिका के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी थी। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपहरण की धाराओं के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया। जिसके उपरांत जैतपुर पुलिस द्वारा परिजनों से महत्तवपूर्ण जानकारी इकट्ठा कर पतासाजी की गई एवं सूचना मिलने पर दस्तयाबी हेतु तत्काल रवाना हुए, दस्तयाबी उपरांत बालिका से पूंछताछ करने पर आरोपी सोनू पाव पिता बुद्धसेन पाव उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम डौकीबूडी, थाना जैतपुर द्वारा अपहरण कर जबरदस्ती गलत काम(दुष्कर्म) करना बताया गया। जिसपर जैतपुर पुलिस द्वारा सक्रियता से आरोपी की तलाश कर आरोपी सोनू पाव को मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## जनसुनवाई में शांति सिंह ने दिया फौती नामांतरण का आवेदन

### तहसीलदार ने मौके पर ही जांच कर बताया पूर्व में ही हो चुका है फौती नामांतरण

**शहडोल/ अनूपपुर।** कलेक्टर कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिसमें जिले के विभिन्न अंचलों के आवेदक अपनी समस्याओं के संबंध में आवेदन प्रस्तुत करते हैं आवेदको के आवेदनों पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही भी सुनिश्चित की जा रही है मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में उपस्थित हुई आवेदिका शांति सिंह माता सियाबाई ने फौती नामांतरण किए जाने के संबंध में जनसुनवाई में कलेक्टर हर्षल पंचोली के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया जिस पर कलेक्टर ने मौके पर ही तहसीलदार को आवेदक की समस्या के निराकरण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए जिस पर तहसीलदार ने फौती नामांतरण के संबंध में जांच की तो पाया कि आवेदक का फौती नामांतरण का कार्य 18 अक्टूबर 2024 को होकर अभिलेख में भी पूर्व में नाम दर्ज कर दिया गया है। मौके पर ही इसकी प्रति आवेदक को उपलब्ध कराई गई। आवेदक ने प्रशासन की तत्परता की सराहना करते हुए मध्य प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन को साधुवाद ज्ञापित किया है।

# घना कोहरा छाया, सर्द हवा से बढ़ी ठिठुरन, 2.5 डिग्री गिरा पारा

**दमोह।** दमोह जिले में सर्द हवा चलने के कारण कड़ाके की ठंड पड़ रही है। आलम यह है कि दिन में भी लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ा रहा है। मंगलवार सुबह भी शहर में कोहरा छाया रहा। आठ बजे तक कोहरा हटने के बाद आसमान में बादल छाए गए। शहर में दिन का तापमान 24 घंटे में 2.5 डिग्री गिर गया है। सोमवार को न्यूनतम तापमान 11 डिग्री और अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, इससे पहले रविवार को न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री व अधिकतम तापमान 24 डिग्री दर्ज किया गया था। अब पड़ रही कड़ाके की सर्दी से बचने के लिए लोग दिन में भी अलाव का सहारा ले रहे हैं। मौसम



वैज्ञानिक के अनुसार चार-पाच दिन ऐसा ही मौसम रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान 26.1 से 28.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8.7 से 10.8 डिग्री के बीच रह सकता है। अधिकतम सापेक्षित आर्द्रता 78 से 85 प्रतिशत एवं न्यूनतम सापेक्षित आर्द्रता 53-59 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है। सर्द हवा भी जारी रहेगी। बता दें कि एक सप्ताह पहले हुई बारिश के बाद शहर में अचानक से ठंड बढ़ गई है। जबकि दिसंबर के पूरे महीने में इतनी ठंड नहीं थी। लेकिन, अब लोगों को कड़ाके की सर्दी का अहसास हो रहा है।

कृषि मौसम वैज्ञानिक के अनुसार, सरसों की फसल में रसचूसक का प्रकोप देखा जा रहा है। इसके नियंत्रण के लिए थायोमेथाक्साम 25 डब्लूजी 250 ग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें। भटा फसल में भेदक कीट का प्रकोप देखने में आ रहा है। इसके लिए फिरोमेन ट्रेप लगाकर वयस्क कीटों को नष्ट करें, इसके लिए 20 फिरोमेन ट्रेप प्रति हेक्टेयर लगाएं। चना व मसूर की फसल में इल्ली के नियंत्रण के लिए इमामेक्टिन बेंजोएट 5 प्रतिशत एसजी 100 ग्राम प्रति एकड़ के दर से छिड़काव करें।

## पुलिस द्वारा 24 घंटे के अंदर नाबालिग बालिका की दस्तयाबी

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा लंबित गुमशुदगी नाबालिग बालक/बालिका के प्रकरणों की समीक्षा की गई थी। जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक प्रकरणों का आवलोकन कर थाना प्रभारियों को दस्तयाबी हेतु समुचित निर्देश दिये गए थे, जिसके तारत्म्य मे थाना धनपुरी पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका की दस्तयाबी की गई है। सोमवार को थाना धनपुरी अंतर्गत 15 वर्षीय नाबालिग बालिका को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने की गुमशुदा रिपोर्ट परिजनों द्वारा दर्ज करायी गई थी। जिस पर थाना धनपुरी पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जिसके उपरांत धनपुरी पुलिस द्वारा परिजनों से महत्तवपूर्ण जानकारी इकट्ठा कर पतासाजी की गई एवं सूचना मिलने पर दस्तयाबी हेतु तत्काल रवाना हुए। जिस पर मंगलवार को नाबालिग बालिका को पुलिस द्वारा ग्राम निपनिया, थाना सिंहपुर से दस्तयाब कर सही सलामत परिजनों को सुपुर्द किया।

# जर्जर हो चुके 100 साल पुराने सराफा बाजार के 56 दुकानदारों से नपा ने मांगे दस्तावेज

**दमोह।** दमोह जिले के हृदय स्थल घंटाघर के पास स्थित 100 साल पुरानी सराफा बाजार की दो मंजिला बिल्डिंग जर्जर हो चुकी है। जिसके चलते तीन दिसंबर को नगर पालिका द्वारा यहां के 56 सराफा दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए थे। जिसमें कहा गया था कि उनके पास दुकान की लीज या स्वामित्व संबंधी जो भी दस्तावेज उपलब्ध हैं, वह 15 दिन के अंदर नगर पालिका में उपलब्ध कराए जाएं। इसके लिए 19 दिसंबर तक का समय दिया गया था। लेकिन, पूरा महीना बीतने के बाद भी अधिकांश दुकानदारों ने अपने दस्तावेज जमा नहीं कराए हैं। सीएमओ का कहना है कि अभी नगर पालिका के पास एक भी दस्तावेज जमा नहीं हुए हैं, जबकि दुकानदारों का कहना है कि करीब 15 दुकान मालिकों के दस्तावेज जमा हो चुके हैं, शेष के दस्तावेज जल्द ही एक साथ जमा कर दिए जाएंगे।

दरअसल, पीडब्ल्यूडी विभाग ने 100 साल पुरानी सराफा बाजार की दो मंजिला बिल्डिंग को कंडम घोषित किया था। भविष्य में कोई बड़ा हादसा न हो, इसके लिए प्रशासन द्वारा यहां के दुकानदारों से दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। जिससे यह पता चल सके कि कितने दुकानदारों का यहां वास्तविक मालिकाना



हक है। तीन साल पहले भी नगर पालिका द्वारा इन दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए थे। उस समय नगर पालिका ने इस बिल्डिंग की जगह नया कॉम्प्लेक्स बनाने का प्रस्ताव तैयार किया था। जिससे यहां की सड़क चौड़ी हो सके और दुकानदारों को भी व्यवस्थित रूप से पक्की दुकानें उपलब्ध हो सकें। इसके लिए सराफा दुकानदारों को भवन खाली करने के लिए भी नोटिस दिया गया था, जिसके लिए उन्हें एक महीने की मोहलत दी गई थी। लेकिन, उस समय कार्रवाई को रोक दिया गया था। नए कॉम्प्लेक्स बनाने की प्रक्रिया फाइलों में ही कैद होकर रह गई। अब इस बिल्डिंग को लेकर दोबारा योजना बनाई जानी है। सराफा बाजार की दुकानों के बाहर मुख्य सड़क की चौड़ाई महज 20 फीट है। दुकानों के बाहर बाइक व अन्य वाहन खड़े होने से यह सड़क दोपहर में केवल 15 फीट की रह जाती है। ऐसे में इस मार्ग पर दिन भर यातायात बाधित रहता है। चार पहिया वाहनों की क्रॉसिंग के दौरान जाम लग जाता है। खास बात यह है कि यह सड़क सबसे व्यस्ततम मार्ग है। इसी मार्ग से धरमपुरा, बजरिया वार्ड, पुराना थाना, सिटीनल, असाटी वार्ड सहित एक दर्जन वार्डों के लोग मुख्य बाजार के लिए आते-जाते हैं। जिससे इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही दिनभर बनी रहती है। इसके चलते यहां पर नया कॉम्प्लेक्स बनाने की योजना बनाई गई थी, जिससे यहां पर करीब 30 फीट चौड़ी जगह निकल सके, जिससे शहरवासियों को जाम से राहत मिलेगी।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादकः अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल
जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### धार्मिक स्थलों से छेड़छाड़ बर्दास्त नही की जायेगी-विकास हिन्दू



हाई मास्ट लाइट के सम्बन्ध में राष्ट्रीय हिन्दू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू ने कहा कि हरगांव का धार्मिक स्थल हिन्दुओं की धर्मस्थली है वहां के विकास कार्य में किसी प्रकार की क्षति पहुंचाई जाती है तो राष्ट्रीय हिन्दू शेरसेना कतई बर्दास्त नही करेगा। हरगांव नगर पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा क्षति पहुंचाने वालों को बचाया जा रहा है। जबकि तस्वीरे व सीसी फुटेज में ट्रैक्टर ट्राली, जेसीबी आदि स्पष्ट दिखाई दे रहा है राष्ट्रीय हिन्दू शेर सेना मामले की तह तक जायेगा और दोषियों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही के लिये जिला प्रशासन से मांग करेगा जिससे भविष्य में पुनः ऐसी घटना न घटित हो सके।

### शिवपुरी में प्रधानपति के नाम हुआ भुगतान

**सीतापुर।** विकास खण्ड गोंदलामऊ में लगातार जारी आदेशों को दरकिनार कर सचिव के द्वारा प्रधान और प्रधान परिजनों के नाम भुगतान करने का सिलसिला जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते जारी है। एक के बाद एक ग्राम पंचायतों मे ई-स्वराज के आंकड़ो के अनुसार लगभग जिम्मेदारों द्वारा वित्तीय धनराशि में फर्जीवाड़ा कर भारी मात्रा में अधिकांश ग्रामपंचायतों में भुगतान किया गया है । बताते चले कि गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत शिवपुरी में प्रधान सुमन मिश्रा पत्नी कमलेश कुमार ने अपने पति के नाम 22.06.2024 में 12500, 15000 , 15000,10000 कुल मिलाकर 60 हजार 273 रूपये का भुगतान किया है। जो कि जारी आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। इस सम्बन्ध में जब सचिव रमाकान्त को फोन लगाने का प्रयास किया गया तो बजती रही घटिण नही उठा फोन।

### गोकसी के मामले में चार गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाहीध्गिरफ्तारी करने हेतु निर्देश दिये गये है । उक्त निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद श्री वेद प्रकाश श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में थाना सदरपुर पुलिस टीम द्वारा प्रकाश में आये वांछित 04 अभियुक्तगण सुहेल पुत्र समीम नि0 पट्टीपुरवा मजरा धरमपुर थाना सदरपुर सीतापुर मुजीब खान पुत्र ईदरीश नि0 पट्टीपुरवा मजरा धरमपुर थाना सदरपुर सीतापुर 3.मोहम्मद अकलम पुत्र मो0उमर नि0 पट्टीपुरवा मजरा धरमपुर थाना सदरपुर सीतापुर मो0 असलम पुत्र बली मोहम्मद नि0 पट्टीपुरवा मजरा धरमपुर थाना सदरपुर जनपद सीतापुर को लोनियन पुरवा वाले नदी के पुल से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तो का चालान न्यायालय किया गया है।

### न्यायालय ने घोषित किये अवकाश

**सीतापुर ।** जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना ने बताया कि उच्च न्यायालय के पत्र दिनांक-08.05.2009 के अनुपालन में जनपद न्यायालय, सीतापुर में वर्ष 2025 हेतु दिनांक-15.01.2025, 15.03.2025, 28.03.2025, 29.07.2025, 06.09.2025, 22.10.2025, 23.10.2025, 05.11.2025 को स्थानीय अवकाश घोषित किये गये हैं। जिस कारण जनपद न्यायालय, सीतापुर की समस्त न्यायालय एवं कार्यालय, जनपद की वाह्य न्यायालय सिविल जज (जू0डि0), महमूदाबाद, सीतापुर, न्यायालय सिविल जज (जू0डि0), बिसवां, सीतापुर, ग्राम न्यायालय सिधौली, सीतापुर एवं ग्राम न्यायालय लहरपुर, सीतापुर उपरोक्त वर्णित दिनांकों को बंद रहेंगे।

### एक मार्च से शुरू हो जायेगी गेहूं खरीद

**सीतापुर ।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी उदय प्रताप सिंह सिसोदिया ने बताया कि भारत सरकार, उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, खाद्य एवं वितरण विभाग के पत्र दिनांक-25.10.2024 के क्रम में आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग, उ0प्र0, जवाहर भवन लखनऊ के कार्यालय पत्र दिनांक 19 नवम्बर 2024 द्वारा रबी विपणन वर्ष 2025-26 मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत गेहूं का पिछले वर्ष के सापेक्ष रू0 150- की वृद्धि करते हुए गेहूं का समर्थन मूल्य रू0 2425- प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है तथा गेहूँ क्रय की तैयारी हेतु समय-सारणी भी निर्गत की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि गेहूँ विक्रय हेतु कृषक पंजीकरण प्रारम्भ है। कृषक भाई गेहूँ विक्रय के पूर्व किसी भी जनसुविधा केन्द्र, साइबर कैफे, मोबाइल फोन तथा मोबाइल ऐप के माध्यम से खाद्य विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण नवीनीकरण करा सकते है। जिन किसानों द्वारा धान खरीद में पंजीकरण कराया गया है उनको पुनः पंजीकरण की आवश्यकता नही है।

# भाजपा जिला कार्यालय पर संविधान गौरव अभियान कार्यशाला का हुआ आयोजन

**सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर संविधान गौरव अभियान के तहत जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी नीरज सिंह उपस्थित रहे अपने उद्बोधन में उन्होंने संविधान के विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला और भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा किए गए संवैधानिक राष्ट्रीय हित के कार्यों के विषय में विस्तार से बताया। साथ ही साथ जिला प्रभारी नीरज सिंह में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के सम्मान में भाजपा द्वारा किए गए कार्यों को भी विस्तार से बताया और कांग्रेस द्वारा समय-समय पर किए गए संविधान विरोधी कार्यों का भी विस्तार से बखान किया। उन्होंने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के विषय में संविधान के खिलाफ जाकर धारा 370 को देश पर थोपने का आरोप लगाया साथ ही साथ पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश पर लगाई गई इमरजेंसी को भी संविधान विरोधी करार देते हुए देश और संविधान का अपमान बताया। जिला प्रभारी ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं से संविधान का पालन कर दूर से दूर लोगों को संविधान के प्रति जागृत करने का आवाहन भी किया और सभी को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के द्वारा बनाए गए




संविधान के तहत भारत माता को विश्व गौरव दिलाने के लिए तप करने का आवाहन भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा किया गया उन्होंने संविधान गौरव दिवस पर सभी कार्यकर्ताओं से जन-जन तक जाकर कांग्रेस की संविधान विरोधी नीतियों और भारतीय जनता पार्टी की संविधान सम्मत नीतियों का प्रचार करने के लिए कहा जिला अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों से संविधान की प्रति अपने घर पर रखकर निरंतर अध्ययशील रहने का आवाहन भी किया। कार्यक्रम को क्षेत्रीय महिला मोर्चे की अध्यक्ष डॉ गोदावरी मिश्रा ने भी संबोधित कर संविधान गौरव के विषय में विस्तार से प्रकाश डाला कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक रोहित सिंह द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से सह कार्यक्रम संयोजक कंचन प्रभा पांडे शिव शंकर राजवंशी जिला उपाध्यक्ष व सह चुनाव अधिकारी सुधाकर शुक्ला रमेश भार्गव दीपू संजय मिश्रा विश्राम सागर राठौर , नैमिष रत्न तिवारी, इंदू सिंह ,करुणा शंकर त्रिपाठी नीरज वर्मा झल्लर, जया सिंह उदित बाजपेई अजय विश्वकर्मा जितेंद्र मेहरोत्रा, रामकिंकर पांडे कौशलेंद्र सिंह , विष्णु मौर्य, श्वेताशु बाजपेई ,अमित दीक्षित ,सहित मंडल अध्यक्ष, कार्यकर्ता जिला पदाधिकारी व समर्थक उपस्थित रहे।

### पूर्व प्रदेश अध्यक्ष की पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने श्रद्धा सुमन की अर्पित

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व वित्त मंत्री रहे डॉ राजेंद्र गुप्ता की पुण्यतिथि के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला जिला प्रभारी नीरज सिंह सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी द्वारा पढ़ाव स्थित उनकी मूर्ति पर पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए इस अवसर पर जिला कार्यालय पर भी उनके चित्र पर भाजपाइयों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई एवं उनके कृतित्व और पार्टी सेवा पर चर्चा भी की गई।

# हरगांव मेला रोड की हाई मास्ट लाइट बनी चर्चा का विषय

### जिम्मेदारों द्वारा एक दूसरे को बचाने के प्रयास में

**सीतापुर।** नगर पंचायत हरगावं के आउट सोर्स कर्मचारी सगीर ने थानाध्यक्ष हरगावं को शिकायत पत्र देकर अवगत कराया कि प्रतिदिन की तरह नगर में भ्रमण कर नगर की सभी स्ट्रीट लाइट बंद कर रहे थे जब हम मेला रोड हाईमास्ट लाइट बंद करने पहुंचे तो वहां पर हाईमास्ट लाइट पोल सहित गायब मिली। जिसकी सूचना नगर पंचायत कार्यालय हरगावं में भी दे दी है। इसके पूर्व में भी हरगांव नगर पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों की सोलर पैनल व बैट्र भी चोरी हो गई है। आउट सोर्स कर्मचारी सागीर ने थानाध्यक्ष को शिकायत पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। बताते चले कि हरगांव में हर वर्ष हिन्दू धर्म की आस्था से जुड़ा कार्तिक मेला लगता है। जिसकी समस्त व्यवस्था की जिम्मेदारी नगर पंचायत हरगांव के जिम्मेदारों की होती है। जिससे मेला सकुशल पूर्ण हो सके व श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। लेकिन मेला रोड व मैदान से जुड़ी चोरी की घटनाएं नगर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है कि जब एक तरफ नगर पंचायत से व्यवस्थाएं दुरूस्त कराई जाती है उन्ही व्यवस्थाओं को कुछ विशेष लोगो द्वारा व्यवस्थाओं को क्षति पहुंचाई जा रही है तो जिम्मेदारो द्वारा कोई ठोस कार्यवाही क्यो नही की जाती है। इस सम्बन्ध में जब नगर पंचायत अध्यक्ष गफ्फार खां से जानकारी ली गई तो उन्होने बताया कि नगर क्षेत्र के ही कुछ लोग थे जो जेसीबी से लाइट को ले गये थे बाद में फिर उन्ही लोगों से लाइट वही पुनः लगवाई गई है। अब लाइट वही पर स्थापित की गई है लेकिन जाने वालों का जब नाम पूछा गया तो उन्होने बताने में हिला हवाली की।



### सीसी फुटेज दे रहे गवाही नामचीन लोगो के आ रहे वाहन प्रकाश में

हिन्दू धर्म स्थल से जुड़ी हरगांव जिसे विराट की नगरी के नाम से जाना जाता है और धार्मिक ग्रन्थों के अनुसार यही पर पाण्डवों ने अपना अज्ञातवास का एक वर्ष बिताया था। वहां भी हाईमास्ट लाइट की चर्चा व लगे सीसी फुटेज में जो प्रत्यक्ष दिखाई दे रहा वह कुछ और ही बयां कर रहा है। फुटेज के अनुसार हाईमास्ट लाइट को जेसीबी से निकालकर टैक्टर ट्राली के माध्यम से किसी दूसरे स्थान पर ले जाया जाता है। घटना चर्चित होने के बाद फिर वही लाइट को पुनः लाकर दूसरे स्थान पर स्थापित करा दी जाती है। जिससे यह प्रतीत होता है कि जिम्मेदारों द्वारा लाइटो के नाम पर बड़े घोटाले को अंजाम देने का प्रयास किया जा रहा था। लेकिन घटना जग जाहिर होने के बाद उसको दबाने का प्रयास किया जा रहा है। चर्चाएं यह भी है कि क्षेत्र के एक बड़े प्रधान व राजनैतिक पदासीन रहे व्यक्ति के द्वारा इस पूरी घटना को अंजाम दिया गया। लेकिन प्रकरण ज्यादा प्रकाश में आने के बाद योजना विफल हो गई।

# भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व वित्त मंत्री स्वर्गीय राजेन्द्र गुप्त की पूणतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये



**सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व वित्त मंत्री स्वर्गीय राजेन्द्र गुप्त की पूणतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस मौके पर भाजपा नेता अनीत मिश्रा ने कहा कि राजेन्द्र गुप्ता की कमी प्रदेश की सियासत में आज भी खल रही है। राजेन्द्र गुप्ता ने भाजपा के विभिन्न पदों पर रहकर अपनी अंतिम सांसों तक समाज की सेवा करते रहे तथा देश व प्रदेश की तरक्की के बारे में हमेशा सोचते है और विकास की गति प्रदान करते रहे। इस अवसर पर जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग अशोक राठौर निवर्तमान नगर उपाध्यक्ष राकेश चंद्र गुप्ता पिंकू पंकज अवस्थी मनीष पांडेय ममता डोडेजा विनोद गिहार सभासद निवर्तमान नगर उपाध्यक्ष विजय शुक्ला सत्यम त्रिवेदी विनोद त्रिपाठी सभासद विष्णु वर्मा सभासद सिद्ध गोपाल मेहरोत्रा सर्वेश निषाद पूर्व नगर अध्यक्ष निवर्तमान नगर महामंत्री अनीत मिश्र आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जरूरी सुविधा न मिलने पर हुई जूनियर रेजिडेंट की मौत, चिकित्सको ने किया प्रदर्शन

**सीतापुर।** जनपद के अटरिया थाना क्षेत्र में विगत दिवस जून्यिर रेजिर्डेट की जरूरी सविधाएं न मिलने से दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से भड़के डाक्टरों ने हंगामा कर दिया। कार्यवाही के आश्वासन पर डाक्टर शांत हुए। गौरतलब हो कि हिंद मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग के जूनियर रेजिडेंट की बीती रात हृदयगति रुकने से मौत हो गई। इसके बाद चिकित्सकों ने जरूरी सुविधाएं न मिलने का आरोप लगाते हुए मेडिकल कॉलेज में प्रदर्शन किया। करीब दो घंटे के प्रदर्शन के बाद डायरेक्टर ने मांगों पर कार्रवाई किए जाने का आश्वासन देकर मामला शांत कराया।डॉ. अजीत बिहार के बेगूसराय जनपद के मूल निवासी थे। वह हिंद मेडिकल कॉलेज में बाल रोग विभाग में जूनियर रेजिडेंट के पद पर पढ़ाई कर रहे थे। शनिवार रात वह अपने छात्रावास में थे। इस दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। इस पर साथी डाक्टरों ने उन्हें मेडिकल विभाग में भर्ती कराया। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इसके बाद सैकड़ों चिकित्सकों ने अस्पताल के मुख्य कार्यालय पर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। चिकित्सकों ने कहा कि हार्ट अटैक के साथ अन्य बीमारियों से निपटने के लिए अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाई जाएं। सभी ब्लॉकों व छात्रावास में 24 घंटे लिफ्ट चालू की जाए। व्हीलचेयर और स्ट्रेचर हर समय उपलब्ध रहे। इमरजेंसी में दवाओं का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध रहे। आपातकालीन स्थिति में रेजिडेंट की सहायता के लिए प्रशिक्षित स्टॉफ नियुक्त हो। हंगामे के दौरान अस्पताल के डायरेक्टर राजेश रॉय, प्रधानाचार्य नरसिंह वर्मा व अन्य अफसरों ने चिकित्सकों से बातचीत की। समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया है। इसके बाद चिकित्सक शांत हुए और परिजन शव लेकर घर चले गए। डॉक्टरों ने शोकसभा भी की।

## आरिफ का कातिल गिरफ्तार..

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व नियंत्रण हेतु अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया है।उक्त निर्देश के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ.प्रवीन रंजन सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद वेदप्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में थाना सदरपुर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 15.12.2024 को थाना क्षेत्रान्तर्गत घरथरी चैराहे के पास अज्ञात द्वारा आरिफ पुत्र अयुब उम्र करीब 40 वर्ष निवासी पट्टी का पुरवा ग्राम धरमपुर थाना सदरपुर जनपद सीतापुर की धारदार हथियार से मृत्यु होने के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 399/24 धारा 103(1) पंजीकृत अभियोग की विवेचना व प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर प्रकाश में आये अभियुक्त हकीक पुत्र करमुद्दीन उर्फ बुधई निवासी ग्राम पट्टीपुरवा मजरा धरमपुर थाना सदरपुर जनपद सीतापुर मूलपता ग्राम भिटना फर्द थाना रेउसा सीतापुर को गिरफ्तार किया गया है। जिसकी निशानदेही पर आलाकत्ल (01 अदद बांका) बरामद हुआ है। अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि दिनांक 14.12.24 को खेत की जुताई को लेकर भी मृतक से विवाद एवम् अपनी पत्नी व मृतक के मध्य अवैध संबंध के शक के चलते क्षुब्ध होकर उसके द्वारा दिनांक 14/15.12.24 की रात्रि घटना को अंजाम दिया गया था।

# हो रही कड़ाके की ठण्ड में नगर वासियों का रखा जा रहा विशेष ध्यान : बेबी अभिषेक गुप्ता

### 160 स्थानों पर जलवाये जा रहे अलाव जरूरत मंद को वितरित किये जा रहे गर्म वस्त्र

**खैराबाद-सीतापुर।** जनपद में दिन प्रतिदिन हो रही कड़ाके की ठण्ड से आम जनमानस का बुरा हाल है। हर कोई हो रही ठण्ड से ठिठुरता हुआ नजर आ रहा है। कहीं न कहीं हो रही ठण्ड से अप्रिय घटनाएं होती भी नजर आ रही है। हो रही कड़ाके की ठण्ड को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष खैराबाद बेबी अभिषेक गुप्ता ने नगर क्षेत्र में लगभग 160 प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था उपलब्ध करवाई है जिससे कोई भी व्यक्ति ठण्ड के प्रकोप से आहत न हो। साथ ही जो भी जरूरतमंद भ्रमण के दौरान नगर अध्यक्ष की नजर में आता है उसे गर्म वस्त्र भी प्रदान किये जाते है जिससे वह ठण्ड से निजात पा सके। पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने बताया कि नगर पालिका खैराबाद की तरफ से नगर वासियों का हो रही ठण्ड में विशेष ध्यान रखते हुए 160 स्थानों



पर अलाव जलवाये जा रहे है। आवश्यकता पड़ने पर स्थानों की संख्या बढ़ाई भी जा सकती है। पिछले वर्ष हम लोगों ने करीब 4500 कम्बल शिविर लगाकर वितरित करवाये थे। इस वर्ष भी जरूरत मंदों को गर्म वस्त्र वितरित करवाये जायेगें साथ ही उचियत स्थानों पर रैन बसेरा की भी व्यवस्था की गई है जिससे रात में लोग ठण्ड से राहत पा सके। वैसे भी हम लोग नगर भ्रमण के समय विशेष ध्यान रखते है अगर कोई जरूरत मंद दिखाई पड़ जाता है तो उसको गर्म वस्त्र आवश्यकता अनुसार वितरित किये जाते है। नगर वासियों ने अपील है कि हो रही ठण्ड में अपने स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखे। अति आवश्यक कार्य पड़ने पर ही घर से बाहर निकले ।

# जनहित को ध्यान रखकर तीन अस्थाई एक स्थाई रैने बसेरा की गयी व्यवस्था-वैभव त्रिपाठी

**सीतापुर।** अधिशसी अधिकारी नगर पालिका परिषद सीतापुर वैभव त्रिपाठी ने बताया कि जारी आदेशानुसार हो रही ठण्ड को ध्यान में रखकर यात्रियों के लिये मुख्यालय पर तीन अस्थाई और एक स्थाई रैन बसेरा की व्यवस्था करवाई है। जिससे लोगों को ठण्ड से राहत मिल सके। साथ ही 65 प्रमुख स्थानों पर अलाव की भी व्यवस्था करवाई गई है। जिसकी मानिटरिंग अधिशासी अधिकारी द्वारा स्वयं की जा रही है। जिससे लोगों को कोई असुविधा न होने पाये। श्री त्रिपाठी ने बताया कि बस स्टैण्ड पर महिला पुरूष के ठहरने के लिये अलग अलग अस्थाई रैन बसेरा की व्यवस्था की गई है। साथ ही अस्पताल के पास भी एक अस्थाई रैन बसेरा की व्यवस्था की गई है। कजियारा चौराहा पर एक स्थाई रैन बसेरा की व्यवस्था की गई है जिससे रात में लोग रैन बसेरा का लाभ उठा



सके और ठण्ड से राहत पा सके। समय समय पर कर्मचारियों की डियूटी लगाई जाती है जिससे किसी को कोई दिक्कत न होने पाये। इसी के साथ प्रमुख स्थानों पर अलाव की भी व्यवस्था की गई है। जिससे लोगों को राहत मिल सके। उन्होने कहा कि नगर पालिका परिषद सीतापुर लोगों को ठण्ड से बचाने के लिये हर संभव प्रयास कर रही है। इसके अलावा अपील भी की जा रही है कि गिरते पारे के साथ अपना व अपनों का विशेष ध्यान रखे खास कर परिवार के बुजुर्गो का विशेष ध्यान रखे। क्योकि इस समय ठण्ड का कहर बच्चों और बुजुर्गो पर ज्यादा पड़ने की उम्मीदे जताई जा रही है।

# उद्यानिकी फसलों में सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियां करेंगी जल, धन और समय का संचयन




**सीतापुर।** कृषि विज्ञान केंद्र-2, कटिया, सीतापुर में उत्तर प्रदेश सूक्ष्म सिंचाई परियोजना (यू0पी0एम0आई0पी0) के उप घटक पर ड्राप मोर क्रॉप (माइक्रोइर्रीगेशन) अन्तर्गत उद्यान विभाग सीतापुर के सहयोग से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए जिला उद्यान अधिकारी सुश्री राजश्री ने योजना के उदेश्यों पर जानकारी देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सूक्ष्म सिंचाई का महत्व बढ़ गया है। यू0पी0एम0आई0पी0 के माध्यम से, किसानों को नई और प्रौद्योगिकी पूर्ण सिंचाई उपकरणों की पहुंच प्रदान की जाती है जिससे कि उन्हें अधिक जल संरक्षण और खेती की व्यवस्था को सुदृढ़ करने में सहायता मिल सके।कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रक्षेत्र प्रबंधक डॉ0 योगेंद्र प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 50 कृषकों ने सक्रिय प्रतिभागिता की।

### श्रीमिको के बच्चों को कक्षा 12 तक मिलेगी नि:शुल्क शिक्षा

**सीतापुर ।** सहायक श्रमायुक्त उमेश कुमार ने बताया कि उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों की कक्षा 06 से 12 तक नि:शुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु अटल आवासीय विद्यालय, सिठौली कला, मोहनलालगंज, लखनऊ में संचालित किया जा रहा है, जिसमें शैक्षणिक वर्ष 2025-26 हेतु कक्षा 06 में 140 सीटों (70 बालक एवं 70 बालिकाओं) एवं कक्षा 09 में 140 सीटों (70 बालक एवं 70 बालिकाओं) के प्रवेश हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र (ऑफलाइन) आमंत्रित किये जा रहें।पात्रता बिन्दु के अनुसार कक्षा 6 में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की जन्मतिथि दि0 01-05-2013 से पहले तथा दि0 31-07-2015 के बाद नहीं होना चाहिए एवं कक्षा 9 में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की जन्मतिथि दि0 01-05-2010 से पहले तथा दि0 31-07-2012 के बाद नहीं होना चाहिये।

## संक्षिप्त समाचार

### अयोध्या के कैंट थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह लाइन हाजिर

**अयोध्या।** अयोध्या जिले के कैंट थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है। जबकि रौनाही थानाध्यक्ष रहे पंकज सिंह को कैंट के थानाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। तारुन थानाध्यक्ष रहे सुमित श्रीवास्तव को रौनाही थानाध्यक्ष बनाया गया है। एसएसपी राजकरन नैय्यर ने यह फेरबदल कानून व्यवस्था की बेहतरी के लिए किया है। उप निरीक्षक अशोक कुमार को अयोध्या कोतवाली से कुमारगंज थाना भेजा गया है जबकि एसआई संजीव कुमार मिश्रा को पुलिस लाइंस से महिला थाना भेजा गया है।इसके अलावा दो दर्जन आरक्षी और मुख्य आरक्षी को जिले के थानों में स्थानांतरित किया गया है।

### प्रतिष्ठा द्वादशी को लेकर राम जन्मभूमि परिसर में तैयारियां तेज

**अयोध्या।** अयोध्या में तीन दिवसीय प्रतिष्ठा द्वादशी को लेकर राम जन्मभूमि परिसर में तैयारियां तेज हो गई है। मौसम को देखते हुए अंगद टीला प्रांगण स्थल पर जर्मन हैंगर टेंट लगाए जा रहे हैं। यहां पर आम जनों को भी प्रवेश मिलेगा। प्राण प्रतिष्ठा की व्यवस्था की तरह इस बार भी आमंत्रित सदस्यों के आमंत्रण पत्र में क्यूआर कोड डाला गया है, जिसके जरिए मंदिर परिसर में प्रवेश दिया जाएगा। वहीं दूसरी तरफ श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट संघ परिवार के सहयोग से नगर में जगह-जगह बैठक कर कार्यक्रम को व्यापक बनाने में जुटा हुआ है। राम मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव में आने वाले आमंत्रित सदस्यों के आमंत्रण पत्र में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट कर कोड डाल कर प्रवेश देने की तैयारी कर रहा है। प्रवेश की पूरी व्यवस्था प्राण प्रतिष्ठा की तरह किए जाने की योजना है। जिससे आमंत्रित सदस्य को ही परिसर के अंदर प्रवेश दिया जा सके।

### अयोध्या में एक बार फिर तेंदुए की आहट

**अयोध्या।** अयोध्या में एक बार फिर तेंदुए की आहट से लोग दहशत में हैं। पिछले 2 महीने में निर्मली कुंड के जंगलों में वन विभाग के कैमरे में तेंदुआ कैद हुआ था। अब मीरनघाट में स्थानीय खेत की रखवाली के दौरान देर रात तेंदुए के गरजने की आवाज सुनी इसके बाद से से सहमे हुए हैं। किसान ने जब टॉर्च मारा तो उसे तेंदुआ नजर आया । स्थानीय लोगों की माने तो पिछले दो दिनों से लगातार खेतों में तेंदुआ दिखाई दे रहा है। इससे किसान दहशत के कारण खेत की रखवाली नहीं कर पा रहे हैं। फिलहाल स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंचकर वन विभाग की टीम ने जांच शुरू कर दी है।

### अयोध्या में भाई के हत्यारे को 10 साल की सजा

**अयोध्या।** अयोध्या में गैर इरादतन हत्या के एक मामले में न्यायालय ने दोषी पाते हुए मृतक के बड़े भाई को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया। जुर्माने की रकम की आधी राशि वादिनी को बतौर प्रतिकर देने का आदेश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अमर सिंह की अदालत से मंगलवार को हुआ। न्यायालय से मिली जानकारी के मुताबिक रुदौली कोतवाली क्षेत्र के ऐहार गांव में 29 जनवरी 2021 की सुबह सात बजे की है। गांव निवासी सलमान और उसके बड़े भाई रईस के मध्य घरेलू बात को लेकर झगड़ा हो गया था। रईस ने सलमान के सिर पर डंडे से प्रहार कर दिया। जिससे सलमान घटनास्थल पर ही बेहोश हो गया। उसे सरकारी अस्पताल खैरनपुर ले जाया गया।

### राममंदिर निर्माण में 15 मिलियन घंटा मानव श्रम बिना दुर्घटना

**अयोध्या।** श्री राम जन्मभूमि मंदिर परिसर मे आज निर्माण एजेंसियों की ओर से सुरक्षा माह के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुरक्षा कार्यक्रम का उद्घाटन जगदीश आफले ट्रस्ट के प्रोजेक्ट मैनेजर व एलएंडटी के विनोद शुक्ला,टाटा इंजीनियर्स के विनोद मेहता ने संयुक्त रूप से किया। प्रोजेक्ट के सुरक्षा प्रमुख संतोष बोरे ने इस अवसर पर होने वाले सभी कार्यक्रम एवं विविध प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी और सबको इसमें शामिल होने का आह्वान किया। इस पूरे सुरक्षा माह में श्रमिकों को सुरक्षा के बारे में अवगत कराना और उन्हें प्रशिक्षित करना इसका उद्देश्य है। उल्लेखनीय है कि अभी तक श्रीराम मंदिर निर्माण में 15 मिलियन घंटा मानव श्रम बिना किसी दुर्घटना के पूरा हुआ है।राम मंदिर के निर्माण के लिए भूमिपूजन पीएम नरेंद्र मोदी 5 अगस्त 2020 को किया था।इसके बाद एलएंडटी और टीसीएस मिलकर लगातार भव्य राम मंदिर का निर्माण कर रहे हैं।

# चीनी मिल के जहरीले पानी से मछलियों समेत असंख्य जीवो की हों रही मौत

## कहने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा चीनी मिल का किया जाता है निरीक्षण

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** अकबरपुर चीनी मिल के द्वारा पौराणिक तमसा नदी में जहरीला पानी छोड़े जाने से मछलियों समेत असंख्य निर्दोष जलीय जीव मौत के गाल में समा गए। साथ ही भारी मात्रा में गंदा पानी छोड़े जाने से पूरे तमसा नदी का पानी जहरीला हो गया है। साथ ही भूगर्भीय जल को भी प्रदूषित कर रहा है। चीनी मिल के चिमनी से निकलने वाली राख हवाओं को भी प्रदूषित कर रही है जिससे क्षेत्र के लोग अनेक बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। कहने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा चीनी मिल का निरीक्षण किया जाता है लेकिन नदी में छोड़े गए इस गंदे पानी से साबित होता है कि जल शोधन संयंत्र सफेद हाथी के समान ही साबित हो रहे हैं। साथ ही चीनी मिल प्रशासन के द्वारा किए गए इतने बड़े अपराध को आखिर क्या जिला प्रशासन संज्ञान में लेगा या नहीं। ऐसे में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के



मापदंडों पर चीनी मिल खरी नहीं उतर रही है। लगातार लोगों की जीवन के साथ खिलवाड़ करती नजर आ रही है। जहरीले नदी के पानी से जंगली जानवरों समेत मनवेशियों में भी बीमारी फैलने की आशंका तेज हो गई है। नदी के किनारे बसे गांव भी प्रभावित हो सकते हैं, साथ ही किसान नदी किनारे अपनी फसलों की सिंचाई भी इसी पानी से करता था लेकिन नदी के प्रदूषित पानी से फसलों की सिंचाई करने से किसान के अंदर डर का माहौल पैदा हो गया है। कहीं इस गंदे पानी से फसल की सिंचाई करने पर फसल खराब न हो जाए। विशेषज्ञ की माने तो चीनी मिल से निकलने वाला गंदा पानी तमसा नदी को प्रभावित करता ही है, साथ ही इस इलाके में आर्सेनिक की मात्रा ज्यादा बढ़ाने की आशंका है यदि यही स्थिति रही तो आने वाले समय में नलों से निकलने वाले शुद्ध पानी की जगह जहरीला पानी ही निकलेगा। जिससे कई अन्य गंभीर बीमारियां आसपास के लोगों में फैल सकती हैं।

# सुप्रीन कोर्ट ने यूपी की सुल्तानपुर सीट से सांसद राम भुआल निषाद से मांगा जवाब

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**सुल्तानपुर।** यूपी के सुल्तानपुर सीट पर हुए लोकसभा चुनाव को चुनौती देने वाली पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने समाजवादी पार्टी से सांसद राम भुआल निषाद और चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने चार हफ्तों में जवाब मांगा है. मेनका गांधी ने सुल्तानपुर सीट से सपा सांसद राम भुआल निषाद के निर्वाचन को चुनौती दी है। मेनका गांधी ने आरोप लगाया है कि राम भुआल निषाद ने नामांकन के वक्त दाखिल हलफनामे में अपने खिलाफ दर्ज सभी 12 मुकदमों की जानकारी नहीं दी है. इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मेनका गांधी की याचिका को खारिज कर दिया था. हाईकोर्ट का



मानना था कि मेनका गांधी ने इलेक्शन पिटीशन दाखिल करने की समय सीमा खत्म होने के बाद याचिका दाखिल की है। मेनका गांधी की दूसरी याचिका सुप्रीम कोर्ट ने सुनने से इनकार कर दिया, जिसमें मेनका गांधी ने जनप्रतिनिधित्व कानून के उस प्रावधान को भी चुनौती दी है जिसमें इलेक्शन पिटीशन दाखिल करने की समयसीमा का भी उल्लेख किया गया है. लोकसभा चुनाव 2024 में सपा से रामभुआल निषाद ने भाजपा प्रत्याशी और पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी को 43,174 मतों से हराया था। बता दें कि14 अगस्त 2024 को मेनका गांधी की याचिका को खारिज किया गया था. कोर्ट ने याचिका को समय सीमा के उल्लंघन और जनप्रतिनिधित्व एक्ट की धारा 81 और 86 के खिलाफ माना था. यह जनप्रतिनिधित्व एक्ट 1951 के तहत दी गई समय सीमा 45 दिन से 7 दिन बाद दायर की गई थी. कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि मेनका गांधी की याचिका समय सीमा से बाधित थी. इस कारण इस याचिका को खारिज किया जाता है।

# अयोध्या की जनता से स्वच्छ अयोध्या बनाने का निवेदन

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में ऑस्ट्रेलिया पार्थ से जगदीश हलाई धनजी हलाई श्याम जी पटेल का श्रीराम सेना अंतरराष्ट्रीय ट्रस्ट अयोध्या के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश सिंह ने होटल साइग्नेट मैं पहुंच कर स्वागत किया ऑस्ट्रेलिया यूनिवर्सिटी जगदीश हलाई ने कहा कि ने आज विश्व स्तर पर सनातन धर्म की जीत हो रही है विश्व के एक मात्र सनातनी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में अयोध्या राम जन्मभूमि का निर्माण हो रहा है अभी बहुत निर्माण होना बाकी है वह पुन: अयोध्या आकर अयोध्या दर्शन करेंगे श्रीराम सेना के अन्तर्राष्टीय ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष से उन्होंने कहा की हमारी तरफ से अयोध्या की जनता से स्वच्छ अयोध्या बनाने का निवेदन कीजिएगा धनजी ने कहा हम लोगो प्रभु श्री



राम जी के दर्शन कर के जीवन सफल हो गया दिनेश सिंह ने कहा कि जब आप पुन: ऑस्ट्रेलिया से आएंगे तब आपको यह अयोध्या स्वच्छता के मामले में नंबर एक दिखाई पड़ेगी इसके लिए वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी से मिलकर एवं नगर निगम के मेयर एवं वाइस चेयरमैन से मिलकर बात करेंगे एवं अयोध्या वासियों से भी निवेदन करेंगे की वह अपने घर के आगे कूड़ा ना करें क्योंकि अब हमें पूरा विश्व देख रहा है।

# वेल्सपन के द्वारा वारणसी की नाट्य संस्था मचंदूतम के द्वारा गाँव गिरांव में नुक्कड़ नाटक के माद्यम से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** जनपद में दिनाक 05/01/25 को ह्यूमाना पीपल टू पीपल इंडिया व वेल्सपन के सहयोग से प्रोजेक्ट वेल नेतृत्व और वेल स्वास्थ,वेल शिक्षा के तहत आंबेडकर नगर के पाँच गांव हसनपुर जलालपुर, खंजापुर, होरीलपुर, हुसैनपुर सकरवारी कोरा में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गांवों में लोगों को टीम मचंदूतम वाराणसी के द्वारा महावारी एवं एनीमिया, और पोषण आहार के बारे में नाटक के द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। जिसमें कड़कड़ाती ठंड में सैकड़ों की संख्या में गांव गिंराव की महिलाएं पुरुष व बच्चे मौजूद रहे। वहाँ उपस्थित सभी लोगो को नाटकों के माध्यम से जागरूक करने का कार्यक्रम किया गया।और कलाकारों ने अपने अभिनय के द्वारा बताया कि अपने जीवन में हम छोटी 2 गलतियों का सुधार कर ले, तो बहुत परिवर्तन किया जा सकता है। वहाँ उपस्थित लोगों ने मचंदूतम के कलाकार तथा संस्था के लोगो की तारीफ और उनके कार्य की सराहना भी की। परियोजना वेल नेत्रत्व के परियोजना समन्यव्यक शहाबुद्दीन जी ने बताया कि प्रोजेक्ट वेल नेतरुत्व के तहत गांव गिरांव में महिलाओं और किशोरियों को स्वास्थ्य और आजीविका से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने का कार्य चल रहा है ।जिसमें संस्था की कार्यकर्ता कविता पुष्पा और केशमा,जूही, शाधना भी मौजूद रहीं।

### अयोध्या राम मंदिर में जासूसी वाले चश्मे से खींची तस्वीरें

**अयोध्या।** अयोध्या के राम जन्मभूमि परिसर में एक व्यक्ति जासूसी वाले चश्मे के साथ पकड़ा गया। वह चश्मे में लगे कैमरे से राम मंदिर में सिंहद्वार के पास तस्वीरें खींच रहा था। सुरक्षा में लगे जवान को शंका हुई। तभी वह पकड़ में आ गया। राम जन्मभूमि परिसर में कैमरा, मोबाइल ले जाना बैन है। वह मंदिर के सभी चेक प्वाइंट्स को पार कर गया था। आरोपी गुजरात का व्यापारी है। पुलिस और खुफिया एजेंसियां उससे पूछताछ कर रही हैं। चश्मे की कीमत 50 हजार रुपए बताई जा रही है। वडोदरा निवासी जानी जयकुमार सोमवार (6 जनवरी) को रामलला के दर्शन के लिए आया था। वह राम जन्मभूमि पथ से सभी चेकिंग पॉइंट को पार कर जन्मभूमि परिसर स्थित सिंहद्वार के आगे तक पहुंच गया। इस दौरान जयकुमार चश्मे से फोटो क्लिक कर रहा था। तभी कैमरे की लाइट जली, जिसके बाद वह सुरक्षा में तैनात वॉचर की नजर में आ गया।

# अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव का ऐलान

## हैरिंग्टनगंज में सीएम योगी आज करेंगे जनसभा

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अयोध्या।** अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव का ऐलान हो गया है नामांकन दस जनवरी से 17 जनवरी तक होंगे वहीं 5 फरवरी वोटिंग होगी और 8 फरवरी को इस विधानसभा सीट का रिजल्ट आएगा, 20 जनवरी तक नाम वापस लिए जा सकेंगे, गौर हो कि अयोध्या की मिल्कीपुर सीट सपा लगातार जीतती रही है, पिछली बार समाजवादी पार्टी के अवधेश प्रसाद ने यह सीट जीती थी विधानसभा क्षेत्र मिल्कीपुर में विधानसभा के उप चुनाव को लेकर हैरिंग्टनगंज बाजार में आगामी 8 जनवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनसभा का आयोजन सुनिश्चित किया गया है । जनसभा को लेकर आज हैरिंग्टनगंज बाजार स्थित जनसभा स्थल का निरीक्षण करने मण्डलायुक्त गौरव दयाल व पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या प्रवीण कुमार पहुंचे कार्यक्रम स्थल उन्होंने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया उन्होंने क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर श्रीयस त्रिपाठी को निर्देशित करते हुए कहा कि हेलीपैड के चारों तरफ डबल बैरिकेडिंग व सीसीटीवी कैमरा होना चाहिए, व आसपास की सभी दुकानें सुरक्षा की दृष्टि से बंद रहनी चाहिए। आसपास के खेत में खड़ी फसल को चेक करने के लिए कहा, आसपास मौजूद घरों में कितने मेंबर हैं सभी की जानकारी विद्यवत ली जाए, मानसून को लेकर जनसभा स्थल पर रोलर से दबाकर उसकी तैयारी विद्वत की जाए। जनसभा में आए हुए लोगों के स्वास्थ्य को लेकर उन्होंने कहा कि अस्पताल व अन्य उपरोक्त व्यवस्थाएं होनी चाहिए जनसभा में आने वाली गाड़ियों की पार्किंग के लिए पार्किंग स्थल का अधिकारीयों व कर्मचारियों ने जायजा लिया।

# अयोध्या में रामलला का अभिषेक करेंगे मुख्यमंत्री, तीन दिनों तक चलेगा उत्सव

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अयोध्या।** अयोध्या के श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के एक साल पूरा होने पर 11 से 13 जनवरी तक भव्य प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव का आयोजन किया जाएगा. इस पवित्र अवसर पर कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 जनवरी को सुबह 11 बजे राम मंदिर के गर्भगृह में श्रीरामलला का अभिषेक करेंगे. इसके बाद वह अंगद टीला पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे और श्रद्धालुओं को संबोधित करेंगे. उत्सव के दौरान अयोध्या में कई प्रमुख स्थानों



जैसे लता चौक, राम की पैड़ी, और जन्मभूमि पथ पर भजन-कीर्तन का आयोजन भी होगा। पिछले साल पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भगवान श्रीराम के बाल स्वरूप रामलला की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई थी. इस ऐतिहासिक घटना का एक साल पूरा होने के उपलक्ष्य में प्रतिष्ठा द्वादशी का यह आयोजन किया जा रहा है. इस अवसर पर मशहूर गायकों सोनू निगम, शंकर महादेवन, और मालिनी अवस्थी के गाए भजन भी रिलीज किए जाएंगे।

# 11 से 21 जनवरी के बीच होगी प्रीबोर्ड परीक्षा

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** आगामी 11 से 21 जनवरी के मध्य हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की प्रीबोर्ड परीक्षा का आयोजन होगा। साथ ही कक्षा नौ और 11 की गृह परीक्षा भी इसी बीच आयोजित करनी होगी।माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव भगवती सिंह ने विद्यालय स्तर पर होने वाली प्रीबोर्ड परीक्षा और गृह परीक्षा के आयोजन के लिए निर्देश जारी किए हैं। निर्देश के मुताबिक विद्यालय स्तर पर कराई जाने वाली कक्षा 9 एवं 11 की वार्षिक परीक्षाएं और 10 एवं 12 की प्रीबोर्ड लिखित परीक्षाएं 11 से 21 जनवरी के मध्य संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा आयोजित कराई जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार



सिंह ने बताया कि संबंधित विद्यालयों को परीक्षा आयोजित कराए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं।यूपी बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाएं दो चरणों में आयोजित होगी। पहले चरण में 23 से 31 जनवरी तथा दूसरे चरण में एक से आठ फरवरी तक परीक्षा का आयोजन होगा। पहले चरण में अयोध्या मंडल की प्रयोगात्मक परीक्षा आयोजित की जाएगी। माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव भगवती सिंह ने कहा है कि प्रयोगात्मक परीक्षाओं के संबंध में जानकारी तथा परीक्षकों की नियुक्ति आदि की सूचना बोर्ड के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय से प्राप्त की जा सकेगी। प्रयोगात्मक परीक्षाएं सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी। साथ ही परीक्षाओं के आयोजन की रिकॉर्डिंग भी सुरक्षित रखी जाएगी ताकि आवश्यकता के अनुरूप मांगे जाने पर रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराई जा सके। हाईस्कूल की प्रयोगात्मक परीक्षाएं गत वर्ष की भांति विद्यालय स्तर पर आंतरिक मूल्यांकन (प्रोजेक्ट कार्य) के आधार पर संपन्न कराई जाएगी। हाईस्कूल के व्यक्तिगत परीक्षार्थी अपने अग्रसारण केंद्र के प्रधानाचार्य से संपर्क कर प्रयोगात्मक परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह ने बताया कि प्रयोगात्मक परीक्षा के संबंध में विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को सूचित किया जा चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### महाकुंभ के लिए रोडवेज चलाएगा सात हजार ग्रामीण... 350 शटल बसें



**लखनऊ।** प्रयागराज महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए परिवहन निगम सात हजार ग्रामीण बस और 350 शटल बसों का संचालन करेगा। यात्रियों की सुविधा के लिए कंट्रोल रूम भी शुरू किया गया है। जो 24 घंटे काम करेगा। इसके लिए टोल फ्री नंबर-18001802877 और व्हाट्सएप नंबर-9415049606 जारी किए गए हैं। परिवहन मंत्री दयाशंकर ने बताया कि मुख्य स्नान की अवधि में प्रयागराज के निकटवर्ती जिलों से आने वाली बसों को प्रयागराज के आउटर मेला क्षेत्र में स्थित आठ अस्थायी बस स्टेशनों तक बसों का संचालन किया जाएगा। करोड़ों श्रद्धालुओं के महाकुंभ मेला में आने की उम्मीद है। ऐसे में उनकी सुविधा के लिए यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

श्रद्धालुओं को आवश्यक जानकारी और सहायता के लिए मुख्यालय पर कमांड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया गया है। महाकुंभ मेला में संचालित बसों के किसी परिस्थिति में बस के चालक, परिचालक अथवा यात्रियों के सहायता के लिए 24 घंटे मुख्यालय स्तर से सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही कंट्रोल रूम झूसी प्रयागराज से समन्वय करते हुए प्रत्येक दो घंटे के अंतराल पर आने वाली सूचनाओं से उच्च अधिकारियों को अवगत कराने को कहा गया है।

### अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव 5 फरवरी को, मतगणना 8 फरवरी को होगी

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव की तारीख का एलान हो गया है। मंगलवार को चुनाव आयोग ने इसकी घोषणा कर दी। चुनाव आयोग ने कहा कि मिल्कीपुर में पांच फरवरी 2025 को मतदान होगा। वहीं आठ फरवरी 2025 को मतगणना होगी। मिल्कीपुर में चुनाव का एलान होने के साथ ही यूपी में सियासी पारा गर्म होने लगा है। अयोध्या में लोकसभा सीट जीतने के बाद से जहां सपा फुल कान्फिडेंट है, वहीं भाजपा इस सीट पर जीत दर्ज करके हार की निराशा से उबरना चाहती है। वर्ष 2024 के नवंबर महीने में नौ सीटों पर हुए उपचुनाव में हार मिलने के बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने उपचुनाव न लड़ने का एलान कर दिया है। ऐसे में मिल्कीपुर में सत्तासीन भाजपा और सपा में सीधी टक्कर देखने को मिलेगी।



### जिला जेल में बंदियों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश

**उरई/जालौन।** जिला न्यायाधीश, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का निरीक्षण कर बंदियों को मूलभूत आवश्यक सुविधाओं को देने के निर्देश दिए।

जिला कारागार उरई का आज एक संयुक्त निरीक्षण किया गया। जिसमें जनपद न्यायाधीश अचल सचदेव, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने कारागार की स्थिति का जायजा लिया। इस निरीक्षण के दौरान, संबंधित अधिकारियों ने बंदियों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए, बंदियों को जैकेट और कंबल वितरित किए गए। कारागार की साफ-सफाई और अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित मिली। बंदियों की सुविधा के लिए विशेष ध्यान दिया गया और यह सुनिश्चित किया गया कि सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों।जनपद न्यायाधीश ने यह निर्देश दिए कि जिन बंदियों के पास पैरवी के लिए अधिवक्ता नहीं हैं, उनकी शीघ्र व्यवस्था की जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा, कि इन मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाए ताकि किसी भी बंदी को न्याय मिलने में कोई बाधा न आए।

# गांवों में रात्रि ठहराव कार्यक्रम किए जाएंगे आयोजित- उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

**-बैठक में राजस्व विभाग के कामों की भी समीक्षा की**

**-प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक सभी कार्यदिवसों में आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर**

**पुन्हाना।** नीरज सोनी दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार आगामी दिनों में लोगों की समस्याओं का समाधान उनके घर-द्वार पर ही करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से गांवों में रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा जिला व उपमंडल स्तर पर प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक निरंतर सभी कार्यदिवसों में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। वे स्वयं भी महीने में एक बार उपमंडल स्तर पर लोगों की समस्याएं सुनने के लिए उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनेंगे, ताकि लोगों को अपने समस्या लेकर सर्दी जैसे खराब मौसम में चलकर जिला मुख्यालय नूंह न जाना पड़े।

उपायुक्त मंगलवार को उपमंडल पुन्हाना में लोगों की शिकायतें सुनने व राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक लेने के बाद स्थानीय पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों को सुनकर उनका त्वरित व उचित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। शिकायत को संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के लिए भेजा जाता है तथा बाद में उस शिकायत का फालोअप किया जाता है। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में वे कल बुधवार 8 जनवरी को नूंह तथा वीरवार 9 जनवरी को फिरोजपुर झिरका उपमंडल में लोगों की शिकायतें सुनेंगे। इन तिथियों में अधिक से अधिक लोग अपनी जायज शिकायतों का समाधान करवाने के लिए उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर में पहुंच सकते हैं। सभी शिकायतों पर गंभीरता से विचार कर उनका उचित समाधान किया जाएगा।



उन्होंने कहा कि मंगलवार को जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित सभी समाधान शिविरों में कुल 33 शिकायतें आई हैं, जिनमें पुन्हाना में 25, नूंह में सात, तावडू में एक शिकायत प्राप्त हुई। तावडू उपमंडल पर आई एक शिकायत का तुरंत समाधान भी सुनिश्चित किया गया। उन्होंने बताया कि शिविर में जो शिकायतें पहुंच रहीं हैं, उनमें पानी निकासी, परिवार पहचान पत्र, गली-नाली के निर्माण से संबंधित थी। इन सभी शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करने के लिए इन्हें संबंधित विभागों में भेजा गया है, जहां पर इन शिकायतों पर उचित व यथासंभव कार्यवाही की जाएगी। संबंधित विभागों को पहले ही समाधान शिविर संबंधी शिकायतों पर उचित कार्यवाही करने संबंधी निर्देश दिए जा चुके हैं।

**राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की :-**

उपायुक्त ने समाधान शिविर के बाद राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक में विभाग से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मुटेशन से संबंधित लंबित मामलों का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने विभाग से संबंधित समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली और कहा कि उपलब्ध रिसोर्स के माध्यम से सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा, जहां पर मैनपावर की कमी है, उसे दूर किया जाएगा। आगामी दिनों में सभी समस्याओं का हल सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बैठक में पेडिंग कार्यों को जल्द पूरा करवाने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर उनके साथ उपमंडल अधिकारी (ना.) पुन्हाना संजय कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रियंका के खिलाफ अभद्र टिप्पणी पर कांग्रेसियों ने फूंका पुतला

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी**

**मथुरा।** भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी द्वारा कांग्रेस पार्टी की सांसद प्रियंका गांधी के प्रति अशोभनीय टिप्पणी करने के विरोध में आज होलीगेट बौराहे पर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि के नेतृत्व में रमेश बिधूड़ी का पुतला दहन किया गया। महानगर अध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि ने बताया कि भाजपा बलात्कारी दुष्कर्म करने वाले महिलाओं से अशोभनीय अभद्र व्यवहार करने वाले लोगों की जमात बन चुकी है। महिलाओं से दुर्व्यवहार करने वाले लोगों को संरक्षण देती है उन्हें भाजपा टिकट प्रदान करती है और वह नरेंद्र मोदी अमित शाह के साथ मंच साझा करते है। इंडिया गठबंधन मथुरा लोकसभा कांग्रेस पूर्व प्रत्याशी मुकेश धनगर ने भाजपा के कथित नेता रमेश बिधूड़ी द्वारा श्रीमती प्रियंका गांधी के प्रति आपत्तिजनक बयान की कड़े शब्दों में निंदा भर्त्सना करते हुए कहा कि ऐसी ऊंची मानसिकता के पीछे साम्प्रदाधिक लोगों का दिमाग कार्य कर रहा है।

# सीजेएम नेहा गुप्ता ने नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र का किया निरीक्षण

**-डाक्टर्स को दिए निर्देश, इलाज करवा रहे व्यक्तियों को जरूरी परामर्श व इलाज की बेहतर सेवाओं का लाभ दिया जाए**

**नूंह।** नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान ।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुशील कुमार के निर्देशानुसार प्राधिकरण की सचिव व सीजेएम नेहा गुप्ता ने सिविल अस्पताल मांडी खेड़ा, जिला नूंह में स्थित नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में इलाज करवा रहे मरीजों का हालचाल जाना और नशा छोड़ने की पहल करने पर उनके हौसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस केंद्र में जो लोग नशा छोड़ने के लिए इलाज करवा रहे हैं, यह उनका जीवन व परिवार के प्रति सकारात्मक प्रयास है। अगर व्यक्ति मन में ठान ले कि उसे नशे जैसी लत से छुटकारा पाकर जीवन की हर परिस्थिति में आगे बढ़ना है तो




वह थोड़े से प्रयास और इलाज से नशे की लत से बच सकता है। सीजेएम ने इस अवसर पर पीड़ित व्यक्ति से मुलाकात कर उसकी काउंसलिंग की और उसे नशीली दवाओं के सेवन के कारण स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने डाक्टर्स को निर्देश दिए कि नशे की लत छोड़ने के लिए इलाज करवा रहे व्यक्तियों को आवश्यक परामर्श एवं मार्गदर्शन तथा चिकित्सा सेवाओं इत्यादि का लाभ बिना किसी अवरोध के प्रदान किया जाए और किसी तरह के परामर्श या अन्य सहायता की जरूरत है तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत कराया जाए, जिससे समय पर पीड़ितों को इलाज की बेहतर सुविधाएं मिल सकें। नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र की प्रभारी डा. ईशा ने बताया कि जिला नूंह का एक व्यक्ति अपनी नशे की लत की स्थिति में सुधार के लिए यहां पर इलाज करा रहा है। इस केंद्र के माध्यम से उसे उचित काउंसलिंग व दवाइयां दी जा रही हैं।

### प्रधानाचार्या ने ईमानदारी के लिए गरीब बालिका को किया पुरूस्कृत, नि:शुल्क पढ़ाई का लिया जिम्मा

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी**

**मथुरा।** 3 जनवरी को चाय बिक्रेता ऋषि शर्मा जो ब्रज नगर जंक्शन रोड पर चाय की दुकान लगाते है, उनकी सुपुत्री कुमारी राधिका को रात्रि 8 बजे लगभग डी डी प्लाजा के पास सड़क पर एक पर्स पड़ा मिला जिसे वो अपने पिता के साथ पी के स्टुडियो लेकर पहुंची, वहाँ के निदेशक पी के गुप्ता द्वारा पुलिस को सूचित किया गया। तुरंत चौकी बाग बहादुर से एस आई मांगेराम आए जिनको उसमें रखे 4800 रुपये डेबिट कार्ड, आधार कार्ड आदि अनेक जरूरी सामान थे उनको सौप दिया, राधिका की ईमानदारी को देखते हुए पी के स्टुडियो और चौकी प्रभारी मांगे राम द्वारा उसको पुरुष्कृत किया। पुलिस ने अगले दिन उसकी स्वामी श्रीमती विनय कुमार जो स्व0 पद्मश्री हरगोविंद जी रासाचार्य के परिवार से है वर्तमान में कान्हा माखन पब्लिक स्कूल की वृंदावन शाखा की प्रधानाचार्य है को सौप दिया। आज श्रीमती विनय शर्मा अपने पति रजनीश शर्मा के साथ राधिका को पुरोत्साहित करने पी के स्टूडियो आयी उसकी ईमानदारी के लिए उसे पुरुष्कृत किया साथ ही बालिका राधिका की ग़रीबी को देखते हुए अगले वर्ष से अपने स्कूल में निशुल्क पढ़ाई के लिए उत्साहित करके गई ।

# आयुष्मान मित्रों की समस्याओं पर जिला अधिकारी को ज्ञापन, शोषण का लगाया आरोप

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**

**बांदा।** जनपद के समस्त आयुष्मान मित्रों ने अपनी समस्याओं को लेकर जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सेवा प्रदाता संस्था द्वारा उनका मानसिक और आर्थिक शोषण किया जा रहा है। ज्ञापन में प्रमुख समस्याओं को रेखांकित किया गया और त्वरित समाधान की मांग की गई।मुख्य समस्याएं ड्यूटी समय और उपस्थिति विवाद आयुष्मान मित्रों की उपस्थिति ऑनलाइन एप के माध्यम से दर्ज की जाती है, जिसमें पंच-इन और पंच-आउट का समय सुबह 9.30 से शाम 6.30 तक तय किया गया है। यदि निर्धारित समय से 1 मिनट पहले भी पंच-आउट किया जाता है, तो आधे दिन की उपस्थिति मानी जाती है, जिससे मानदेय में कटौती हो रही है। सरकारी कार्यालय के अनुसार, ड्यूटी का समय सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक होना चाहिए। मरीज भर्ती का लक्ष्य एजेंसी द्वारा आयुष्मान मरीज भर्ती का मासिक लक्ष्य दिया जाता है।लक्ष्य पूरा न होने पर नौकरी से



निकालने की धमकी दी जाती है, जिससे सभी आयुष्मान मित्र मानसिक दबाव में हैं। स्थानीय अधीक्षक से सत्यापन की मांग

पहले अधीक्षक द्वारा उपस्थिति सत्यापित की जाती थी। आयुष्मान मित्रों ने इस प्रक्रिया को पुनः लागू करने की मांग की।

**स्थानांतरण और चेतावनी :** तीन आयुष्मान मित्रों को कार्यमुक्त कर दिया गया है, और अन्य को चेतावनी दी गई है कि यदि 100 मरीजों का लक्ष्य पूरा नहीं हुआ, तो सभी को हटा दिया जाएगा।

**अन्य समस्याएं और मांगें :** बुंदेलखंड क्षेत्र में बांदा की टीएमएस रैंकिंग तीसरे स्थान पर है, जो प्रगति को दर्शाता है।

अस्पतालों में इमरजेंसी सेवाओं के बाद भी आयुष्मान मित्रों को काम पर मजबूर किया जा रहा है। ज्ञापन की प्रतिलिपियां संबंधित अधिकारियों को भेजी गई ज्ञापन की प्रतियां प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सीएमओ बांदा, डिप्टी चीफ लेबर कमिश्नर कानपुर, जिला श्रम विभाग सहित अन्य उच्चाधिकारियों को भेजी गई हैं। मांग आयुष्मान मित्रों ने जिला अधिकारी से अनुरोध किया कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए, ताकि वे तनावमुक्त होकर अपनी सेवाएं दे सकें।

**दलित युवती के साथ छेड़छाड़**

# विरोध करने पर भाई और पिता की हत्या करने की धमकी

**केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम**

**पीलीभीत।** कोचिंग में साथ पढ़ने वाले एक युवक ने युवती के साथ छेड़छाड़ की वारदात को अंजाम दिया विरोध करने पर भाई और पिता की हत्या करने की धमकी भी आरोपी ने दी शिकायत के आधार पर पुलिस ने दलित युवती की शिकायत पर मुकदमा पंजीकृत किया थाना गजरौला क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि वह 2020 में कोचिंग पढ़ती थी




जहां पर शशांक शर्मा पुत्र जंगपाल शर्मा ग्राम करोड़ थाना बरखेड़ा भी कोचिंग पड़ता था शशांक आए दिन उसके साथ छेड़छाड़ करता था 2021 में उसने कोचिंग पूरी करने के बाद उसने कोचिंग जाना बंद कर दिया तब भी शशांक शर्मा उसके घर के आसपास चक्कर लगाने लगा परंतु उसने अपनी बदनामी कह वजह से किसी से इसकी शिकायत नहीं की पिता और भाई की हत्या कर देने की धमकी 31 दिसंबर सुबह 7.00 उसके परिवार वाले टहलने गए हुए थे तभी मौका पाकर शशांक शर्मा उसके घर के अंदर घुस आया आरोपी ने उसकी जाती सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालियां देना शुरू कर दी उसकी बात ना माने पर भाई और पिता की हत्या कर देने की धमकी दी उसको जबरदस्ती अपने साथ उठा ले जाने की बात भी कही आरोपी उसके घर पर धमकी भरा पत्र भी फेंक गया आरोप है विरोध करने पर आरोपी उसको जबरन खींच ले जाने लगा शोर सराबा होने पर पड़ोस में रहने वाले उसके रिश्तेदार आ गए जिस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया पुलिस ने तहरीर के आधार पर एससीएक्ट और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है मामले की जानकारी देते हुए गजरौला थाना अध्यक्ष जगदीप मलिक ने बताया शिकायत के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच की जाती।

# विप्र चेतना सम्मेलन को लेकर विप्रो को दिया निमंत्रण



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान रवि शर्मा**

**झुंझुनू/जयपुर।** अलवर में विप्र सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुनील तिवाड़ी के आतिथ्य में होने वाले विप्रो के महाकुंभ को लेकर विप्र सेना के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष व शेखावाटी संभाग प्रभारी महेश बसावतिया के नेतृत्व में इस्लामपुर गांव में प्रबुद्ध विप्र जनों को समारोह में सहभागिता करने का निमंत्रण दिया । बसावतिया ने कहा कि विप्रो का यह महाकुंभ सामाजिक और राजनीतिक दृष्टि से एकजुटता का संदेश देगा । समाज की एकजुटता से ही उस समाज आगे बढ़ सकता है । बसावतिया ने आगे कहा कि समाज में फैली कुरितियो को लेकर यह महाकुंभ सार्थक परिणाम देगा । इसके साथ ही जिस तरह से राजनीतिक दलों ने समाज को हांसिए पर धकेलने का काम किया है उसको लेकर भी जनसंख्या को देखते हुए राजनीतिक सहभागिता के लिए भी यह सम्मेलन समाज में जागरूकता पैदा करने में मील का पत्थर साबित होगा । इस अवसर पर कस्बे के प्रबुद्ध विप्रजन व झुंझुनूं से पवन शर्मा देवराला, शिवचरण पुरोहित, उमाशंकर महिमाया, रामगोपाल शर्मा, राजेन्द्र शर्मा झेरलीवाला वरिष्ठ पत्रकार व सामाजिक चिंतक व सुरेन्द्र शर्मा उपस्थित थे ।

# कुर्मी समाज जिला बिलासपुर का विराट अधिवेशन एव प्रतिभा सम्मान समारोह सह युवक-युवती परिचय सम्मेलन का कार्यक्रम दो सत्रो में हुआ संपन्न

**रेशमा लहरे**

**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी समाज जिला बिलासपुर द्वारा समाज को एकजुट करनें एवं समाज के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से प्रथम जिला अधिवेशन, प्रतिभा सम्मान, युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन 05 जनवरी 2025 रविवार को बिलासपुर उसलापुर के पाटीदार भवन में दो सत्रो में संपन्न हुआ। पहले सत्र में मुख्य अतिथि के रुप में शहर विधायक अमर अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि के रुप में मस्तुरी विधायक दिलीप लहरिया पूर्व विधायक सियाराम कौशिक,



कृष्ण कुमार कौशिक, श्रीमति रामकुमारी कौशिक संरक्षक कुर्मी समाज, संतोष कौशिक पूर्व जिला पंचायत सदस्य, बी.आर. सिंगरौल पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मौजूद रहे। कार्यक्रम में सभी अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा तथा कुर्मी विभूतियों के फोटो के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर राजकीय गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया मुख्य अतिथि शहर विधायक अमर अग्रवाल नें कुर्मी समाज के भवन निर्माण हेतु 25 लाख रुपये देनें की घोषणा की, वहीं विशिष्ट अतिथि मस्तूरी के लोकप्रिय विधायक दिलीप लहरिया नें अपनें विधानसभा क्षेत्र के ग्राम फोदीपाली में समाज के प्रमुख चिंतक शिक्षाविद् स्व. श्री फिरंगी लाल वर्मा की स्मृति में 25 लाख रुपये कुर्मी समाज के भवन हेतु देनें की घोषणा की, वहीं सीपत क्षेत्र में अगले सत्र में 25 लाख रुपयों की लागत से भवन निर्माण की घोषणा मंच से की, जिसका उपस्थित सामाजिक जनों नें करतल ध्वनि से स्वागत किया एवं दिलीप लहरिया को धन्यवाद दिया गया।

### ईट से कुचकर कर हत्या करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल



**केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम**

शराब पीने के दौरान हुए विवाद के दौरान एक युवक की ईंट से कूचकर दबंगों ने हत्या कर दी थी पूरे मामले में एक सीसीटीवी फोटो सामने आया था घटना के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए थाने के बाहर प्रदर्शन कर रहे परिजनों को पुलिस जबरन खींच ले गई। जानकारी के मुताबिक पूरनपुर मोहल्ला साहूकारा लाइन पार के रहने वाले सागर पुत्र बृजेश सिंह 27 दिसंबर को घर से लापता हो गया था रविवार को कोतवाली से कुछ ही दूरी पर एक युवक का शव नाली में पड़ा मिला था इसी को लेकर परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाकर कोतवाली गेट पर हंगामा किया था

**चौकी इंचार्ज को हटाने की मांग :** इसके बाद हिंदूवादी संगठन और भाजपा नेताओं के भी पुलिस से कहा सुनी हुई थी मंगलवार को 3.00 बजे मृतक के परिजन कोतवाली गेट पर पुलिस के खिलाफ धरना करने बैठे गए चौकी इंचार्ज को हटाने की मांग और हत्या का खुलासा करने की मांग करने लगे इस दौरान मौके पर लंबा जाम लग गया जाम खुलवाने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी इस दौरान परिजनों को उठाने के लिए बल प्रयोग कर जबरन पुलिस कर्मी परिजनों को उठाकर थाने के अंदर ले गए

# छत्तीसगढ़ को देश का अव्वल राज्य बनाने की दिशा मे कर रही काम : उपमुख्यमंत्री साव

## 21 करोड़ से अधिक के विकास कार्यो का किया गया भूमिपूजन एवं लोकार्पण

**कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**बलौदाबाजार।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव जिला मुख्यालय बलौदाबाजार मे नवनिर्मित जिला ऑडिटोरियम का लोकार्पण एवं विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन लोकार्पण कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर 6 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से निर्मित जिला ऑडिटोरियम एवं नवीन कृषि उपज मंडी मे संचालित होने वाले मनोविकास केंद्र का लोकार्पण सहित 21करोड़ 29 लाख रुपये के 56 विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन व लोकार्पण किया गया। इसमें 2 करोड़ रुपये के 4 कार्यों का भूमिपूजन तथा 19 करोड़ 29 लाख रुपये के 52 कार्यो का लोकार्पण शामिल है।स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर उप मुख्यमंत्री श्री साव ने जिला ऑडिटोरियम का नाम बलौदाबाजार के पूर्व विधायक सत्यनारायण केशरवानी के नाम करने सामान्य प्रशासन विभाग को प्रस्ताव भेजनें जिला प्रशासन को निर्देशित किया इसके साथ हीं नगरीय निकाय मे विकास कार्यों के लिए 1 करोड़ 85 लाख रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम मे हम होंगे कामयाब अंतर्गत 60 युवायों को रोजगर पत्र, अंत्यवसायी विभाग द्वारा 359 हितग्राहियों को 35 लाख 90 हजार रुपए अनुदान सहायता राशि का चेक एवं बिहान योजना अंतर्गत 10 दीदियों को लखपति दीदी सम्म्मान पत्र प्रदान किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने जिला ऑडिटोरियम निर्माण की बधाई देते हुए इसे जिले का यश मान और गौरव बढ़ाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश मे डबल इंजन की सरकार लगातार विकास के काम कर रही है जिसका ध्येय छत्तीसगढ़ को देश का अव्वल प्रदेश बनाना है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोग ईमानदार हैं और मेहनत से आगे बढ़ रहे है। प्रदेश मे खनिज एवं प्राकृतिक सम्पदा प्रचुर



मात्रा मे है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व मे हमारी सरकार एक साल मे प्रदेश मे हर क्षेत्र मे विकास के काम तेजी से कर रही है। मोदी की गारंटी के तहत अधिकांश वादे पूरे किये गए हैं।

राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि जिला ऑडिटोरियम जिले के सांस्कृतिक सामजिक और आर्थिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा। आज का दिन जिले के लिए ऐतिहासिक हैं।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व मे प्रदेश मे विकास कार्य रफ़्तार से आगे बढ़ रही है।कार्यक्रम को रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने भी सम्बोधित किया। कलेक्टर दीपक सोनी ने स्वगत भाषण मे भूमिपूजन व लोकार्पण सहित अन्य कार्यो की जानकारी दी। शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि- कार्यक्रम के दौरान सोमवार को बीजापुर मे उग्रवादियों द्वारा आईआईआईडी ब्लास्ट मे शहीद हुए जवानों को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।

**इन कार्यो का हुआ भूमिपूजन व लोकार्पण :-**

कुल 21करोड़ 29 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्य में नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार द्वारा राज्य प्रवर्तित योजना मद से विभिन्न वार्डों में सौंदर्यीकरण व जीर्णोद्धार कार्य 2 करोड़ रूपए के भूमिपूजन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा रेट्रोफिटिंग योजना अंतर्गत 7 करोड़ 37 लाख 88 हजार रुपये के 12 कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा 6 करोड़ 36 लाख 72 हजार रुपये की लागत से जिला ऑडिटोरियम एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा एक करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से मनोविकास केंद्र का लोकार्पण कार्य शामिल है।इस अवसर पर बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे नगरपालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल जनपद अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा छत्तीसगढ़ महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल पूर्व विधायक डॉ. सनम जंगड़े भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल डीएफओ मयंक अग्रवाल सीईओ दिव्या अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या मे युवा उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### एकदिवसीय किसानों का धरना प्रदर्शन बांदा में 7 जनवरी को होगा

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**

कमासिन बांदा 6 जनवरी भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के तत्वाधान में धान की कम पैदावार होने एवं बैंकों द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड धारकों से बकाया ऋण वसूली के कारण परेशान कृषको ने बांदा मंडल मुख्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन 7 जनवरी को किया जाएगा । जिसमें बैंकों द्वारा जारी आरसी को निरस्त करने की जोरदार मांग कृषकों द्वारा की जाएगी धरना प्रदर्शन की जानकारी किसान यूनियन टिकैत गुट के ब्लॉक अध्यक्ष मनोज कुमार ने अपने लिखित पत्र में बताया कि कमासिन इंडियन बैंक द्वारा करीब 2000 किसानो की कर्ज वसूली के लिए आरसी निकालकर उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर आमादा हो गई है जिससे किसान गहरे सदमे में है बैंकों द्वारा जो आरसी जारी की गई है उसको निरस्त करने के लिए मंगलवार को मंडल मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करके मंडलआयुक्त को ज्ञापन सौपा जाएगा इसके बाद भी यदि प्रशासन कृषकों की मांगों को तबज्जों नहीं करेगा तो बड़े पैमाने पर आंदोलन किया जाएगा।

### रिपोर्टर घनश्याम कुमार की रिपोर्ट वाराणसी उत्तर प्रदेश से



कड़ाके की सर्दी को देखते हुए 4 दिसम्बर, शनिवार को ट्रू वैली फाउंडेशन के सहयोग से पतेरवां ग्रामसभा कड़सड़ा में करीब 50 विधवा महिलाओं को गर्म कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ट्रू वैली के चेयरमैन प्रभु नारायण सिंह, विशिष्ट अतिथि करियर गुरु रविन्द्र सहाय, अनुप कुमार, चन्द्र शेखर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पतेरवां के बिजयी यादव एवं संचालन कन्हैया यादव कर करे थे। संस्थान लगातार कई वर्षों से गरीब महिलाओं, ग्रामीणों की सहायता हेतु भिन्न-भिन्न कार्यक्रम करती आ रही है। संस्थान का उद्देश्य है कि ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद एवं गरीबों की सेवा की जाए क्योंकि गरीबों की सेवा परम सेवा है इनकी सेवा के आशीर्वाद से संस्थान से जुड़े सभी लोगों को खुशी प्राप्त होती है।

### खिदमते खल्क टीम ने ठंड से ठिठुर रहे मरीजों को कम्बल बांटे



**केसरिया हिंदुस्तान सलमान अहमद**

फर्रुखाबाद शमसाबाद खिदमते खल्क टीम ने शमसाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को कंबल वितरण किए।वही सर्दी से ठिठुर रहे मरीजों को कम्बल बांटे।वहीं टीम में शेखू मंसूरी, सादिक मंसूरी, अरबाज मंसूरी, फरान मकबूल खान, अरमान मंसूरी,शबाब खान आदि लोग मौजूद रहे।

# गन्ना किसान से लूट के मामले मे पुलिस की सुई बिच्चौलिए के ऊपर

**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत**

**पीलीभीत-बरखेड़ा।** गन्ना बेचकर घर वापस जा रहे है। बीसलपुर क्षेत्र के गांव चौसरा निवासी किसान मोहित कुमार पुत्र ओमप्रकाश को बदमाशो ने अपना निशाना बनाया वही किसान नोवल शुगर मिल में अपना गन्ना बिच्चौलिए के हाथ 30 हज़ार रूपए मे बेच दिया था। और ट्रैक्टर ट्राली लेकर अपने घर जा रहे थे। जैसे ही ट्रैक्टर ट्राली लेकर किसान नवादा महेश गांव के पास पहुंचा तभी दो वाइको पर सवार होकर पाच लूटेरे आ गये और हाइवे पर ही ट्रैक्टर ट्राली को रोक लिया किसान का आरोप है।

**पुलिस की सुई गन्ना खरीद बिच्चौलिए के ऊपर :-**




नकाबपोश बदमाशो ने 30 हज़ार की नगदी सहित एक मोबाइल किसान का लूट लिया वही मौके से गुजर रहा डीएम का काफला जब किसान ने पुलिस की गाडियो की बत्ती को जलते देखा किसान ने गाडियो को हाथ दे दिया डीएम का काफिला किसान ने रूकवा लिया जब तक बदमाश लूट की घटना को अंजाम देकर फरार हो गये थे। जब किसान ने डीएम को लूट की घटना की जानकारी दी जिसके बाद थाना पुलिस भी लूट के घटना स्थल पर पहुंच गयी और बदमाशो की काफी तलाश की लेकिन बदमाशो का का कोई सुराग नही लगा जिसके बाद थाना पुलिस ने किसान की तहरीर पर अज्ञात लूटेरो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर करके मामले की जांच पड़ताल मे जुट गयी। वही थाना पुलिस सीसीटीवी के आधार पर लूटेरो की तलाश करने मे जुट गयी। वही थाना पुलिस की जांच पड़ताल मे गन्ना किसान को लूटने वाले गन्ने की खरीद फरोख्त करने वाले बिच्चौलिए फसते दिखायी दे रहे है। क्योकि पहले बिच्चौलिए ने किसान से गन्ना खरीदा उसके बाद किसान को ही अपना निशाना बना लिया फिहलाल थाना पुलिस हर पहलू पर बारीकी से जांच पड़ताल कर रही है।

जल्द ही आरोपियो को पकड़कर घटना का खुलासा किया जायेगा

**मुकेश कुमार शुक्ला
एसएचओ थाना बरखेड़ा
पीलीभीत**

# भीषण ठंड से आम-जन जीवन के हाल-बेहाल

## घने कोहरे की वजह से विजिबिलिटी हुई शून्य

**बांदा।** में मौसम का पारा डाउन होने पर भीषण ठंड का प्रकोप जारी है जहां ठिठुरन के साथ-साथ सर्द हवाओं की वजह से वातावरण में अधिक सर्दी के करण लोग बेहाल नजर आते हैं। फिलहाल ठंडक पूरे वातावरण में इतनी अधिक है कि लोग अपने घरों से निकलना भी मुनासिब नहीं समझते, बहुत महत्वपूर्ण जरूरी कार्य होने पर लोग मजबूरी बस घर से बाहर निकलते हैं। वहीं जनपद में घने कोहरे की वजह से जीरो विजुअलिटी देखने को मिली है जहा घने कोहरे की चादर ने सड़कों पर आने जाने वाले वाहनों की रफ्तार पर लगाम लगाते हुए सर्दी से कप-कपाने के लिए मजबूर किया। बाँदा जनपद मे भीषण ठंड के प्रकोप के चलते जहां आम जनजीवन को अस्त व्यस्त किया है, वहीं लोग ठंड से बचने के लिए अलाव और आग तापते हुए नजर आए हैं। फिलहाल ठंड से सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन और नगर



पालिका के द्वारा बांदा शहर में 25 स्थानों पर अलाव जलाने का काम किया जा रहा है और एक रेन बसेरे की भी व्यवस्था की गई है। जहां भीषण ठंड में वातावरण का टेंपरेचर दिन में 15-16 डिग्री रहता है वही रात्रि को यही तापमान 5 से 6 डिग्री तक पहुंच जाता है, और घने कोहरे की वजह से विजिबिलिटी भी शून्य हो जाती है जिससे आने-जाने वाले वाहनों को आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। भीषण ठंडी में जहां पूरे करीब एक सप्ताह से दिन धूप नहीं निकली वहीं जिला अस्पताल और अशोक लाट चौराहा तथा संकट मोचन मंदिर स्थित में लोग ठंड से बचने के लिए अलाव ताप्ते नजर आए है। मौसम विभाग की अगर बात माने तो अभी इस ठंड और धूप न निकलने की बात लगभग 2 से 3 दिन के लिए बताई गई।

# नगरपालिका क्षेत्र सिंघाना में जल्द ही बनेगा डॉ. भीमराव अंबेडकर सामुदायिक भवन - विधायक श्रवण कुमार

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान रवि शर्मा**

**सूरजगढ़।** विधायक श्रवण कुमार ने सिंघाना में डॉ. भीमराव अंबेडकर सामुदायिक भवन निर्माण हेतु विधायक कोटे से पाँच लाख रुपये की प्रारंभिक राशि स्वीकृत की। नगर कांग्रेस कमेटी सिंघाना अध्यक्ष डी पी सैनी ने प्राप्त किया विधायक श्रवण कुमार से अनुशंसा पत्र। नगर कांग्रेस कमेटी सिंघाना अध्यक्ष डी पी सैनी ने बताया कि नगरपालिका क्षेत्र सिंघाना में डॉ. भीमराव अंबेडकर सामुदायिक भवन निर्माण हेतु सिंघाना नगर वासियों की पुरानी मांग को पूरी करते हुए 5 लाख की प्रारंभिक राशि जनप्रिय नेता विधायक श्रवण कुमार ने अपने कोष से स्वीकृत की है। विधायक श्रवण कुमार ने कहा कि अंबेडकर एक विचारधारा है जिसको जन-जन तक पहुंचाने के लिए अलख



जगाने की जरूरत है, अंबेडकर किसी जाति विशेष के नेता न होकर समूचे राष्ट के नेता थे, जब संविधान निर्माण किया गया उस समय दलित समाज के उत्थान के लिए संविधान में प्रावधान डालकर उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाया गया, समाज में एकरूपता लाने के लिए भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ संविधान की रचना गयी। सिंघाना में डॉ. भीमराव अंबेडकर सामुदायिक भवन के लिए प्रारंभिक ?5 लाख की राशि स्वीकृत की गई है आगे भी बाबा साहेब की मूर्ति एवं भवन निर्माण के लिए ओर अधिक राशि स्वीकृत की जाएगी,जल्द ही सिंघाना के आबादी क्षेत्र में जगह आवंटित करवा कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

डॉ भीमराव अंबेडकर सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5 लाख की प्रारंभिक राशि आवंटित करने पर नगर पालिका सिंघाना क्षेत्रवासी कांग्रेस मंडल अध्यक्ष बाबुलाल कालोडिया, ब्लॉक उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल, ब्लॉक सचिव नरेंद्र शर्मा, सदस्य दीनदयाल जैदीया, पार्षद राजेश मीणा, मीणा समाज जिला उपाध्यक्ष विनोद मीणा, पार्षद अशोक सैनी, पिंटू भार्गव, महिपाल मीणा, नकुल सराफ, बाबू लाल जांगिड़, हरिमोहन मीणा, विनोद नायक, सुरेश जांगिड़, सुभाष मीणा, रवि मीणा, कैलाश वाल्मीकि, लालचंद मीणा, मनीष, राकेश, हेतराम, महेश, बजरंग, हेमन्त, सुमित, राजपाल कालोडिया आदि ने सूरजगढ़ के लोकप्रिय विधायक श्रवण कुमार का आभार व्यक्त करते हुए खुशी जाहिर की है।

# आज आदिवासी भूटिया समाज के लोगों ने माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नाम जिलाधिकारी आगरा को ज्ञापन सोपा

**दीवान सिंह सिकरवार (आगरा मंडल ब्यूरो चीफ/दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार)**

**आगरा।** आज आगरा जनपद में आदिवासी भूटिया समाज के जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य समस्याओं को लेकर किसान मजदूर नेता चौधरी पुष्पेंद्र सिंह वह राष्ट्रीय मजदूर परिषद के जिला अध्यक्ष धीरज सिकरवार के नेतृत्व में पृथ्वीनाथ रेलवे क्रॉसिंग शाहगंज आगरा से लेकर जिला मुख्यालय तक पैदल मार्च किया गया वह अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के लिए बैठ गए लेकिन जिलाधिकारी आगरा अरविंद मल्लप्पा बंगाली जी ने संज्ञान



लेते हुए नेतागणों को बुलाकर बातचीत की और 7 दिन कमेटी गठित कर आश्वासन दिया जिसमें मुख्य रूप से श्री राम गोपाल सिंह चाहर दीक्षा शर्मा मुकेश सविता सरवन, अशोक हरि सिंह सिंधी जीतू करण आदि लोग मौजूद रहे।

# हृदयाघात से हुई दरोगा की मौत पुलिस लाइन में दी अंतिम विदाई (थाना एत्माद्दौला में तैनात थे अमित यादव, शोक में डूबा पुलिस विभाग )

**दीवान सिंह सिकरवार (आगरा मंडल ब्यूरो चीफ/दैनिक केसरिया हिंदुस्तान अखबार)**

**आगरा।** थाना एत्माद्दौला की रामबाग चौकी पर तैनात दरोगा अमित यादव (35) की सोमवार सुबह हृदयाघात से मौत हो गई। रविवार को उनसे मिलने बहन और बहनोई आए थे। उन्होंने होटल में कमरा लिया था। दोपहर में पुलिस लाइन में सलामी देकर अंतिम विदाई दी गई। वह दो बहनों में इकलौते भाई थे। अमित यादव मूलरूप से बागपत के बिनौली थाना क्षेत्र स्थित गांव बुरसैनी निवासी थे। वर्तमान में परिवार गाजियाबाद के प्रताप विहार, विजय नगर में रहता है। पिता राम निवास भी दरोगा थे। 1 दिसंबर 2015 को डयूटी के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी। मृतक आश्रित कोटे में अमित भर्ती हुए थे। मार्च 2024 में थाना एत्माद्दौला में तैनाती मिली थी। रविवार को ग्रेटर नोएडा में रहने वाली उनकी बड़ी बहन रश्मि, बहनोई अमित कुमार मिलने आए थे।





अमित सरकारी आवास में रहते हैं। मगर, बहन-बहनोई के आने से होटल में कमरा लिया था। रात में ड्यूटी के बाद वह अलग कमरे में सो रहे थे। सोमवार सुबह 7 बजे होटलकर्मी को बेड पर अचेत मिले। देहली गेट स्थित अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

दोपहर में 3 बजे पोस्टमार्टम के बाद पार्थिव शरीर को पुलिस लाइन में शहीद स्थल पर सलामी दी गई। डीसीपी सिटी सूरज राय, डीसीपी पश्चिमी जोन सोनम कुमार, एसीपी हेमंत कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने श्रद्धांजलि दी। परिजन पार्थिव शरीर गांव ले गए।

**25 दिन पहले हुई थी बहन की शादी :-**

अमित एमबीए पास थे। वर्ष 2019 में दरोगा के पद पर भर्ती हुए। 10 दिसंबर को छोटी बहन दीपिका की शादी थी। इसमें वह छु?ट्टी लेकर गए थे। 16 दिसंबर को लौटे थे। बहनोई अमित कुमार ने बताया कि रात 11ः30 बजे तक साले ने उनसे बात को थी। सभी ने साथ बैठकर खाना खाया था। यो काम से चले गए। रात में आए। तब उनसे बात नहीं हो सकी। उधर, मां सरला यादव और छोटी बहन का भी रो-रोकर बुरा हाल है। उनके लिए रिश्ता भी देखा जा रहा था।

**साथी पुलिसकर्मियों ने दी श्रद्धांजलि :-**

अमित यादव की मौत की खबर से बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी जुट गए। उनके साथी दरोगा मोहित कुमार, कपिल, अभिषेक, ज्ञान कुमार, अमित, अशोक आदि पहुंच गए। कई ने उनके साथ ही प्रशिक्षण लिया था। कुछ की मुलाकात उयूटी के दौरान हुई थी। सोशल मीडिया पर भी श्रद्धांजलि दी।

# अमवा पुल के पास नहर मिला 1 हफ्ते से लापता व्यक्ति का शव



महाराजगंज जनपद के भिटौली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा अमवा भैंसी के पास स्थित बड़ी नहर में आज शव बालू में धसा दिखाई दिया, जिसको देखने के लिए ग्रामीण इकट्ठा हो गए। किसी ने इस बात की जानकारी पुलिस को दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शिनाख्त करवाने पर पता चला कि जिस व्यक्ति का शव नहर से मिला है वह व्यक्ति गिरीश राय उम्र 55 वर्ष पुत्र नरपत स्थानीय थाना क्षेत्र के सेमरा राजा का बताया जा रहा है। उसके परिजन कुछ दिन पहले भिटौली थाने में गुमशुद की का रिपोर्ट दर्ज करा चुके हैं। अब पुलिस शव को अपने नियंत्रण में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक गिरीश राय की पत्नी जयंती देवी का बीते 1 वर्ष पूर्व स्वर्गवास हो चुका हैं और मृतक गिरीश राय के दो पुत्र हैं ।